धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, शुक्रवार

14.02.2025

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net

फाल्गुन , कृष्ण पक्ष, द्वितीया, संवत् 2081

मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 214

12 बिहार में नीतीश के नेतृत्व में विस चुनाव लड़ेगी भाजपा



## न्यूज डायरी

### आज की मैट्रिक इंटर की परीक्षाएं स्थगित

**रांची।** राज्य भर में झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की ओर से ली जा रही मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शुक्रवार को स्थगित रहेंगी। राज्य सरकार ने मुस्लिम समुदाय के त्योहार शब ए बारात पर होनेवाले अवकाश के चलते इन परीक्षाओं को स्थगित किया है। अवकाश को लेकर उपर्युक्त दोनों परीक्षाओं में लिये जाने वाले पेपर की परीक्षा अगली तिथि चार मार्च को होगी। अवकाश को लेकर कार्मिक विभाग ने गुरूवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

### वक्फ की जमीन पर नजर : महुआ माजी

**रांची।** राज्यसभा में हंगामे के बीच झारखंड से झामुमो सांसद महुआ माजी ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक के जरिये सरकार की नजर वक्फ की भूमि पर है। जेपीसी पक्षपातपूर्ण रही है। आज सरकार की नजर वक्फ की जमीन पर है, कल वे दूसरे धर्मों की संपत्ति हड़प लेंगे।

### सीएम के इस्तीफे के बाद मणिपुर में राष्ट्रपति शासन

**मणिपुर।** गुरुवार को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया। मणिपुर के मुख्यमंत्री पद से एन बीरेन सिंह के इस्तीफा दिए हुए चार दिन बीत चुके ो। राज्य में राजनीतिक हालात अनिश्चित बनी हुई थी। सत्तारूढ़ भाजपा की ओर से अब तक नये नेता के बारे में फैसला नहीं किया है। ऐसे में गुरुवार को राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया है।

### संसद के बजट सत्र का पहला चरण संपन्न

**नयी दिल्ली।** बजट सत्र के प्रथम चरण के पूरा होने के बाद गुरुवार को दोनों सदनों की कार्यवाही 10 मार्च तक के लिये स्थगित कर दी गयी। अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही स्थगित करने से पहले कहा कि बजट सत्र के प्रथम चरण के दौरान अच्छे वातावरण में चर्चा की गयी। उन्होंने कहा कि वह अपेक्षा करते हैं कि इसी तरह सदस्यों के सहयोग से सदन की कार्यवाही आगे भी सुचारु रूप से चलेगी। राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गयी जिसके साथ ही संसद के बजट सत्र का पहला चरण संपन्न हो गया।

### देवघर में बम मार कर शिक्षक की हत्या, रोड जाम

देवघर। मधुपुर में गुरुवार को अपराधियों ने दिनदहाड़े बम मारकर एक शिक्षक की हत्या कर दी। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गयी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शिक्षक संजय दास अपनी स्कूटी से किसी काम में जा रहे थे। इसी क्रम में पिपरासोल के पास पहले से घात लगा कर बैठे अपराधियों ने शिक्षक पर बम फेंक दिया, जिससे उनकी मौत हो गयी।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 80200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 99000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## वक्फ बिल पर जेपीसी की रिपोर्ट पेश, संसद में हंगामा , वाकआउट

# फर्जी रिपोर्ट को हम नहीं मानेंगे : खड़गे

# जो चाहें जोड़ लें, हमें आपत्ति नहीं : शाह

## असहमति नोट हटाया गया : विपक्ष, कोई छेड़छाड़ नहीं : सरकार

एजेंसी





**नयी दिल्ली।** संसद में बजट सत्र के पहले चरण के आखिरी दिन गुरुवार को दोनों सदनों में वक्फ संशोधित बिल पर जेपीसी रिपोर्ट पेश कर दी गयी। इस दौरान विपक्ष ने असहमतियों को हटाने पर हंगामा किया, फिर सदन से वॉकआउट कर गये। राज्यसभा में भाजपा सांसद मेधा कुलकर्णी ने तो लोकसभा में जेपीसी चेयरमैन और भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने इस रिपोर्ट को पेश किया। करीब 600 पन्नों की यह रिपोर्ट सबसे पहले राज्यसभा में पेश की गई, जिसके तुरंत बाद सदन में हंगामा प्रारंभ हो गया।

नाराज विपक्षी सांसद नारेबाजी करते हुए अपने स्थान से खड़े हो गये और सभापति के आसन के नजदीक आ गये। सदन में हंगामा बढ़ने पर कार्यवाही कुछ देर के लिए स्थगित करनी पड़ी। विपक्षी सांसदों का कहना था कि संयुक्त संसदीय रिपोर्ट में से विपक्ष के असहमति वाले विचारों को बाहर कर दिया गया है। हालांकि, सरकार ने इस पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि रिपोर्ट में कोई छेड़छाड़ नहीं की गयी है। सभी सदस्यों के विचार को इसमें रखा गया है। विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि जेपीसी रिपोर्ट में से न तो कोई अंश हटाया गया है, न ही इसमें किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ की गई है। यह सभी झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने विपक्षी सदस्यों से सदन को गुमराह न करने की भी अपील की।

**हम नहीं मानेंगे : खड़गे :** राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा यह गलत है, हम लोग इसे नहीं मानेंगे। सभी असहमति वाले विचार रिपोर्ट में शामिल करके रिपोर्ट को दोबारा से पेश किया जाये। उन्होंने नेता सदन से अनुरोध करते हुए कहा कि यह रिपोर्ट असंवैधानिक है, इसे दोबारा जेपीसी को भेजा जाये। श्री खड़गे ने कहा, ऐसी फर्जी रिपोर्ट को हम नहीं मानेंगे। रिपोर्ट में कई सदस्यों की असहमति है। उन नोट्स को हटाना और हमारे विचारों को दबाना ठीक नहीं है।

**जो जोड़ना चाहें, जोड़ सकते हैं : शाह :** लोकसभा में वक्फ पर जेपीसी की रिपोर्ट पर विपक्ष के आरोप और हंगामे के बीच गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- जो जोड़ना चाहें, जोड़ सकते हैं। इसमें भाजपा को कोई आपत्ति नही है। अमित शाह ने खड़े होकर विपक्षी नेताओं से शांत रहने की अपील की। उन्होंने कहा, 'आपको जो जोड़ना हो उसमें जोड़ सकते हैं, मेरी पार्टी को कोई आपत्ति नहीं।

(शेष पेज 11 पर)

# नया आयकर बिल पेश प्रवर समिति को भेजा

### दशकों पुराना कानून जटिल, बोझिल हो गया था, अब आसान होगा

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में नया इनकम टैक्स बिल 2025 पेश कर दिया है। नये इनकम टैक्स बिल में दस बदलाव की सिफारिश की गयी है। 7 फरवरी 2025 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस बिल को मंजूरी दी थी। 7 फरवरी 2025 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस बिल को मंजूरी दी थी। यहनया विधेयक लगभग 60 साल पुराने इनकम टैक्स एक्ट की जगह लेगा और टैक्स सिस्टम को सरल, पारदर्शी और अधिक प्रभावी बनायेगा। पुराने कानून से जटिल टैक्स नियमों को समझने में कठिनाई होती थी। टैक्स रिटर्न भरने और अनुपालन में बढ़ी हुई प्रशासनिक परेशानियां होती थीं। टैक्स विवादों का निपटारा बहुत धीमा और पेचीदा था। नये बिल से इसका समाधान होगा। गुरुवार को स्पीकर ओम बिरला की अनुमति के बाद वित्त मंत्री ने सदन के समक्ष प्रस्ताव रखा। सदस्यों ने ध्वनिमत से मंजूरी दी।

### नये बिल में प्रस्तावित सुधार

**टैक्स ईयर का इस्तेमाल :** नये बिल में असेसमेंट ईयर की जगह टैक्स ईयर शब्द का इस्तेमाल किया जायेगा, जो 1 अप्रैल से 31 मार्च तक की 12 महीने की अवधि होगी। अगर कोई नया बिजनेस या काम शुरू किया जाता है, तो उसका टैक्स ईयर उस दिन से शुरू होगा और उसी वित्तीय वर्ष के अंत में खत्म होगा।

**सुधारी गयी कानूनी भाषा:** नये बिल में कानूनी शब्दों को आसान और छोटा किया गया है, जिससे इसे समझना आसान होगा।

**कानूनी दस्तावेजों को कम किया गया है:** पुराने 823 पन्नों के मुकाबले नया इनकम टैक्स बिल 622 पन्नों में तैयार किया गया है।

**चैप्टर्स और सेक्शन्स बढ़ाये गये:** बिल में चैप्टर्स की संख्या 23 है, लेकिन सेक्शन्स 298 से बढ़कर 536 हो गये हैं।

**शेड्यूल्स भी बढ़ाये गये :** शेड्यूल्स की संख्या 14 से बढ़कर 16 हो गयी है।

**जटिल प्रावधानों का हटना:** पुराने कानून में मौजूद जटिल स्पष्टीकरण और प्रावधान हटा दिये गये हैं, जिससे इसे समझना आसान हो गया है।

**वर्चुअल डिजिटल एसेट्स पर कड़े नियम:** क्रिप्टोकरेंसी जैसे वर्चुअल डिजिटल एसेट्स को अब अनडिस्क्लोज्ड इनकम के तहत माना जायेगा।

**टैक्स चोरी रोकने के उपाय:** डिजिटल ट्रांजैक्शन और क्रिप्टो एसेट्स पर कड़े प्रावधान, पारदर्शिता बढ़ाने और टैक्स चोरी को रोकने के लिए लागू किये गये हैं।

**टैक्सपेयर्स चार्टर:** नये बिल में टैक्सपेयर्स चार्टर भी शामिल किया गया है, जो करदाताओं के अधिकारों की रक्षा करेगा और टैक्स प्रशासन को पारदर्शी बनायेगा।

(शेष पेज 11 पर)

### पुराने कानून में कई दिक्कतें थीं

मौजूदा आयकर अधिनियम 1961 में लागू किया गया था। इतने वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था में कई बड़े बदलाव हुए, लेकिन टैक्स सिस्टम अभी भी पुरानी संरचना पर आधारित था। इससे करदाताओं को कई तरह की समस्या हो रही थी। जटिल टैक्स नियमों को समझने में कठिनाई होती थी। टैक्स रिटर्न भरने और अनुपालन में बढ़ी हुई प्रशासनिक परेशानियां होती थीं।

# अमेरिका में मोदी-मोदी की गूंज



**वाशिंगटन(एजेंसी)।** पीएम मोदी अपनी विदेश यात्रा के दूसरे चरण में गुरुवार अमेरिका पहुंच गये। राष्ट्रपति के आवास में पीएम मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से कई मुद्दों पर चर्चा करेंगे। वॉशिंगटन डीसी के हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद पीएम मोदी का औपचारिक स्वागत किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग शामिल रहे। बर्फबारी और भीषण ठंड के बीच पीएम मोदी के स्वागत में बड़ी संख्या में लोग खड़े नजर आये। लोग उनके सम्मान में भारत माता की जय, मोदी है तो मुमकिन है, वंदे मातरम नारे लगाए। पीएम मोदी ने हाथ मिलाकर सभी का अभिवादन किया। एयरपोर्ट पीएम मोदी मोदी राष्ट्रपति के ब्लेयर हाउस पहुंचे। पीएम मोदी जैसे ही वहां पहुंचे मोदी-मोदी के नारों से उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। पीएम मोदी ने हाथ मिलाकर सभी का अभिवादन किया। गौरतलब हो, पीएम मोदी की यात्रा भारत-अमेरिका के बीच आपसी साझेदारी के महत्व को रेखांकित करती है। पीएम मोदी अमेरिका में व्यापार जगत की हस्तियों से मुलाकात करेंगे, साथ ही भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी बातचीत करेंगे। ऐसे में अमेरिका में रह रहे भारतीय समुदाय में नरेंद्र मोदी को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

**एलन मास्क से वार्ता :** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने ब्लेयर हाउस में पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस महत्वपूर्ण मुलाकात में दोनों देशों के बीच व्यापार, टेक्नोलॉजी और ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा होने की उम्मीद है। एलन मस्क अपने बच्चों के साथ पहुंचे हैं। इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइकल वॉल्ट्ज ने मोदी के साथ बीच द्विपक्षीय बैठक की। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और भारत के एनएसए अजीत डोभाल भी बैठक में शामिल थे। इस बैठक के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर तस्वीरें शेयर करते हुए

### शहीद की अंतिम विदाई में उमड़े लोग, पिता ने दी मुखाग्नि

**हजारीबाग।** जम्मू कश्मीर में शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी को हजारीबाग में अंतिम विदाई दी गयी। अपने सपूत को अंतिम विदाई देने सौकड़ों लो उमड़ पड़े। पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम विदाई पर पूरा शहर गमगीन दिखा। हर चौक चौराहा पर लोगों ने फूलों का वर्षा कर रहे थे। हर ओर एक ही नारा था जब तक सूरज चांद रहेगा करमजीत सिंह बक्शी तेरा नाम रहेगा। मुक्तिधाम में शहीद को सेना के जवानों और स्थानीय पुलिस कर्मियों ने सलामी दी। उनके पिता ने शहीद पुत्र के श्व को मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में जिला प्रशासन की ओर से हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय, एसपी अरविंद सिंह, सदर विधायक समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

# आज आयेंगी राष्ट्रपति मुर्मू, कल बीआइटी के समारोह में भाग लेंगी

### राज भवन में करेंगी विश्राम

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** बीआइटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में शामिल होने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार की शाम रांची पहुंचेंगी। वह एयरपोर्ट से सीधा राजभवन आयेंगी और रात्रि विश्राम राजभवन में ही करेंगी। दूसरे दिन सुबह 11 बजे बीआईटी के कार्यक्रम में हिस्सा लेने जीपी बिड़ला ऑडिटोरियम पहुंचेंगी। संस्थान की ओर से अकादमिक उत्कृष्टता, अनुसंधान एवं तकनीकी इनोवेशन के 70 वर्षों का जश्न मनाया जा रहा है। इस ऐतिहासिक आयोजन में गणमान्य दिग्गज, नीति निर्माता, अकादमिक दिग्गज तथा संस्थान के एल्युमनाई भी शामिल होंगे, जो आज दुनिया भर में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान बीआइटी मेसरा के भावी दृष्टिकोण पर रोशनी डालते हुए कई घोषणाएं की जायेंगी।

**प्लेटिनम जुबली समारोह कल :** 1955 में उद्योगपति बीएम बिरला द्वारा स्थापित बीआइटी मेसरा तकनीकी शिक्षा में अग्रणी रहा है। संस्थान 15 फरवरी को अपना प्लेटिनम जुबली समारोह मना रहा है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू इस समारोह की मुख्य अतिथि होंगी। बीआइटी मेसरा इस वर्ष इनोवेशन के 70 वर्षों का जश्न मना रहा है। इस जश्न में राष्ट्रपति के साथ-साथ राज्पाल संतोष कुमार गंगवार और बीआइटी मेसरा के चेयरमैन सीके बिड़ला शामिल रहेंगे। (शेष पेज 11 पर)

# घर में लगी आग, पति-पत्नी जिंदा जल मरे

खबर मन्त्र संवाददाता







**सोनाहातू।** रांची जिले के सोनाहातू थाना क्षेत्र में एक घर में लगी भीषण आग में पति और पत्नी की जिंदा जलने से मौत हो गयी। जानकारी मिलने पर सोनाहातू पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी। डिबाडीह गांव में के रंजीत साहू (46) बाइक मिस्त्री का काम करता था। आग में रंजीत साहू और उनकी पत्नी मीना देवी (42) भी जिंदा जल गयीं। घटना बुधवार की देर रात की है। सोनाहातू थाना प्रभारी चंदन कुमार ने म्ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

**घर में डीजल- पेट्रोल रखा था :** जानकारी के अनुसार हादसे के समय घर में केवल पति-पत्नी ही मौजूद थे। रात में जब शॉर्ट सर्किट की वजह से घर में आग लगी तो वहां रखे पेट्रोल और डीजल की वजह से आग ने भयावह रूप ले लिया। इस बीच रंजीत और उसकी पत्नी को भागने का मौका नहीं मिला और दोनों की जलकर मौत हो गयी। बाइक मिस्त्री रंजीत साहू खुदरा में लाकर पेट्रोल और डीजल भी बेचता था। गांव वालों ने बताया कि मृत रंजीत साहू का बेटा पंक्चर दुकान चलाता है वो रात के समय उसी दुकान में था, इसलिए उसकी जान बच गयी।

आग लगने से पांच लाख से अधिक की नुकसान हुआ है। जेवरात, कागजात, घरेलू समान, कपड़े, अनाज आदि सब जल कर राख हुए है। पिता के व्यापार का देख कर ही छोटा बेटा पंचर बनाने का व्यवसाय करता है। मां बाप के मौत के बाद दोनों बेटों का रो कर बुला हाल है। इधर घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। घटना के सूचना के बाद विधायक अमित महतो रात में ही गांव जाकर घटना की जानकारी लिया। मुखिया प्रतिनिधि फणीभूषण सिंह मुंडा ने भी मृतक के बेटा से मिलकर दुख व्यक्त किया।

# एनपीयू भवन निर्माण मामले की जांच कमेटी करेगी

## वित्त मंत्री ने निर्माण में धांधली की जानकारी कुलाधिपति को दी

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने गुरुवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से भेंट कर उन्हें नीलांबर-पीतांबर विश्विद्यालय (एनपीयू) के भवन निर्माण में हुई अनियमितताओं की जानकारी दी और ज्ञापन भी सौंपा। इस पर कुलाधिपति ने इस मामले पर संज्ञान लेते हुए तीन सदस्यीय कमेटी से जांच कराने की बात कही। समिति पूरे भवन का निरीक्षण कर राज्यपाल को रिपोर्ट सौंपेगी।

**पेयजल की भी व्यवस्था नहीं :** निरीक्षण के क्रम में कुलसचिव शैलेश कुमार मिश्रा भी मौजूद थे। उन्होंने मुझे बताया कि निर्मित भवनों में पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है। कुलसचिव ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा प्रशासनिक और एकेडमिक भवन को हस्तगत कर लिया गया है। एकेडमिक भवन में पेयजल की सुविधा नहीं होने के कारण सभी कक्षाओं का अध्ययन कार्य नहीं हो रहा है। (शेष पेज 11 पर)

### 125 करोड़ की लागत से भवन निर्माण

वित्त मंत्री द्वारा राज्यपाल को सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि लगभग 125 करोड़ रुपये की लागत से एनपीयू का भवन निर्माण किया गया है। इसके निर्माण में बरती गयी अनियमितताओं की शिकायत कई छात्र संगठन ने की थी। उनकी शिकायत पर श्री किशोर विश्वविद्यालय के निर्मित भवन को देखने गये थे। उन्होंने कहा, मैंने पाया कि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक तथा एकेडमिक भवन में लगाये गये खिड़की-दरवाजे की गुणवत्ता संभवतः तय मानकों के अनुरूप नहीं है। एकेडमिक भवन की खिड़कियों में ग्रिल भी नहीं है। परिणाम स्वरूप सुरक्षा खतरों से इनकार नहीं किया जा सकता है।

# ऑनर किलिंग मामले में पिता-पुत्र गिरफ्तार

**कोडरमा।** ऑनर किलिंग का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मरकच्चो स्थित भगवती डीह में पंचखेरो नदी से बालू में दबा एक सिरकटी लाश बरामद हुई थी, जब पुलिस ने मामले की तफ्तीश शुरू की तो पता चला कि ऑनर किलिंग में इस वारदात को अंजाम दिया गया था। बताया जाता हैं कि मदन पांडेय ने अपने बेटे नितेश पांडेय और ज्योतिष पांडेय के साथ मिलकर अपनी बेटी निभा पांडेय की कुल्हाड़ी से काट कर हत्या कर दी थी। निभा पांडेय का गांव के ही एक लड़के से प्रेम प्रसंग था और इसी बात को लेकर उसके परिजन काफी खफा था। जानकारी के अनुसार 2 फरवरी को निभा की हत्या कर लाश को पिता और भाई ने घर के ही टंकी में छुपा दिया था। शव से बदबू आने लगी तो तीन दिन बाद शव को बोरे में भरकर साइकिल से पंचखेरे नदी के पास ले जाया गया और बालू में गाड़ दिया गया। जब जानवरों ने शव को नोंचना शुरू किया तो पुलिस को जानकारी मिली और मामले का खुलासा हो गया। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल कुल्हाड़ी और साइकिल को बरामद कर लिया है। लड़की के पिता मदन पांडेय और उसके दोनों भाई नीतीश पांडेय और ज्योतिष पांडेय को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# शहरों का जीवन स्तर विकसित करने के सभी बुनियादी सुविधाएं बढ़ायें : सुनील

## व्यवस्थित नगरीय विकास के लिए पीएमएवाई के तहत कालोनी विकसित किया जाये

- सालिड वेस्ट मैनेजमेंट और सिवरेज के लिए लंबित निविदा का निष्पादन शीघ्र करायें
- पाइप बिछाने से पहले डब्ल्यूटीपी और इंटेकवेल पहले बनाये जाये
- क्षेत्र आधारित विकास कार्यों के लिए स्थल का चयन कर विभाग को सूची भेजा जाये
- हर हाल में मार्च तक योजना मद की राशि जरूर खर्च किया जाये



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** शहरों का सुंदरीकरण एवं गरिमा बढाने की जवाबदेही नगर निकायों की है। इसके लिए शहरों मे रह रहे लोगों का जीवन स्तर गुणवत्ता पूर्ण बनाने के लिए बुनियादी सुविधाएं बढायीं जायें। नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने नगर निकायों के योजनाओं की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिया। गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन के सभागार मे समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ( शहरी ) की प्रगति की समीक्षा की। उनहोंने कहा कि शहरों की गरिमा बढाने एवं सुव्यवस्थित नगरीकरण लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बनाकर उपलब्ध कराया जाये। यही नहीं शहरों के जीवन स्तर को विकसित करने के लिए नागरिकों को हर बुनियादी सुविधाएं मुहैया करायीं जायें। प्रधान सचिव ने इस योजना में 70 प्रतिशत से कम काम कराने वाली नगर निकायों पर नाराजगी जाहिर करते हुये कहा कि मार्च के अंत तक काम के प्रतिशत को बढाया जाये। साथ ही सभी योजनाओं के लिए आवंटित राशि मार्च तक खर्च की दी जाये। किसी भी हाल में राशि लैप्स नहीं होनी चाहिए अन्यथा कार्रवाई की जायेगी।

**निविदा निष्पादन के काम को लटकाया नहीं जाये :** श्री कुमार ने कहा कि राज्य और शहरों का सम्मान वहां उपलब्ध आधारभूत संरचना और बुनियादी सुविधाओं से ही होता है। इसलिए क्षेत्र आधारित विकास के लिए भूमि और स्थान का चयन कर योजनाएं बनायीं जाये।

इसमे संबंधित उपायुक्तों से समन्वय बना कर काम किया जाये। प्रधानमंत्री मंत्री आवास योजना के तहत बिजली और पानी जरूर उपलब्ध कराने का प्रावधान होना चाहिए। प्रधान सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिया कि निविदा निष्पादन के काम को लटकाया नहीं जाये। जो कंसेसनायर, कंसल्टेंट और एजेंसी काम मे हीलाहवाली करते हों, उन्हें नोटिस देकर टर्मिनेट करने की कार्रवाई की जाये। श्री कुमार ने कहा कि छोटी परियोजनाओं के लिए कंसलटेंट और एजेंसियों का पैनल बना कर कार्य कराया जिससे कोई कार्य लटके नहीं।

### नये बनने वाले शेल्टर होम को आकर्षक ढंग से रखा जाये

उन्होंने सिवरेज, सेप्टेज और जलापूर्ति की योजनाओं की समीक्षा करते हुये कहा कि सिवरेज सिस्टम उत्कृष्ट नगरीय व्यवस्था का प्रमुख पहलू है। इसलिए जमीन और अन्य तकनीकी अनुपलब्धता का बहाना नहीं बनाया जाये। 15 दिनों के भीतर सिवरेज और सेप्टेज से संबंधित योजनाओं का डीपीआर बना कर कार्य आवंटित किया जाये। प्रधान सचिव ने जलापूर्ति योजनाओं के तहत पाइप बिछाने से पहले जलशोधन संयंत्र और इंटेक वेल बनवा लिया जाये। उन्होंने कहा कि शहरों में स्थित या नये बनने वाले शेल्टर होम को आकर्षक ढंग से रखा जाये जिससे लोग वहां ठहरने मे झिझके नहीं। बिजली पानी और फर्नीचर सुदृढ़ होना चाहिए। प्रधान सचिव ने कहा कि स्वरोजगार के लिए लाभुकों को उचित प्रशिक्षण की व्यवस्था करायी जाये ताकि बड़े पैमाने पर जरूरतमंद अपना व्यवसाय बढ़ा सकें। इसके लिए सिटी मिशन मैनेजरों को जवाबदेही दी जाये। बैठक में सुडा डायरेक्टर अमित कुमार, रांची नगर निगम क प्रशासक संदीप कुमार, डीएमए डायरेक्टर सत्येंद्र कुमार, अपर सचिव ज्ञानेंद्र कुमार, अपर सचिव ज्योत्सना सिंह, संयुक्त सचिव दीपक कुमार दूबे, ओएसडी विजय कुमार, जुडको के पीडीटी गोपाल जी, पीडीएफ अमित चक्रवर्ती समेत अन्य उपस्थित थे।

## झारखंड के आठ आईएएस वेटिंग फोर पोस्टिंग

**रांची।** मनरेगा घोटाला मामले में जेल से बेल पर बाहर निकलीं पूजा सिंघल समेत 8 आइएएस अफसर अब वेटिंग फॉर पोस्टिंग में हैं। इसमें सचिव रैंक की अफसर पूजा सिंघल को जमानत मिलने की तिथि सात दिसंबर से निलंबन मुक्त किया गया है। चीफ सेक्रेट्री की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने उन्हें निलंबन मुक्त करने की अनुशंसा की थी। इसके बाद उन्हें कार्मिक में योगदान देने को कहा गया था। लेकिन अब तक उन्हें किसी भी विभाग की जिम्मेवारी नहीं सौंपी गयी है। हालांकि ईडी ने कोर्ट ने आवेदन देकर उन्हें विभाग की जिम्मेदारी नहीं देने की अपील की है। वहीं विशेष सचिव रैंक की अफसर राजेश्वरी बी भी लगभग एक महीने से पदस्थापन की प्रतिक्षा में है।

### प्रमोटी आइएएस का भी पदस्थापन नहीं

गैर प्रशासनिक सेवा से आइएएस संवर्ग में प्रोन्नत हुए छह अफसरों का भी अब तक पदस्थापन नहीं हुआ है। इन अफसरों के आइएएस संवर्ग में प्रमोशन का आदेश तीन फरवरी को केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय ने जारी किया था। 10 दिन के बाद भी इस अफसरों का पदस्थापन नहीं किया गया है। इनमें कंचन सिंह, धनंजय कुमार सिंह, सीता पुष्पा, विजय कुमार सिन्हा, प्रीति रानी और राजेश प्रसाद शामिल हैं। इनका पदस्थापन अब तक नहीं हो पाया है।

# नाबार्ड के सहयोग से चल रहीं योजनाओं को गति दे : सीएस

## रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बैठी हाई पावर कमिटी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सहयोग से चल रहीं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान योजना क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं केससमय पूरा होने से ही नाबार्ड के ऋण का फायदा मिलेगा। उन्होंने बहुत धीमी गति वाली योजनाओं के कार्य में प्रगति लाने और जो समय पर पूरी हो सकती हैं, उन योजनाओं पर फोकस करने पर बल दिया। मुख्य सचिव गुरुवार को रूरल इंफ्रास्ट्र^र डेवलपमेंट फंड और अन्य से जुड़ी योजनाओं की हाई पावर कमिटी की बैठक में समीक्षा कर रही थीं।

इस दौरान योजनाओं के विरुद्ध स्वीकृत ऋण निकासी के बाद बचे पैसे (गैप) पर भी गहन मंथन किया गया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 की संभावित योजनाओं पर चर्चा की गयी।



**पेयजल की योजनाओं को 976.96 करोड़ का ऋण स्वीकृत :** समीक्षा के दौरान बताया गया कि विभिन्न विभागों की वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 2921.79 करोड़ की 500 योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 1839.39 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत हैं या प्रक्रियाधीन हैं।

उसमें से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पेयजल से जुड़ी 1137.53 करोड़ की 18 योजनाओं के लिए 976.96 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत हो चुका है।

जल संसाधन विभाग के 365.30 करोड़ के पलामू लिफ्ट इरिगेशन प्रोजेक्ट के लिए 308 करोड़ और 511.36 करोड़ के पीरटांड़ मेगालिफ्ट इरिगेशन प्रोजेक्ट के लिए 461.53 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत है।

**गोदाम और मार्केटिंग सेंटर बनाने की कवायद :** बताया गया कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की 369 गोदाम और मार्केटिंग सेंटर बनाने के लिए 103.66 करोड़ की योजना के विरुद्ध 92.85 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है।

वहीं ग्रामीण कार्य विभाग की ग्रामीण पुल निर्माण की 803.94 करोड़ की योजना है। इसमें से 124 पुल निर्माण के लिए 271.35 करोड़ का ऋण प्रक्रियाधीन है।


### ग्रामीण विकास के कार्यों से संतुष्ट दिखीं

समीक्षा के दौरान स्पष्ट हुआ कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में सड़क निर्माण विभाग की 1,088.36 करोड़ की 34 में से 22 योजनाएं पूरी हो चुकी हैं और 12 लगभग पूरी होने की स्थिति में हैं। वहीं जल संसाधन विभाग की 2,873 करोड़ की सिंचाई योजनाओं में से 4 बड़े प्रोजेक्ट पूरा होने की स्थिति में हैं।

ग्रामीण विकास विभाग की 380 करोड़ की योजनाओं की प्रगति से सीएम संतुष्ट दिखीं। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संपन्न हाई पावर कमिटी की बैठक में स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार, पथ निर्माण के प्रधान सचिव सुनील कुमार, कृषि सचिव अबू वक्कर सिद्धीकी, ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन एवं नाबार्ड के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### रिम्स के आरटी गुड़िया वार्ड में भरती मरीज की मौत परिजनों का डॉक्टर-नर्स पर लापरवाही का आरोप



**रांची।** रिम्स में ईलाजरत कोडरमा निवासी हेमंत कुमार वर्मा (85) वर्ष की गुरुवार की शाम ईलाज के दौरान मौत हो गयी। उनके निधन से उनके परिजन मर्माहत हैं और रिम्स के डॉक्टरों और नर्स पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि अगर समय से उन्हें ईलाज किया गया होता तो आज वह जिंदा होते थे। ईलाज के दौरान वह काफी ठीक हो रहे थे। वह बोलन और समझने बी लगे ते। परंतु गुरुवार की शाम अचानकर उन्हें सांस लेने में तकलीफ हुई। इसकी शिकायत डॉक्टर और नर्स से की गयी। परंतु उनलगों ने परिजनों की एक न सुनी और ईलाज मं देरी कर दी। नतीजा उनका निधन हो गया। बताते चलें कि वह रिम्स के आरटी गुड़िया के वार्ड बीते 7 फरवरी से भरती थे। उन्हें सांस लेने में तकलीफ हो रही थी और किडनी की भी परेशानी थी।

### आर्मी लैंड स्कैम मामले में इम्तियाज को बेल देने से सिविल कोर्ट का इनकार

**रांची।** सेना के कब्जे वाली जमीन से जुड़े फजीर्वाड़े में बीते साल 20 अगस्त से जेल में बंद इम्तियाज अहमद की मुश्किलें बढ़ गयी है। रांची सिविल कोर्ट ने उसे जमानत देने से इनकार कर दिया है। इम्तियाज पर अन्य आरोपियों के साथ मिलकर जाली आधार कार्ड और बिजली बिल बनाकर सेना की जमीन बेचने का आरोप है। बताते चलें कि इस मामले को लेकर बरियातू थाना में 4 जून 2022 को मुख्य आरोपी प्रदीप बागची के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। जांच के क्रम में इम्तियाज अहमद का नाम सामने आया। प्राथमिकी के मुताबिक, इम्तियाज अहमद ने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस और कोलकाता के कर्मचारियों के सहयोग से फर्जी विलेख बनाने में शामिल था। जांच अधिकारी द्वारा पूछताछ के दौरान सह-आरोपी अफसर अली ने होल्डिंग नंबर हासिल करने के लिए 90,000 रुपये के लेनदेन की बात स्वीकार की।

### झारखंड़ में रांची सहित सात जिलों में आयुष अस्पताल की मंजूरी दी

**रांची।** झारखंड़ भाजपा के निवर्तमान अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने केंद्रीय आयुष मंत्री से झारखंड राज्य में आयुर्वेदिक अस्पताल खोलने से सम्बंधित जानकारी मांगी थी। श्री प्रकाश के सवालों के जबाब में केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने बताया कि जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, झारखंड में आयुर्वेदिक अस्पताल खोलना संबंधित राज्य सरकार के कार्यक्षेत्र में आता है। हालांकि, राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना के तहत 50/30/10 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता का प्रावधान है। राज्य सरकार एनएएम दिशानिदेर्शों के प्रावधानों के अनुसार राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से उपयुक्त प्रस्ताव प्रस्तुत करके वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकती है। एनएएम के तहत, एसएएपी के माध्यम से झारखंड राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, आयुष मंत्रालय ने रांची, गुमला, बोकारो, देवघर, पलामू, दुमका, पूर्वी सिंहभूम में एकीकृत आयुष अस्पतालों की सात इकाइयों को मंजूरी दी है।

### चेयमैन के नहीं रहने से पंगु हो गया है जेपीएससी : बाबूलाल

रांची। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट पर जेपीएसएसी को लेकर सवाल भी खड़े किये हैं। उन्होंने कहा है कि पिछले 6 महीनों से बिना अध्यक्ष के जेपीएससी पंगु बन चुका है। लाखों मेधावी छात्र, जिन्होंने अपना सब कुछ दांव पर लगाकर परीक्षा दी, आज उनके भविष्य पर ग्रहण लग गया है। न कोई परिणाम, न अगली प्रक्रिया, बस असमंजस, इंतजार और अनि्तिता! **अध्यक्ष नियुक्त कर युवाओं की समस्या का करें निदान :** बाबूलाल ने एक्स पर आगे लिखा कि राज्य सरकार की बेरुखी ने लाखों युवाओं की मेहनत पर पानी फेर दिया है। युवाओं के भविष्य की बारी आई, तो पूरा सिस्टम मौन है। उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन से आग्रह किया कि बेरोजगार युवाओं के प्रति संवेदनशीलता का परिचय देते हुए यथाशीघ्र जेपीएससी अध्यक्ष नियुक्त कर युवाओं की समस्या का निदान करें।


### दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

**ई-निविदा सूचना संख्या: ईएल-जी-आरएनसी-05-25, दिनांक: 12.02.2025।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची निविदा सूचना संख्या: ईएल-जी-आरएनसी-05-25, दिनांक: 12.02.2025 के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं जिसे **दिनांक 07.03.2025 को दोपहर 2.00 बजे या उसके बाद** खोला जाना निर्धारित है। **संक्षिप्त विवरण/कार्य का नाम:** रांची स्टेशन पर अतिरिक्त प्लेटफॉर्म संख्या 1बी के निर्माण हेतु विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 13,32,605.98। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** ₹ 26,700। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 07.03.2025 को दोपहर 2.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** https://www.ireps.gov.in।

**ई-निविदा सूचना संख्या: ईएल-जी-आरएनसी-08-25, दिनांक: 11.02.2025।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची निविदा सूचना संख्या: ईएल-जी-आरएनसी-08-25, दिनांक: 11.02.2025 के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं जिसे **दिनांक 05.03.2025 को सुबह 11.00 बजे या उसके बाद** खोला जाना निर्धारित है। **संक्षिप्त विवरण/कार्य का नाम:** रांची मंडल में एलएचएस/एनएचएस का निर्माण करके प्रहरीयुक्त समपार संख्या सीएम-51, सीएम-45, सीएम-24 के उन्मूलन के लिए विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 20,67,869.76। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** ₹ 41,400। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 05.03.2025 को सुबह 11.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** https://www.ireps.gov.in। निविदा का विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदादाता/ बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/ बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय निविदादाता को निविदा दस्तावेज के साथ सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। (PR-1135)

### Name Change

I NIKITA RICHARDS daughter of No. IC 26106K EX colonel Name-VINOY RICHARDS resident of vill. Nayatoli Lane Po-Lower Bazar PS- Lower Bazar, Dist-Ranchi (Jharkhand) have changed my name from NIKITA ZAREEN RICHARDS to NIKITA RICHARDS & Date of Birth is 26-11-1976 vide affidafit No-1003 dtd 12.02.2025 before the Court of Ranchi.

### Name Change

I ASHA POONAM RICHARDS wife of No. IC 26106K Ex colonel Name-VINOY RICHARDS Resident of vill. Nayatoli Lane po-Lower Bazar ps. Lower Bazar Dist. Ranchi Jharkhand have changed my name from ASHA PUNAM RICHARDS to ASHA POONAM RICHARDS & Date of Birth is 28-03-1954 vide affidafit No-912 dtd 11.02-2025 before the court of Ranchi.


# जमीन खरीद बिक्री से संबंधित लेन-देन की जानकारी आयकर विभाग से साझा करना जरूरी

### आयकर विभाग के अधिकारियों का निबंधन कार्यालय हिनू में आउटरीच प्रोग्राम



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जमीन की खरीद बिक्री से संबंधित लेन-देन की जानकारी अब, आयकर विभाग को देना जरूरी हो गया है। इसे लेकर गुरुवार को हिनू निबंधन कार्यालय कैंपस में आयकर विभाग के आसूचना एवं आपराधिक अन्वेषण इकाई रांची की ओर से आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस दौरान अति महत्वपूर्ण त्रुटि रहित एसएफटी फाइलिंग से सम्बंधित जानकारी साझा की गई। आयकर विभाग के डिप्टी डायरेक्टर शशि भूषण शर्मा ने बताया कि 30,00, 000 एवं 50,00,000 से ऊपर के दस्तावेजों की जानकारी आयकर विभाग को ससमय अवस्य रूप से निबंधन पदाधिकारी भेजें। यह एक अति महत्वपूर्ण कार्य है। इस दौरान उन्होंने इससे राष्ट्र को होने वाले कई फायदों की जानकारी दी। मौके पर निबंधन पदाधिकारी ग्रामीण संतोष कुमार रजक और अर्बन-2 के बाल्मिकी प्रसाद साहू ने भी आयकर विभाग के अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण तथ्य एवं घटनाओं की जानकारी दी। साथ ही आयकर से संबंधित तथा दस्तावेज लेखन में विभाग को किस प्रकार से सहायता पहुंचाया जा सकता है इसकी जानकारी विस्तार पूर्वक दी। इस अवसर पर कई दस्तावेज नवीस के पदाधिकारी एवं अधिवक्ता भी मौजूद थे। वहीं, आयकर निरीक्षक पंकज कुमार ने एसएफटी रिटर्न दाखिल करने से संबंधित जानकारी दी। धन्यवाद ज्ञापन आयकर अधिकारी अजित ने किया। इस अवसर पर आयकर विभाग की तरफ से अस्विद प्रसाद एवं रवि कुमार और निबंधन कार्यालय के तरफ से विश्वजीत उरांव, अमित कुमार, मनीष कुमार एवं दीपक पांडे आदि उपस्थित थे।

# वित्त मंत्री राधाकृष्ण से मिला झारखंड जनाधिकार महासभा का प्रतिनिधिमंडल



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड जनाधिकार महासभा के एक प्रतिनिधिमंडल ने वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से मुलाकात की और आगामी बजट सत्र से पहले राज्य के गरीब और हाशिये पर मौजूद समुदायों से जुड़े अहम मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया। महासभा ने विभिन्न मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया। इनमें सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मध्या? भोजन रसोइयों के वेतन में सुधार, मातृत्व लाभ योजना के विस्तार, राज्य की न्यूनतम मजदूरी दर में वृद्धि और शिक्षकों की नियुक्ति शामिल हैं।

मौके पर वित्त मंत्री ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए आश्वासन दिया कि सरकार सामाजिक सुरक्षा पेंशन व मध्या? भोजन रसोइयों के मानदेय में वृद्धि के लिए विचार करेगी। उन्होंने झारखंड में मातृत्व लाभ योजना के विस्तार के लिए एक स्पष्ट रोडमैप तैयार करने का भी वादा किया।


### e-Procurement Cell, OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT,BUILDING DIVISION, SIMDEGA.

Email Id :- eengbcdsimdega@gmail.com

**VERY SHORT TERM E- QUOTATION INVITATION NOTICE**

**Quotation Reference No : BCD/BD, SIMDEGA – 06/2023-24**

Sealed Quotations are invited for the work **(1) Proposed Construction of District Bar Council Building in the District Simdega** for all Materials from Reputed Shop Keepers/Manufacturers/ Suppliers/ Retailers/Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table, If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition**

1. The quotationer shall furnish Pan, GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

नोट :–

(1) वेबसाईट में ई–कोटेशन प्रकाशन की तिथि : 20.02.2025 के अपराह्न 3:30 बजे।
(2) वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 21.02.2025 के अपराह्न 1:00 बजे तक।
(3) ई–कोटेशन अपलोडेड का हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि : 25.02.2025 के अपराह्न 3:00 बजे तक।
(4) ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय : 27.02.2025 अपराह्न 3:30 बजे।
(5) ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।
(6) ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 : 8674835234
(7) कोटेशनदाता को यू–केन रजिस्ट्रिेशन की फोटोकॉपी अपलोड करना अनिवार्य है।

नोट : जो कोटेशनदाता कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा के कार्यालय में हार्ड कॉपी जमा करेंगे उन्ही का रेट खोला जायेगा।

अन्य किसी जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमंडल,सिमडेगा

PR 346404 Simdega(24-25).D


# जेपीएससी का पिंड दान कर अभ्यर्थियों ने किया विरोध

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। जेपीएससी छात्र सत्यनारायण शुक्ला ने गुरुवार को झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के मुख्य गेट के सामने पिंड दान किया और ब्राशण भोज कार्यक्रम आयोजित कर विरोध जताया। इस दौरान छात्रों ने कहा कि जेपीएससी अध्यक्ष पद पिछले सात महीनों से रिक्त है।

इस कारण जेपीएससी परीक्षा के 11वीं और 13वीं मुख्य परीक्षा के परिणाम, फुट शेफटी ऑफिसर परीक्षा का परिणाम, सीडीपीओ मेंस परीक्षा का परिणाम, असिस्टेंट कंजरवेटर ऑफिसर और फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर परीक्षा का परिणाम अब तक प्रकाशित नहीं हो पाया है। हजारों छात्रों का भविष्य अंधकार में है : छात्रों ने कहा कि हजारों छात्रों का भविष्य अंधकार में है और उनका समय नष्ट हो रहा है। माता-पिता अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित हैं और कोचिंग फीस का बोझ बढ़ता जा रहा है। राज्य सरकार आदिवासी-मूलवासी का बेटा होने की बात कर रही है, लेकिन झारखंड के निवासियों को नौकरी नहीं मिल रही है। जेपीएससी छात्र शशांक राज ने कहा कि राज्य की सबसे बड़ी संस्था जेपीएससी है।

लेकिन यहां अध्यक्ष पद पिछले सात महीनों से खाली पड़ा है। पढ़ाई-लिखाई के बाद नौकरी के जरिए भविष्य बनाने की उम्मीद थी। लेकिन लंबे समय से छात्रों का समय और पैसा बर्बाद हो रहा है। छात्र रोजगार की मांग कर रहे हैं और इसके लिए संघर्ष कर रहे हैं।



सुप्रभात
शुक्रवार 14.02.2025
धनबाद, वर्ष 01, अंक 294
epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ



# रामराज मंदिर का वार्षिकोत्सव व श्रीराम महायज्ञ संपन्न

## प्रस्तुत किया आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समृद्धि का अद्वितीय संगम



खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** बाघमारा के प्रतिष्ठित रामराज मंदिर में आयोजित नौ दिवसीय वार्षिक महोत्सव ने आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समृद्धि का अद्वितीय संगम प्रस्तुत किया। श्रीराम महायज्ञ की पवित्र अग्नि, वनारस व अयोध्या से आये विद्वान पंडित जनों के वैदिक मंत्रोच्चार, आध्यात्म गुरु श्री रविशंकर और साध्वी सरस्वती के प्रेरणादायक प्रवचन ने बाघमारा ही नही, बल्कि धनबाद सहित पड़ोसी जिले के लाखों लोगों के हृदय को भी प्रज्ज्वलित किया। समापन की बेला में वनारस की मंडली द्वारा प्रस्तुत गंगा आरती के आश्चर्यजनक रूप से अभिभूत कर देने वाले दृश्य ने आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया। महायज्ञ के मुख्य यजमान सांसद ढुल्लू महतो एवं उनकी धर्म पत्नी सावित्री देवी, विधायक शत्रुघ्न महतो एवं उनकी धर्म पत्नी डोली देवी सहित सभी राम भक्तों के साथ दिल्ली की मंडली ने अपनी कला प्रदर्शित करते हुए मां गंगा की स्तुति की। लेजर शो की रंग बिरंगी रोशनी और चमक समारोह की शोभा बढ़ा गयी, वहीं आतिशबाजी से आसमान जगमगा उठा। दीपावली जैसा नजारा देख श्रद्धालुओं के मन में खुशी का ठिकाना नही रहा। भोजपुरी संगीत के उस्ताद पवन सिंह ने विभिन्न लय में भजन व लोकगीतों की प्रस्तुति से महोत्सव के वैभव को ऊंचाई पर ले जाने का काम किया। श्रद्धालुओं की बेशुमार भीड़ जुटी थी। प्रख्यात कवि कुमार विश्वास सहित अन्य कवियों ने अपनी कविताओं से भावनाओं की गहराई को छूते हुए श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

स्वाति मिश्र के भजनों पर राम भक्त खूब थिरके। बता दें कि महोत्सव के पहले दिन जलयात्रा में शामिल देश के कई राज्यों के कला जत्था द्वारा प्रस्तुत झाँकियां, वाद्ययंत्र की धुन संस्कृतियों के मेलजोल एवं महायज्ञ आध्यात्म की ऊंचाइयों का परिचायक रहा।

### रावण बध के साथ राम लीला का समापन

महायज्ञ के अंतिम दौर में आयोजित तीन दिवसीय रामलीला खूब चर्चा में रही। दिल्ली की मंडली ने रामायण सीरियल जैसी भाव भंगिमा में अपने अभिनय से लोगों को अभीभुत कर दिया। रावण बध के साथ रामलीला का समापन हुआ। सांसद ढुल्लू महतो एवं उनके बड़े भाई शत्रुघ्न महतो ने महोत्सव सह महायज्ञ की सफलता के लिए रामभक्तों के प्रति आभार व्यक्त किया। उनकी श्रद्धा और सहयोग से आयोजन पूर्ण रूपेण सफल रहा।

## एक नजर में

### राजेन्द्र विहार समिति ने विधायक अरूप चटर्जी का किया अभिनंदन



**मैथन।** मुगमा क्षेत्र के राजेन्द्र विहार मंदिर परिसर में निरसा विधानसभा क्षेत्र से विधायक अरूप चटर्जी के निर्वाचित होने की खुशी में राजेन्द्र विहार समिति ने अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया। समारोह का संचालन समिति के अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने किया। समिति के सक्रिय सदस्य विजय कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर व अनिषा प्रसाद ने अंग वस्त्र तथा समिति के सचिव उत्तम कुमार आश, सक्रिय सदस्य सुभाष मोदी, किशोर मंडल, संदीप दे एवं चम्पा देवी ने माला पहनाकर विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया। संबोधन में विधायक अरुप चटर्जी ने लगातार समर्थन देने एवं अभिनंदन समारोह आयोजित करने के लिए राजेन्द्र विहार निवासियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कॉलोनी में पानी, रोड और नाली की समस्या का शीघ्र निदान करने व अन्य अनिवार्य कार्य को भी अविलंब पूरा करने का भरोसा दिलाया। कहा कि जिस आशा और विश्वास के साथ लोगों ने बहुमूल्य मत देकर सेवा करने का मौका दिया है, उसे कभी टूटने नहीं दूंगा। इस अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष शिव नंदन स्वर्णकार, कोलोनी के सक्रिय सदस्य आशानन्द सिंह, भरत मोदी, जगत नारायण पासवान, भानुप्रताप सिंह, पप्पू मोदी, ब्रजेश झा, गौतम आश, अनुपम श्रीवास्तव, अमृत पाठक, रवि सिंह, मानीक लाल सिंह, अंगद मिश्र आदि मौजूद थे।

### संघ की मांग के अनुरूप कोयला मंत्री ने मजदूर हित में लिये निर्णय

**धनबाद।** अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के 19 वें त्रैवार्षिक अधिवेशन के दूसरे दिन गुरुवार को केंद्रीय कोयला खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने संघ की मांगों के अनुरूप घोषणा की है, जिसमें सभी मजदूरों (विभागीय और आउटसोर्सिंग) के लिए बीमा लागू करने, सीएमपीएफ घोटाले की निष्पक्ष जांच कर पैसों की रिकवरी करने, सभी मजदूरों के लिए ड्रेस कोड लागू कराने, उत्खनन कार्य के लिए किसानों-रैयतों से ली गई जमीन का उचित मुवावजा देने तथा उत्खनन के बाद जमीन को पर्यावरण के अनुकूल विकसित करने, मजदूरों के बच्चों के उच्च शिक्षा हेतु सुविधा प्रदान करने, चिकित्सा एवं रेफरल केस में सुपरस्पेशियलिटी अस्पतालों का दायरा बढ़ाने की बात कही है। यह घोषणा स्वागत योग्य है। यह जानकारी एबीकेएमएस के महामंत्री उमेश कुमार सिंह ने दी है। अधिवेशन में डीकेसीएस के अध्यक्ष मुरारी तांती, उपाध्यक्ष अयोध्या मिश्रा, कोषाध्यक्ष राघवेंद्र पांडेय, संगठन मंत्री केके सिंह, ओम सिंह, सुशील कुमार सिंह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बीएमएस के अलावा 100 कार्यकर्ता मौजूद थे।

### डाकघर का उप डाकपाल रिश्वत लेते गिरफ्तार



**धनबाद।** जिले में लगातार कार्रवाई के बाद भी सरकारी विभागों से भ्रष्टाचार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। कोयला नगर टाउनशिप के डाकघर का उप डाकपाल प्रभात रंजन बुधवार की देर रात सीबीआई के हत्थे चढ़ा। सीबीआई की टीम ने डाकपाल को उनके आवास से घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि वह प्रमोशन के नाम पर 30 हजार रिश्वत ले रहे थे। इस घटना के बाद पूरे डाक विभाग में हड़कंप मच गया है। धनबाद के अलावा रांची और पटना के अधिकारियों के बीच हलचल तेज हो गई है। डाक विभाग के कई अन्य अधिकारी भी सीबीआई की रडार पर आ सकते हैं। फिलहाल सीबीआई मामले की गहराई से छानबीन कर रही है। ज्ञात हो कि इसके पहले सीबीआई बीसीसीएल कर्मी को घुस लेते गिरफ्तार कर चुकी है। पुराने समाहरणालय में भी एक कर्मी की गिरफ्तारी हो चुकी है।

### टाटा स्टील झरिया डिवीजन में सड़क सुरक्षा रैली और जागरुकता सत्र

**जोड़ापोखर।** टाटा स्टील झरिया डिवीजन ने आज गुरुवार को सड़क सुरक्षा जागरुकता रैली और सत्र का आयोजन किया। रैली का शुभारंभ संजय राजोरिया (जनरल मैनेजर, झरिया डिवीजन, टाटा स्टील) ने झंडी दिखाकर किया, जो जनरल मैनेजर कार्यालय से शुरू होकर टाटा स्टील फाउंडेशन कार्यालय में समाप्त हुई। रैली में टाटा स्टील के सुरक्षा विभाग और टाटा स्टील फाउंडेशन के अधिकारी, टाटा स्टील के कर्मचारी और मदर टेरेसा स्कूल के छात्र शामिल थे। रॉयल हाई स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरुकता सत्र आयोजित किया गया। लगभग 60 छात्रों ने सड़क सुरक्षा नियमों और दिशा निदेर्शों के बारे में सीखा, जिसमें हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग, यातायात नियमों का पालन, सुरक्षित पैदल चलने का अभ्यास, तेज गति के खतरे, स्कूल बसों और वैन में सुरक्षित रूप से चढ़ने और सड़क संकेतों को समझना शामिल है। इस अवसर पर आलोक कुमार सिन्हा (सीनियर मैनेजर, लॉजिस्टिक्स), तनमय खनरा (मैनेजर, सेफ्टी), और अभिजीत कुमार (असिस्टेंट मैनेजर, माइनिंग) ने छात्रों के साथ बातचीत की। पूरे कार्यक्रम का आयोजन टाटा स्टील झरिया डिवीजन के सेफ्टी और सेक्यूरिटी विभागों के सहयोग से किया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह सभी सड़क उपयोगकर्ताओं, चालकों, पैदल चालकों, साइकिल चालकों, और मोटरसाइकिल चालकों, को सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने की अपनी जिम्मेदारी की याद दिलाने के लिए एक वार्षिक कार्यक्रम के रूप में कार्य करता है।

### झरिया में धू धू कर जला वाहन, काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने पाया काबू



**झरिया।** झरिया थाना क्षेत्र के चौथाई कुल्ही मोड के समीप खड़ी गाड़ी जैन स्टेलो जेएच 10 आर 0940 में अचानक आग लग गयी। आग लगने की सूचना से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पाकर धटना स्थल पर लोगों की भीड़ जुट गयी। स्थानीय लोगों की सूचना पर झरिया थाना प्रभारी ने तुरंत अग्निशमन विभाग को जानकारी दी। दमकल की गाड़ी और पुलिस की टीम पहुंची और काफी मश क्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि गाड़ी पूरी तरह जल चकी थी। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। वाहन चालक विजय कुमार साव ने बताया कि वह सुबह 8 बजे बच्चों को डिनोबिली स्कूल छोड़ने गये थे। इसके बाद सड़क के किनारे गाड़ी खड़ी कर घर चले गये। कुछ ही समय बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें सूचना दी कि गाड़ी में आग लग गयी है। कहा कि गाड़ी में आग कैसे लगी, इसकी जानकारी नहीं है। स्थानीय निवासी शकील अंसारी का कहना है कि गाड़ी में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी होगी। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की पूरी कोशिश की, लेकिन आग तेजी से फैल गयी। कहा कि अग्निशमन विभाग और झरिया पुलिस की तत्परता से आग पर काबू पाया गया। यदि समय रहते काबू नहीं पाया जाता, तो बड़ी घटना हो सकती थी. क्योंकि यह समय स्कूल खुलने का था।

## स्पीड न्यूज

### आउट सोर्सिंग कंपनी के ओबी डंप से कोयला चुनने में युवक घायल

**जोड़ापोखर।** भागा 5 नम्बर के रहने वाले शंकर तुरी के पुत्र गोलू कुमार आउट सोर्सिंग कंपनी के ओबी डंप से कोयला चुनने में गंभीर रूप से घायल हो गए। परिवार के लोगों ने उसे स्थानीय नर्सिंग होम में भर्ती कराया है। प्रत्येक दिन सुबह होते ही रोजगार की तलाश में भागा क्षेत्र के दर्जनों युवक महिला आउट सोर्सिंग ओबी डम्प में कोयला चुनने पहुंच जाते हैं। कोयला चुनते समय आए दिन कई लोग घायल हो जाते हैं।

### ट्यूबरक्लोसिस से बचाव की बच्चों को दी गयी जानकारी



**कतरास।** क्षेत्रीय चिकित्सालय कतरास द्वारा नेहरू महिला महाविद्यालय में ट्यूबरक्लोसिस अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आशा कुमारी, डॉ प्रीतम कुमार, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक अशोक कुमार, कार्मिक प्रबंधक उमंग ठक्कर, क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक एच पी दीक्षित द्वारा संचालित किया गया। कतरास क्षेत्र के महा प्रबंधक राजकुमार, दीक्षा महिला मंडल की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, रेखा कुमार, कंचन सिंह, प्रिंसिपल श्रीमती मिश्रा, शिक्षिका एवं शिक्षक मौजूद थे। बच्चियों को ट्यूबरक्लोसिस से बचाव के उपाय के संबंध में समझाया गया। एनीमिया के बारे में भी बताया गया। आयरन सीरप एवं दवा का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्षेत्रीय चिकित्सालय के दीपक मिश्रा, विवेक हजारी, राजेश कुमार साव, आया लक्ष्मी देवी, डोली देवी का योगदान रहा।

### सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों का जेईई मेंस में बेहतरीन प्रदर्शन

**कतरास।** सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह के 11 छात्रों ने जेईई मेन्स 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए अधिकतम 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी जगह बनाई और विद्यालय का नाम रोशन किया है। केशव सिन्हा-98 परसेन्टाइल, आलोक डे-97.1, ऋषभ-96.1, पायल कुमारी-94.4, वर्षा रानी-92, शुभम स्वीन-91, अभिजीत राज-88, कृषणा-86.4, अनिष मिश्रा-86, विवेक मंडल-85, रीतु राज ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। प्राचार्य अभिमन्यु कुमार, अध्यक्ष प्रदीप खेमका, सचिव विक्रम कुमार राजगढ़िया, उप प्राचार्य श्रेया सरकार एवं समस्त शिक्षकों ने सभी सफल छात्रों को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## 18 फरवरी को शुरू होगी सिंदरी के अस्तित्व को बचाने की लड़ाई

# एफसीआईआई गेट पर महाधरना में शामिल हों सभी सिंदरीवासी : मोर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** एफसीआई प्रबंधन द्वारा सिंदरी को टुकड़ों में खाली करने की मंशा के खिलाफ बिरसा समिति में संयुक्त संघर्ष मोर्चा की बैठक गुरुवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता विकास कुमार ठाकुर ने की और संचालन सुरेश राउत ने किया।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि एफसीआई प्रबंधन पी पी एक्ट के माध्यम से सिंदरी को टुकड़ों में उजाड़ने की साजिश रच रहा है, जिसका एकजुट होकर विरोध करने की जरुरत है।

सिंदरी को बेदखली की ओर धकेलने की प्रबंधन की साजिश को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए 18 फरवरी को एफसीआई के मुख्य प्रवेश द्वार पर महाधरना दिया जा रहा है। वक्ताओं ने सिंदरी वासियों से अपील की है कि सभी अस्तित्व की रक्षा के लिए महाधरना में शामिल हों। जन जागरण के लिए शहर में नुक्कड़ सभा, प्रचार वाहन और मशाल जुलूस निकाला जाएगा।

#### बैठक में मौजूद थे

बैठक में अजय कुमार, सुरेश प्रसाद, अशोक महतो, सुरेश राउत, विकास कुमार ठाकुर, गौतम प्रसाद, सूर्यकुमार सिंह, विमल रवानी, मंगल महतो, ध्रुव दास, सहदेव सिंह, विरिची महतो, दशरथ ठाकुर, अमर सिंह, परशुराम सिंह, सोहन सोरेन, हेमन्त जयसवाल, शिवू राय, छोटन चटर्जी, राजीव मुखर्जी, दिलीप मिश्रा, विदेशी सिंह, विनय कुमार सिंह , नरेंद्र नाथ दास, दीपक बनर्जी, राजन तिवारी, सुरेश सिंह आदि मौजूद थे।

### पेड़ से लटका मिला विवाहिता का शव

**सिंदरी/बलियापुर।** बलियापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलगड़िया स्थित जंगल से एक विवाहिता का शव पेड़ से लटका पाया गया है। शव की पहचान बेलगड़िया मोहली टोला निवासी जयराम मोहली की पत्नी डोली देवी के रूप में हुई है। इस खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है और महिला के मायकेवालों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। मृत महिला का मायका बोकारो बॉलीडीह है। बताया जा रहा है कि वह पिछले दो दिनों से लापता थी। मायके वालों को जब जानकारी हुई तो उसकी तलाश में उसके ससुराल पहुंचे। सुबह उन्हें डोली का शव जंगल में पाए जाने की जानकारी मिली। मृतका के भाई दिलीप मोहली ने इसे हत्या बताया है। उनका आरोप है कि ससुराल में अक्सर उनकी बहन को मारा पीटा जाता था। सूचना मिलने पर बलियापुर पुलिस मामले की जाँच पड़ताल में जुट गई है।

## डीसी ने सौंदर्यकरण कार्य का किया निरीक्षण

# कार्य में असंतोष व्यक्त करते हुए कार्य में तेजी लाने का दिया निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** अमृत योजना 2.0 के तहत हीरापुर स्थित लोको टैंक तालाब के सौंदर्यीकरण का उपायुक्त माधवी मिश्रा ने जायजा लिया। उन्होंने तालाब के चारों ओर बाउंड्री वॉल, टिकट घर, शौचालय, स्टेप्स आदि की प्रगति रिपोर्ट देखी। असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। संवेदक मनमोहन ग्रोवर ने बताया कि रेल लाइन के किनारे वाले क्षेत्र को छोड़कर लोको टैंक के तीनों तरफ मॉर्निंग वॉक ट्रैक बनाया जाएगा। लाइटिंग की व्यवस्था भी की जाएगी। साथ ही आमजनों के लिए पार्क में गजिबो, ओपेन जिम, स्ट्रीट लाइट तथा पार्किंग स्थल उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर राजेश कुमार, शशिकांत सिंकर, कमलेश्वर नारायण, प्रसून कौशिक, प्रकाश कुमार, सुनील कुमार सिंह, नगर निगम के कार्यपालक अभियंता व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## सीबीएसई 10वीं व 12वीं की परीक्षा 15 फरवरी से 4 अप्रैल तक

# 100 मीटर के परिक्षेत्र तक धारा 163 लागू

### 20 केंद्रों पर होगी परीक्षा



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जिले में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा 15 फरवरी से 4 अप्रैल तक होगी। परीक्षा के लिए कुल 20 केंद्र बनाये गए हैं। 14 फरवरी की मध्य रात्रि से सभी परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के परिक्षेत्र तक धारा 163 लागू रहेगी। यह नियम परीक्षा अवधि तक लागू रहेगा। यह जानकारी एसडीओ राजेश कुमार ने गुरुवार को दी।

#### इन स्थानों पर होगी परीक्षा

जिले के डीएवी पब्लिक स्कूल कोयला नगर, डीएवी पब्लिक स्कूल मुनिडीह, डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई, इंडियन स्कूल ऑफ लर्निंग कतरास मोड़, राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर धनसार, दिल्ली पब्लिक स्कूल कार्मिक नगर, डीएवी सैंटनरी पब्लिक स्कूल बनियाहीर, धनबाद पब्लिक स्कूल केजी आश्रम, गोविंदपुर रोड, सरस्वती शिशु मंदिर, श्यामडीह कतरास, सरस्वती विद्या मंदिर भूली, किड्स गार्डन सेकेंडरी स्कूल झरिया, गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल बैंक मोड़, धनबाद पब्लिक स्कूल हीरक ब्रांच, सिंबोसिस पब्लिक स्कूल बरवाअड्डा, द्वारिका मेमोरियल फाउंडेशन अकादमी बिहाइंड पॉलिटेक्निक, मोंटफॉर्ट अकैडमी तोपचांची, स्वामी विवेकानंद स्कूल चिरकुंडा, केंद्रीय विद्यालय नंबर 1 धनबाद, केंद्रीय विद्यालय मैथन डैम तथा जवाहर नवोदय विद्यालय बेनागरिया में परीक्षा आयोजित की जाएगी।

#### कदाचार करने वालों पर होगी कार्रवाई

एसडीओ ने बताया कि सभी केंद्रों में कदाचार मुक्त, शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा का संचालन करने के लिए विधि व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक है। इसलिए निषेधाज्ञा के दौरान परीक्षा केंद्रों के अगल-बगल अनावश्यक भीड़ लगाने, मटरगश्ती करने, लाउडस्पीकर का उपयोग करने एवं अनाधिकृत रूप से हथियार लेकर चलने तथा कदाचार से संबंधित किसी तरह की वस्तु का उपयोग करने पर प्रतिबंध रहेगा।

## मैथन में छह दिवसीय एमपीएल क्रिकेट लीग मैच का शुभारंभ

# समग्र विकास का सशक्त माध्यम है खेल : सीईओ

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैथन।** एमपीएल द्वारा आयोजित छह दिवसीय क्रिकेट लीग मैच का उद्घाटन गुरुवार को एमपीएल प्लांट परिसर स्थित ग्राउंड में हुआ। उद्घाटन सीएमओ सुधाकर टंडन एवं सीएमओ सर्विसेज डीके गंगवाल ने किया। अपने संबोधन में अधिकारी द्वय ने खेल और उसके महत्व पर प्रकाश डाला।

मौके पर एमपीएल के सीईओ जगमीत सिंह सिद्धू ने अपने संदेश में कहा कि क्रिकेट सिर्फ खेल नहीं बल्कि यह हमारी एकता और जुनून का प्रतीक है। खेल हमें सिखाता है कि कैसे टीम के रूप में काम करें, चुनौतियों का सामना करें और जीत का आनंद लें। उन्होंने सभी से इस लीग मैच का आनंद लेने, टीम का समर्थन करने और क्रिकेट के प्रति अपने जुनून को व्यक्त करने की अपील की।

मैच का शुभारंभ टीम ए वन बनाम एफ 06 के बीच हुआ। एफ 06 टीम ने 28 रन से ए वन टीम को मात दी और टीम 73 रन पर ही सिमट गयी। टीम एक के कप्तान सुगाता चक्रवर्ती तथा छह के कप्तान शुभेंदु सरकार थे। अंपायर की भूमिका आयन घोष एवं भानु प्रताप ने निभाई। टीम वन के मेंटर सीईओ जगमीत सिंह सिद्धू एवं टीम एफ 6 मेंटर बी राजेश कुमार थे। बी 2 बनाम ई 5 के बीच खेला गया। मैच टाई हो गया। दोनों टीमों ने 93 रन बनाये, जबकि टीम जी 7 बनाम डी 4 के बीच खेले गये। मैच में डी 4 टीम आठ विकेट से विजयी रही। टीम जी 7 ने 133 रन बनाये, जबकि जवाब में डी 4 ने 134 रन बनाकर मैच जीत लिया। बी 2 के कप्तान की भूमिका गौरव कौशिक तथा ई 5 के प्रशांत देशमुख ने निभाई, जबकि ज0 7 के कप्तान रुपेश सिंह एवं डी 4 के कप्तान अनिरबन पाल थे। उद्घोषक की भूमिका में राजीव कुमार रहे।

मैच में कुल 10 टीम में 08 पुरुष 02 महिला टीम शामिल हैं।प्रतिदिन 10 ओवर का 03 लीग मैच होगा। 18 फरवरी को सेमिफाइनल और 19 को फाइनल मैच 15 ओवर का होगा। महिलाओं का मैच 12 ओवर का होगा। मैच में एमपीएल अधिकारी प्रवीण बी राउत, रुपेश कुमार सिंह, सुरोध डे, संजीव सिन्हा, अमित पाल, संदीप खेडवाल, अजय कुमार, मुकुंद माधव, गौरव कौशिक, देवव्रता दास, कार्तिक कुमार, शंभु कुमार, आयन घोष सहित काफी संख्या में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों ने खिलाड़ियों की हौसला-अफजाई की।

## स्पीड न्यूज

### रविदास जयंती समारोह संपन्न



**विश्रामपुर (पलामू)।** मूर्ति विसर्जन के साथ संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह गुरुवार को संपन्न हो गया। नप मुख्यालय के वार्ड 16 में आयोजित रविदास जयंती समारोह के समापन से पहले सम्मान समारोह किया गया। समारोह में पुलिस पदाधिकारी, पत्रकार सहित कई गणमान्यों को कमेटी ने पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता यदुनि राम व संचालन विजय रवि ने किया। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, जिला पार्षद विजय रविदास, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी, बसपा नेता गोपाल राम, वरीय राजद नेता ओम प्रकाश गुप्ता, संजय बैठा, राजन पांडेय, इदरीस हवारी सहित दर्जनों लोगों को सम्मानित किया गया।

### सड़क निर्माण की आधारशिला से हर्ष



**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र की हरतुआ पंचायत के पचमो में गुरुवार को मुखिया अरविंद शुक्ला ने दो पीसीसी सड़क तथा एक पेयजल कूप निर्माण का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना कर की। उक्त सड़क 15वें वित्त की राशि 2.49 लाख की लागत से दिलीप दुबे के घर से मनोज तिवारी के घर तक तथा दूसरा सड़क मनोज तिवारी के घर से कुंदरहीया नाला तक बनेगी। मुखिया ने कहा कि इस सड़क को बनने से ग्रामीणों को आवागमन में सहूलियत होगी। मौके पर कृष्णा तिवारी, उदयनाथ तिवारी, विजय राम, सुमंत गिरी, लव तिवारी, हरेंदर तिवारी, सुशील तिवारी व दर्जनों लोग थे।

### पांकी स्वास्थ्य केंद्र में चश्मा-दवा वितरित



**पांकी पलामू।** पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जन विकास मार्ग ने 72 मरीजों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन नि:शुल्क किया। जिसके बाद गुरुवार को ऑपरेशन कराने वालों के बीच पांकी प्रमुख पंचम प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष शंकर प्रसाद, चिकित्सा प्रभारी महेंद्र प्रसाद व जिप सदस्य पति मुकेश सिंह चंदेल ने चश्मा दवा ड्रॉप इत्यादि निशुल्क वितरण किया। मौके पर नेत्र सर्जन विनोद कुमार, अनुज सिंह, जयकिशोर प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद व शशिभूषण पासवान थे।

### सड़क दुर्घटना में दो छात्र घायल



**विश्रामपुर (पलामू)।** बी मोड़ चौक पर गुरुवार को सड़क दुर्घटना में दो छात्रा घायल हो गयीं। दोनों विश्रामपुर जनता उवि मैट्रिक की परीक्षा देने बाइक से जा रही थी। इसी बीच बी मोड़ के पास अज्ञात बोलेरो धक्का मार फरार हो गया। इसमें केतात के बंधु राम की पुत्री खुशी व गोरख राम की पुत्री साजन कुमारी घायल हुयी हैं।

### नवगढ़ा ओपी क्षेत्र में बालू लदा ट्रैक्टर जब्त



**विश्रामपुर (पलामू)।** थाना क्षेत्र के नवगाढ़ा ओपी क्षेत्र में बीती रात बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया गया है। ओपी प्रभारी अनिल यादव ने बताया कि विश्रामपुर सीओ राकेश तिवारी को सूचना मिली कि जीएनटी लागू होने के बाद भी बालू माफिया कोयल नदी से बालू उत्खनन और ढुलाई कर रहे हैं, जिसके बाद सीओ कोयल नदी तट गये। इसी बीच एक बालू लदा ट्रैक्टर आते हुए दिखाई दिया जिसे उन्होंने जब्त कर नवगढ़ा ओपी को सौंप दिया है। ओपी प्रभारी अनिल यादव अग्रेतर कार्रवाई कर रहे हैं। जब्त ट्रैक्टर राजेश गुप्ता का बताया जा रहा है।

### संत शिरोमणि रविदास जी के विचारों को आत्मसात करें : खुशबू कुमारी



**पांकी पलामू (शिवशंकर पासवान)।** संत रविदास जयंती पर पांकी मध्य जिला पार्षद खुशबू कुमारी ने पगार, पगार कॉलोनी, चौरहा, बचदोहर, कसेरी सहित अन्य स्थानों पर शामिल हुई। कहा कि संत रविदास ने पीड़ित समाज, खासकर दलित जो सामाजिक और जातीय उत्पीड़न का शिकार थे, उनके खिलाफ संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया। वे सामंती वर्चस्व के खिलाफ आवाज उठाते हुए लोगों को एकजुट होने को प्रेरित करते थे। आज उनके विचारों को आत्मसात कर हम शोषण के खिलाफ आवाज उठाने का संकल्प लेते हैं।

### बिजली विभाग की छापामारी में 8 पर केस

**हुसैनाबाद पलामू।** एडीजीपी विजिलेंस एंड सोसाइटी के निर्देश पर अवर विद्युत प्रमंडल जपला के अभियंताओं ने हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में बिजली चोरी को लेकर छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें 8 लोगों को बिजली का अवैध ढंग से उपयोग करते पकड़ा गया। जिनपर प्राथमिकी दर्ज कर जुर्माना लगाया गया, उसमें रविकांत चौधरी पर 12000, गरीबन राम पर 50000, नारायण सिंह पर 10000, राजेंद्र मेहता पर 20000, राकेश पाल पर 12000, मनोज यादव पर 10000, बृजदेव मेहता पर 12000 जुर्माना लगा है। सभी के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो ने प्राथमिकी दर्ज करायी है।

### केतात पंचायत सचिवालय जाने के लिए पहुंच पथ नहीं, हो रही परेशानी



**विश्रामपुर (पलामू)।** प्रखंड के केतात कला पंचायत सचिवालय में जाने के लिए कोई पहुंच पथ नहीं है जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। गौरतलब है कि केतात कला का पंचायत सचिवालय एनएच 75 किनारे अवस्थित है। मुख्य पथ से सचिवालय की दूरी मात्र 50 फीट है। इसी 50 फीट को तय करने के लिए कोई पहुंच पथ नहीं है जिसके चलते पंचायत कर्मी, पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीण को पगडंडी के सहारे पंचायत सचिवालय जाना पड़ता है। बरसात के दिनों में तो पंचायत सचिवालय जाना नामुमकिन सा हो जाता है।

# जिला प्रशासन, एनडीआरएफ ने ग्रासिम इंडस्ट्रीज में गैस रिसाव दुर्घटना को लेकर हुआ मॉक ड्रिल

खबर मन्त्र संवाददाता





मॉक ड्रिल करता एनडीआरएफ का दल और उनका हौसला बढ़ाते लोग।

**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज केमिकल डिविजन परिसर में गुरुवार को एनडीआरएफ की नौवीं बटालियन ने गैस रिसाव की दुर्घटना से निपटने को लेकर एक मॉक ड्रिल किया। इसमें एनडीआरएफ टीम के अलावा, ग्रासिम के सुरक्षा व दमकलकर्मी, जिला प्रशासन, रेहला पुलिस, अग्निशमन सेवा, स्वास्थ्य सेवा के अधिकारियों भी शामिल हुए। मॉक ड्रिल के दौरान गैस रिसाव होने पर लोगों को कैसे सुरक्षित निकाला जाये, कैसे फर्स्ट एड मुहैया कराया जाये। कंपनी में फंसे लोगों को कैसे सुरक्षित स्थान पर सुरक्षित इकट्ठा किया जाये, कैसे गैस रिसाव को सील किया जाये सहित कई बिंदुओं पर अभ्यास किया गया। इस दौरान एनडीआरएफ के बचाव कर्मियों ने प्लांट से पीड़ित लोगों को सुरक्षित निकालने, अस्पताल पूर्व चिकित्सा मुहैया करने व गैस रिसाव को रोकने का ऑनसाइट अभ्यास किया गया। नौवीं बटालियन की तरफ से टीम का नेतृत्व डिप्टी कमांडेंट रंजीत कुमार, इंस्पेक्टर व सूरज कुमार ने किया। कार्यक्रम में जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी जयराम सिंह यादव, अग्निशमन पदाधिकारी उत्तम कुमार, बिश्रामपुर स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ अरविंद कुमार, रेहला थाना प्रभारी दीप नारायण, ग्रासिम इंडस्ट्रीज के यूनिट हेड हितेंद्र अवस्थी, टेक्निकल हेड हरदीप कोहली, सेफ्टी अधिकारी देश दीपक, लाइजन ऑफिसर नितेश कुमार पांडेय, विपिन दीक्षित, विश्रामपुर सीओ राकेश तिवारी, एनडीआरएफ के एसआई सूरज कुमार के अलावा रेहला थाना आदि उपस्थित थे।

# लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में शुरू हो गया दूरबीन विधि से ऑपरेशन

- प्रसिद्ध चिकित्सकों ने किया गोल ब्लाडर स्टोन का सफल ऑपरेशन

खबर मन्त्र संवाददाता



ऑपरेशन करते चिकित्सक।

**विश्रामपुर (पलामू)।** नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में दूरबीन (लेजर) विधि द्वारा ऑपरेशन शुरू हो गया है। लक्ष्मी चंद्रवंशी हॉस्पिटल में गुरुवार को प्रसिद्ध चिकित्सकों द्वारा गोल ब्लाडर स्टोन का सफल ऑपरेशन किया गया। लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्राचार्य डॉ विवेक कश्यप ने बताया कि बिश्रामपुर नप के डिहरिया गांव निवासी कसमुदीन अंसारी की पत्नी महिदान बीबी के गोल ब्लाडर में तीन वर्ष पुराना स्टोन था। जिसके इलाज में महिदान बीबी ने पूर्व में लाखों रुपये खर्च कर दिया था। बावजूद कहीं ठीक नहीं हो पाया। सब जगह से मायूस होकर वह लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में इलाज के लिये पहुंची। जांचोपरांत आज उसका मुफ्त सफल ऑपरेशन किया गया। उसका ऑपरेशन प्रसिद्ध सर्जन डॉ राहुल सिंह व डॉ नीरज सिंह ने किया। ऑपरेशन में सभी ओटी कर्मियों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। श्री कश्यप ने बताया कि यहां आयुष्मान भारत योजना पूर्ण रूप से लागू है। अब यहां पांच लाख तक का सभी इलाज मुफ्त में होता जिसमें जांच,दवा,उपचार से लेकर ऑपरेशन तक शामिल है। ऑर्थोपेडिक विभाग द्वारा सभी प्रकार की हड्डी संबंधित बीमारियों का इलाज व ऑपरेशन की व्यवस्था उपलब्ध है जिसमें फ्रैक्चर, घुटनों और रीढ़ की सर्जरी, जोड़ प्रत्यारोपण सहित कई जटिल ऑपरेशन शामिल है। स्त्री व प्रसूति विभाग द्वारा नॉर्मल डिलेवरी, सिजेरियन ऑपरेशन, गर्भाशय ऑपरेशन सहित महिला संबंधित सभी बीमारियों का इलाज के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम हॉस्पिटल में मौजूद है।

### विधायक ने विधानसभा के विभिन्न पूजा पंडालों का किया दौरा

# प्रेम भक्ति व मानवता के पुजारी थे संत रविदास : संजय सिंह यादव

खबर मन्त्र संवाददाता



उपस्थित लोगों को संबोधित करते विधायक व अन्य।

**हुसैनाबाद पलामू।** पूरे अनुमण्डल क्षेत्र में संत शिरोमणी रविदास जयंती धूमधाम से मनाई गई। शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के सैकड़ो स्थान पर युवाओं ने भव्य तरीका से पूजा किया। शहर के रविदास नगर, रामबीघा मुख्य मंदिर, जपला दाता नगर, सैदाबाद, कुसुआ देवरी गोला पर, ऊपरी कला समेत सैकड़ो गांवों में धूमधाम से पूजा की गयी। मौके पर हुसैनाबाद के विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने पूरे विधानसभा क्षेत्रों के सैकड़ों गांवों का दौरा कर सभी पूजा पंडालों का दौरा कर लोगो को बधाई दिया । विधायक ने कहा कि युवाओं को संत रविदास जी के दोहे और संत रविदास जी की चौपाई पढ़ने की जरूरत हैं। संत रविदास जी के दोहे व संत रविदास जी की चौपाई युवाओं को खुलकर जीवन जीने के लिए प्रेरित करता हैं जो अनुकरणीय हैं। भारत एक ऐसा राष्ट्र है जो आदि काल से संतों, गुरुओं, तपस्वियों की तपस्थली रहा है। भारतीय सनातन धर्म के ज्ञान का प्रकाश भारतीय संतों द्वारा विश्व के हर कोने में फैलाया गया, इसी ज्ञान के कारण मानव ने मानवता की शिक्षा को प्राप्त किया है। भारत के ऐसे ही शिरोमणि संतों में से एक संत रविदास जी भी नाम है, जिनके दोहे और चौपाई आपको मार्गदर्शन करेंगे। संत रविदास धर्म व प्रेम के उपासक थे। वे धर्म मे फैली रूढ़िवादी, आडंबर के विरोधी थे। मौके पर कई लोग उपस्थित थे।

# हवलदार मनोज दूबे की कैंसर से मौत, जिला पुलिस और मेंस एसोसिएशन ने दी सलामी

›› बंका नदी के तट पर किया गया दाह संस्कार

मनीष दुबे



मृतक हवलदार को सलामी देती पलामू पुलिस व मृतक का फाईल फोटो।

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के ग्राम बरडीहा निवासी मनोज कुमार दुबे पिता अमरीका दुबे (55) की मौत कैंसर रोग से हो गयी। मृतक मनोज जिला बल में हवलदार के पद पर जमशेदपुर टाटा में विशेष छापामारी दल में तैनात था। मनोज कुमार दुबे को एक साल से पेट में दर्द होने की शिकायत थी। एक माह पहले उनकी तबीयत अचानक ज्यादा खराब हो गई जिसके बाद परिजनों ने रांची मेडिका में एडमिट कराया। जहां पर डॉक्टर ने तीन दिन तक ईलाज के बाद मुंबई टी एम एच रेफर कर दिया। मुंबई टी एम एच में पांच दिनों तक इलाज के बाद डाक्टरों ने कैंसर का लास्ट स्टेज बताकर घर ले जाने की सलाह दी। जिसके बाद परिजन घर ले आये। बुधवार की शाम मनोज की मौत हो गयी। शनिवार की सुबह में पलामू जिला पुलिस व पुलिस मेंस एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने मनोज दुबे को बरडीहा पहुंच सलामी दी जिसके बाद दाह संस्कार बंका नदी के तट पर किया। मृतक हवलदार मनोज दुबे के एक लड़का एवं एक लड़की है। लड़का सोनल (24) ने मुखाग्नि दी। कार्यक्रम में जमशेदपुर टाटा जिला पुलिस के अध्यक्ष एमडी गुलाम, पलामू पुलिस मेंस एसोसिएशन के सचिव विक्रान्त दुबे, पलामू सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, लालु उरांव, उपाध्यक्ष जयप्रकाश पुरी, संयुक्त मंत्री कृष्ण कुमार, केंद्रीय सदस्य मो इसराइल, पाटन थाना प्रभारी लाल जी कुमार, किशनपुर ओपी प्रभारी निलेश कुमार, एस आई नागेंद्र चौधरी आदि थे।

# 24 को होगा भूपेंद्र सुपर मार्केट के चार ब्रांच का शुभारंभ : भूपेंद्र चौधरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** शहर के बैरिया चौक स्थित होटल क्राउन प्लाजा में भूपेंद्र सुपर मार्केट ब्रांच के निर्देशक भूपेंद्र चौधरी ने प्रेस वार्ता कर कहा कि 24 फरवरी को मेदिनीनगर के शिवाजी मैदान में चार नए ब्रांच की शुरुआत की जायेगी। उक्त कार्यक्रम में भोजपुरी के मशहूर अभिनेता अरविंद अकेला उर्फ कल्लू शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि भूपेंद्र सुपर मार्केट गढ़वा और पलामू में एक अलग पहचान बना चुकी है ।उन्होंने कहा कि गढ़वा के नगर ऊंटारी, पलामू के डालटनगंज, पांकी ओर छतरपुर में ब्रांच की शुरूआत की जा रही है। उसके बाद उस इलाके के लोगों को उसका लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि भूपेंद्र सुपर मार्केट में लोगों की जीविका से संबंधित सभी सामान सस्ते दामों पर उपलब्ध रहेंगे। भूपेंद्र चौधरी ने पलामू वासियों को निमंत्रण देते हुए बताया कि कंपनी के द्वारा लाखों घरों तक अनाज की सुविधा दी जाती है और भुखमरी जैसे समस्या के निदान के रूप में भूपेंद्र सुपर मार्केट है जहां बेरोजगारों को रोजगार भी दिया जाता है।

# हरिहरगंज में यूएस होटल एंड रिसोर्ट का हुआ भव्य उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

- कार्यक्रम में भोजपुरी स्टार पवन सिंह की पत्नी भी हुई शामिल



**हरिहरगंज पलामू।** कौआखोह महुबन के एनएच 139 स्थित यूएस होटल रिसॉट एंड द स्काई बार का उद्घाटन बुधवार को संचालक की मां उर्मिला सिंह तथा भोजपुरी स्टार पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह ने किया। होटल संचालक छोटू सिंह, छोटे भाई मुनमुन सिंह तथा बजरंगी सिंह ने बताया कि ग्राहकों की संतुष्टि हमारी प्राथमिकता है। सुसज्जित होटल में ग्राहकों के लिए स्वादिष्ट भोजन और ठहरने के लग्जरी कमरे हैं। साथ ही यहां आधुनिक सुविधाओं के साथ शादी समारोह, रिंग शिरोमणि, बर्थडे पार्टी समेत अन्य शुभ कार्यों के लिए विशेष व्यवस्था है। बाद में गायिका सोनी पांडेय, खुशबू शर्मा व अन्य कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम व नृत्य प्रस्तुत किया। मौके पर पूर्व प्रमुख प्रदीप सिंह, सुशील सिंह, सुबोध सिंह उर्फ बबलू, धर्मेंद्र सिंह, राजेश्वर सिंह, विनोद सिंह, लाल बाबू सिंह आदि भी थे।

### धूमधाम से मनायी गयी संत रविदास जयंती



**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के बेलवाहा तोला एकता में संत रविदास जयंती धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि आशीष सिन्हा तथा विधायक प्रतिनिधि अजय उरांव ने किया। श्री सिन्हा ने कहा कि हमें संत रविदास जी की जीवन और शिक्षाओं से प्रेरणा लेनी चाहिए। संत रविदास जी जाति, धर्म और वर्ग के भेदभाव को त्याग कर समान रूप से सभी लोगों को समान रूप से मान सम्मान देने की बात कही है। मौके पर राम नरेश राम, दिलीप राम, रामकिशन राम, सकेन्द्र राम, मंजीत राम, पूजा देवी निशा देवी समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### एनपीयू की गलती, छात्राएं परीक्षा से वंचित



**मेदिनीनगर (अजीत दूबे)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक नितीश दुबे ने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं झारखंड एकेडमिक काउंसिल को संज्ञान में दिया है कि योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज के लगभग एक दर्जन छात्राओं का महाविद्यालय प्रशासन की गलती की वजह से प्रवेश पत्र नहीं आने से छात्राएं परीक्षा से वंचित हो गयी। कहा कि कॉलेज के ढुलमूल रवैया से एक दर्जन छात्राओं का भविष्य अधर में लटका हुआ है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। झारखंड प्रदेश सह मंत्री अभय वर्मा ने कहा कि अगर छात्राओं का भविष्य अधर में गया तो विद्यार्थी परिषद कॉलेज प्रशासन के खिलाफ जोरदार आंदोलन करेगी एवं प्राचार्या की बर्खास्तगी की मांग करेगी। मौके पर परिषद के प्रदेश लॉज संपर्क प्रमुख रामाशंकर पासवान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विपिन यादव, राहुल कुमार चेरो खुशी कुमारी, गुलशन कुमारी आदि छात्राएं मुख्य रूप से उपस्थित थी।

### अज्ञात वाहन के धक्के से मजदूर की मौत

**हुसैनाबाद पलामू।** जपला-छतरपुर मुख्य सड़क के खादी ग्रामोद्योग के समीप बुधवार की देर शाम दो बाइक की टक्कर में एक युवा मजदूर की मौत हो गयी, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से सभी चार घायलों को तत्काल हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक ने थाना क्षेत्र के नोनिया बीघा निवासी निशांत चौहान उर्फ विशाल (22) को देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि जपला हरिहर चौक के रोहित कुमार, प्राची कुमारी को प्राथमिक उपचार के बाद एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार निशांत कुमार जपला शहर के एक टेंट हाउस में मजदूरी का काम करता था।

# संत रविदास का जीवन हमारे लिए प्रेरणास्रोत: लवली गुप्ता

खबर मन्त्र संवाददाता



**पांकी पलामू।** क्षेत्र के लुकुआ, लोहरसी, गणेशपुर, बचदोहर। कोनवाई में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पांकी पूर्वी पूर्व जिप सदस्य सह भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष लवली गुप्ता मौजूद थी। उन्होंने संत शिरोमणि रविदास जी व बाबा भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कहा कि 15 वीं सदी के सतगुरु रविदास जी भारत के उन चुनिंदा महापुरुषों में से एक थे जिन्होंने अपने रूहानी वचनों से सारे संसार को एकता भाईचारा मे पिरोया। वे सिर्फ कवि नहीं बल्कि महान समाज सुधारक दार्शनिक भविष्य द्रष्टा जैसी अनेक विशेषताओं से विभूषित थे। उनके व्यक्तित्व को एक जाति विशेष तक सीमित नहीं किया जा सकता। उनके जयदेव नामदेव और गुरु नानक जैसे महान संतों की अविरल परंपरा की महत्वपूर्ण कड़ी है।

### बर्तन धोने के क्रम में कुएं में गिरी बच्ची, मौके पर ही मौत

**रामगढ़ पलामू।** मुसुरमु में बुधवार को कुआं में डूबने से संगीता कुमारी (7) पिता दिनेश केरकेट्टा की मौत हो गयी है। सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची एवं शव को कब्जे में लिया। एमआरएमसीएच मेदिनीनगर में गुरुवार को पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। दादा राजदेव मिंज ने बताया कि बुधवार की शाम बच्ची घर के समीप कच्चा कुआं पर बर्तन धोने गयी थी। पैर फिसलने से वह कुआं में डूब गयी। शव कुएं से निकाला गया। परिजनों ने इसे एक्सीडेंट बताया है।

### रामगढ़ में संपूर्ण ग्राम विकास केंद्र का विकास मेला कल

**मेदिनीनगर।** संपूर्ण ग्राम विकास केंद्र पलामू रामगढ़ के आड़ागाडा खेल मैदान में विकास मेला 15 फरवरी को रखा है। इसकी जानकारी केंद्र के विनोद कुमार ने दी। बताया कि 14 को किसानों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया है।

# चियांकी पंचायत से नगर निगम का बोर्ड हटाने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

- चियांकी मुखिया बिनको उरांव ने नगर आयुक्त को लिखा पत्र



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के ग्राम पंचायत चियांकी की मुखिया बिनको उरांव ने मेदिनीनगर निगम आयुक्त जावेद हुसैन को पत्र भेजकर जनहित में चियांकी पंचायत से नगर निगम का बोर्ड हटाने की मांग की है। चियांकी मुखिया ने पत्र के माध्यम से नगर आयुक्त से कहा है कि ग्राम पंचायत चियांकी पहाड़ के निकट नगर निगम के द्वारा गलत तरीके से निगम का बोर्ड लगा दिया गया है। कुछ लोग अवैध तरीके से नगर निगम का बोर्ड दिखाकर अवैध वसूली की जा रही है। बार-बार मौखिक मना करने के बावजूद नगर निगम का बोर्ड दिखाकर लोगों को कहता है कि जहां तक नगर निगम का बोर्ड है वहां तक निगम का टैक्स लिया जाना है। इससे आम जनता व दुकानदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# जेईई मेंस 2025 सेशन- 1 की परीक्षा में एमके डीएवी के 12 विद्यार्थियों का परचम

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** 11 फरवरी को एनटीए द्वारा संचालित देश की प्रतिष्ठित परीक्षा जेईई मैंस के सेशन- 1 का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। इस परीक्षा में डीएवी पब्लिक स्कूल के 12 बच्चों ने उच्च परसेंटाइल के साथ सफलता प्राप्त की । इस विद्यालय के ये सभी सफल छात्र वर्तमान सत्र 2024 - 25 में अध्यनरत हैं। इन सभी छात्रों ने बोर्ड परीक्षा के साथ ही प्रतियोगी परीक्षा की भी तैयारी शुरू कर दी थी, जिससे यह सुखद परिणाम सामने आया है। इन सभी छात्रों ने कक्षा - कक्ष शिक्षण एवं स्वाध्याय के बल पर बिना किसी कोचिंग के सफलता प्राप्त कर इस मिथक को तोड़ा है कि मेदिनीनगर में रहकर बड़ी सफलता नहीं प्राप्त की जा सकती है। इन सभी छात्रों ने अखिल भारतीय स्तर पर सफलता प्राप्त कर विद्यालय, शिक्षक एवं अपने माता-पिता को गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान किया है। इन छात्रों में खुशी कुमारी 98.2 परसेंटाइल, अंकित तिवारी 96.48, रोहन पांडे 92.78, मयंक अग्रवाल 92.69, आदित्य पांडे 89.74, स्वरित रंजन 89.57, आदर्श श्रीवास्तव 89.9, राजनंद पटेल 85.28, आयुषी राज 84.5, पुष्टिवर्धन 80, आयुषी त्रिपाठी 74.74 एवं आदित्य कुमार 72.54 परसेंटाइल हैं। इस अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी, सह प्राचार्य एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज डॉक्टर जीएन खान ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए आगामी परीक्षा हेतु शुभकामना प्रदान की। प्राचार्य ने बताया कि इस विद्यालय में प्रतियोगी परीक्षा के आधार पर पूरे देश से चयनित योग्य शिक्षक अत्याधुनिक शिक्षण तकनीकी एवं संसाधनों से छात्रों को बोर्ड एवं प्रतियोगी परीक्षा हेतु तैयार करते हैं। उच्च स्तर के कक्षा-शिक्षण से संतुष्ट छात्र, नामी - गिरामी कोचिंग संस्थानों के मकड़ जाल में न फंसकर कक्षा - शिक्षण एवं स्वाध्याय के बल पर अच्छा परिणाम देते हैं।

### जयमारन पथरा में रविदास जयंती और सांस्कृतिक कार्यक्रम, राकेश बोले

# व्यक्ति नहीं विचार थे संत रविदास

खबर मन्त्र संवाददाता



फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि व अन्य।

**पाटन पलामू।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम जयमारन पथरा में संत रविदास जयंती धूमधाम से मनायी गयी। ग्रामीणों ने संत रविदास जयंती के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया तथा रविदास जयंती मनायी। सिरमा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी ने फिता काटकर रविदास जयंती का शुभारंभ किया।

मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी राकेश दुबे ने कहा कि संत रविदास जी एक व्यक्ति ही नहीं थे बल्कि समाज के लिए वे एक विचारधारा थे। संत रविदास जयंती मनाने से ज्यादा जरूरी है उनके दिये गये उपदेश को मानना। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी के उपदेशों पर अगर हर व्यक्ति चलेगा तो सभी का जीवन में कल्याण हो जायेगा।

संत रविदास जी समाज देश के लिए धरोहर थे। वे हमेशा लोगों को आपसी भाईचारा का संदेश दिया करते थे। संत रविदास जी अपना जीवन समाज के कल्याण के लिए लगाया। उन्होंने कहा था कि किसी का बुराई मत करो हर व्यक्ति परिवार है उनके इन्हीं सब उपदेशों पर हम सभी को चलने की जरूरत है। मौके पर देवबंश कुमार, धर्मेन्द्र राम, नवालीक राम, राजु राम, गुप्तेश्वर राम, हरेंद्र राम, दीपक राम, निरंजन सिंह, अनहच राम, सुरज कुमार, रोहित कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# बीडीओ से अबुआ आवास में रिश्वत लेकर भी आवास नहीं देने की शिकायत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के बोदरा पंचायत की एक महिला लाभुक ने बीडीओ को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। दिए गए आवेदन में प्रखंड क्षेत्र के बोदरा पंचायत अंतर्गत हरिगांवा गांव निवासी उपेंद्र सिंह की पत्नी सोनी देवी ने लिखा है कि वे अत्यंत गरीब परीवार से हैं। घर के अभाव में किसी तरह मजदूरी कर आधा दर्जन बाल-बच्चों को लेकर भरण पोषण करते हैं। घर के अभाव में जैसे-तैसे जीवन गुजारा कर रहे हैं। झारखंड सरकार के द्वारा घर विहीन लोगों को घर देने के नाम पर पंचायत सचिव अविनाश कुमार के द्वारा सबसे पहले 25 हजार रुपए की मांग की गई। जिसमें किसी तरह कर्ज लेकर 5 हजार रुपए दिया गया। इसके बाद ही आवास का स्वीकृति दी गई। जिसे 7/896/4265/02573 के तहत क्रम संख्या 35 पर था, ऑनलाइन जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर 177 4058 है, परंतु 5 हजार रुपए देने के बावजूद भी और रुपए 20 हजार की मांग की गई। जिसे देने में असमर्थ रहा, जिसके कारण आवास को रद्द कर दिया गया। जबकि उन्होंने यह भी लिखा है कि इस पंचायत में लोगों को पक्का मकान है उसे भी




अबूआ आवास का लाभ दिया गया है। लेकिन मुझे रहने के लिए घर नहीं है। लाभुक सोनी देवी एवं उनके पति ने बताया गया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है। अगर यहां से न्याय नहीं मिलता है तो वह उपायुक्त के पास जाकर अपनी फरियाद सुनाऐंगे। इस संबंध में पंचायत सचिव अविनाश कुमार ने बताया कि पैसा का लेन देन का आरोप निराधार है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि मैं सोनी देवी का आवास को जांचोपरांत यह रिपोर्ट जिला मे भी भेजा हूं कि कच्चा और पक्का मकान है, जिला से नाम रद्द किया गया है। बीडीओ श्रीमती कनक ने बताई की सबसे पहले जब पंचायत सचिव के द्वारा रुपए की मांग की जा रही थी तो हमें बताना चाहिए था। अबुआ आवास में एक पैसा भी लेन देन नहीं करना है। इस मामले में जांच टीम गठित कर जांचों उपरांत संबंधित पंचायत सचिव पर कार्रवाई की जाएगी।

# डीसी ने की समीक्षा बैठक, अपूर्ण योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश



बैठक करते डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर ने समाहरणालय के सभाकक्ष में विभिन्न जिला स्तरीय पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता एवं विभिन्न निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी के साथ बैठक कर जिले में चलाये जा रहे विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा करते हुए अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में नगर परिषद गढ़वा, नगर पंचायत मंझिआंव एवं श्री बंशीधर नगर समेत गढ़वा जिले के विभिन्न प्रखंडों में सड़क निर्माण, भवन निर्माण, पेय जलापूर्ति, स्वास्थ्य सेवाएं, विद्युत आपूर्ति, खेल विभाग, 15वें वित्त, नीति आयोग एवं एन.एच. समेत कई अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई एवं इसके अंतर्गत चल रहे कार्यों को ससमय पूर्ण करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

डीसी ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे विभिन्न सड़क निर्माण को लेकर समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि बिना एनओसी लिए कोई भी कार्य न करें। साथ ही पेय जलापूर्ति योजना के तहत बिछाये जा रहे पाइपलाइन से सड़कों को हो रही क्षति की भरपाई संबंधित एजेंसी द्वारा सड़क की मरम्मती करते हुए करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने पेय जलापूर्ति योजनाओं के तहत विभिन्न खराब पड़े जलमीनारों को चिन्हित करते हुए शीघ्र ही मरम्मती करने का निर्देश दिया। इस कार्य के लिए 15वें वित्त से बने सभी खराब पड़े जलमीनार का सर्वे करते हुए जीपीडीपी में शामिल करने का निर्देश दिया गया। विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए डीसी ने पथ निर्माण विभाग एवं एनएच से समन्वय स्थापित करते हुए क्षतिग्रस्त बिजली पोल को दुरुस्त करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल, विद्युत विभाग गढ़वा को दिया। खेल विभाग की समीक्षा करते हुए डीसी ने खेल विभाग के अंतर्गत विभिन्न निर्माण हो रहे खेल के मैदानों एवं पर्यटन के क्षेत्र में किये जा रहे कार्य को शीघ्र ही मूर्त रूप देने के लिए जिला खेल पदाधिकारी गढ़वा को निर्देशित किया।

बैठक में डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, रंका एसडीओ रुद्र प्रताप, श्री बंशीधर नगर एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, गढ़वा सीएस डॉ अशोक कुमार समेत विभिन्न अभियंत्रण विभागों के कार्यपालक अभियंता, नगर परिषद गढ़वा एवं नगर पंचायत मंझिआंव एवं श्री बंशीधर नगर के कार्यपालक पदाधिकारी एवं सिटी मैनेजर समेत अन्य जिला स्तर के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# पूर्व मंत्री ने किया बाबा साहब की प्रतिमा का अनावरण



अनावरण करते पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रंका।** प्रखंड अंतर्गत सोनदाग पंचायत के हुरदाग गांव में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती मनाई गई। इस दौरान झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का फीता काटकर अनावरण किया।

मौके पर पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि हमें संत शिरोमणि गुरु रविदास के बताए मार्गों पर चलने की जरूरत है। हमें जात पात से ऊपर उठकर समाज को आगे बढ़ाने की जरूरत है। पूर्व मंत्री ने कहा कि हम सब एक हैं, हमारा खून एक है। हमें आपस में मिलकर रहना चाहिए। छुआछूत को दूर हटाना चाहिए। आज संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के जयंती के अवसर पर हम लोगों ने जो बाबा साहब के प्रतिमा का अनावरण किया है यह यहां के युवाओं का सोच का प्रतिफल है। युवाओं को भी बाबा साहब से प्रेरणा लेकर खुब पढ़ाई करना चाहिए।

मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, आशीष गुप्ता, रोशन पाठक, इजहार अंसारी, रतन सिंह, मुखिया रीमा देवी, कुमारी रीना भारती, पूर्व मुखिया मालती देवी किसमतिया देवी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# बाबू दिनेश सिंह यूनिवर्सिटी में जागरूकता कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



संबोधित करते अतिथि

**गढ़वा।** माननीय नालसा एवं झालसा के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा द्वारा बाबू दिनेश सिंह यूनिवर्सिटी के सभागार में 90 दिवसीय आउटरीच सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर की।

इस दौरान यूनिवर्सिटी की छात्राओं ने स्वागत गान, नृत्य के साथ गुरु मंत्र की प्रस्तुति दी। मौके पर यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति बाबू दिनेश सिंह ने स्वागत भाषण के साथ विश्वविद्यालय के महता पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न तरह के फैकल्टी के बारे में अवगत कराया। मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा अध्यक्ष नलिन कुमार ने भारतीय संविधान के साथ प्रशिक्षण रत छात्र-छात्राओं को कानून की मुख्य बिंदुओं की जानकारी देते हुए उनके द्वारा पूछे गए कई बिंदुओं पर सवाल का जवाब भी दिया। वहीं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार ने पोक्सो कानून एवं जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिवनाथ त्रिपाठी ने बौद्धिक प्रॉपर्टी एवं मोटर वाहन अधिनियम पर प्रकाश डाला। जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के सचिव रवि चौधरी ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण 1987 के गठन और नालसा स्कीम एवं झालसा के कार्य तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। जबकि एसडीजेएम मोनिका प्रसाद ने महिलाओं पर हो रहे हिंसा के बारे में जानकारी दी। सिविल जज जूनियर डिवीजन सह मजिस्ट्रेट अभिनव कुमार ने साइबर क्राइम, साइबर सुरक्षा पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला।

मौके पर चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट कुमार विपुल, एसीजेएम संगीता कुमारी, जुडिशल मजिस्ट्रेट वीणा कुमारी, अनुलिका कुमार, जुडिशल मजिस्ट्रेट सह रजिस्टार महेंद्र पंडित, पीएलवी कृष्णानंद दुबे, प्रमोद कुमार, दीनदयाल पाठक, भारत भूषण तिवारी सहित अध्यनरत छात्र-छात्राएं, यूनिवर्सिटी के कई डॉक्टर, कर्मचारी उपस्थित थे।

# शिक्षक नंदू राम का निधन



मृतक नंदू राम की फाइल फोटो

**रमना।** प्रखंड के बहियार खुर्द गांव निवासी 53 वर्षीय शिक्षक नंदू राम का निधन हो गया। जानकारी के अनुसार वह किडनी की बीमारी से पीड़ित थे। उनका इलाज पीजीआई लखनऊ में चल रहा था। जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। बुधवार को गांव के श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि इकलौते पुत्र आशुतोष ने दी। विदित हो कि 12 वर्ष पूर्व पत्नी उषा देवी ने उन्हें अपनी किडनी दी थी। नंदू राम के असमायिक निधन पर मुखिया सोनी देवी, शिक्षक फुलेंद्र राम, उमेश प्रसाद कर्ण, विष्णुदेव मांझी, नंदकिशोर चौबे, राकेश पांडेय, मनोज सिंह, शारदा देवी, प्रमोद सिंह, राहुल टंडवाल, राहुल गौतम, मुन्ना सिंह, जैसन राम सहित कई लोगो ने गहरी संवेदना प्रकट की है।

# सीपी मेमोरियल में लीगल लिटरेसी क्लास

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में सीपी मेमोरियल स्कूल में लीगल लिटरेसी क्लास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पीएलवी रमाशंकर चौबे ने सर्वधर्म प्रार्थना से की। उन्होंनें शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, दहेज प्रथा उन्मूलन, बाल मजदूरी प्रतिषेध अधिनियम के बारे में बच्चों को जानकारी दी।

# पूर्व मंत्री ने की दिवंगत पत्रकार आशुतोष के परिजनों से मुलाकात, दिया सहयोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा/कांडी।** बिंदास न्यूज गढ़वा के संस्थापक निदेशक युवा पत्रकार आशुतोष रंजन के आकस्मिक निधन को लेकर पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने उनके आवास पर जाकर शोक संतप्त परिजनों को ढाढस बंधाया। उन्होंने कहा कि इस अपार दुख की घड़ी में आप लोग अकेले नहीं हैं। मैं आप लोगों के साथ हर परिस्थिति में खड़ा हूं। सरकार आपके साथ खड़ी है। पलामू प्रमंडल के युवा पत्रकार आशुतोष रंजन के अचानक निधन को लेकर पूरे प्रमंडल में शोक का माहौल है। इस स्थिति में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने आशुतोष के पैतृक गांव कांडी थाना के अधौरा गांव स्थित आवास पर जाकर उनके परिजनों से मिलकर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने उनके पिता वरिष्ठ पत्रकार प्रियरंजन एवं दिवंगत पत्रकार के



आशुतोष रंजन के परिजनों से मिलते पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर

बच्चों से मिलकर गहरा शोक प्रकट किया। उन्होंने कहा कि कम उम्र में ही आशुतोष ने अपनी पत्रकारिता की विलक्षण शैली, सरल स्वभाव, मिलनसारिता एवं मृदुभाषी होने के कारण सबों के ऊपर अपनी गहरी छाप छोड़ी है। आज पूरा जिला नहीं पूरा प्रमंडल मर्माहत है। ऐसी स्थिति में मेरे साथ-साथ सरकार एवं पूरी व्यवस्था आप सबों के साथ खड़ी है। किसी भी परिस्थिति में अपने को अकेला नहीं समझें। पूर्व मंत्री ने आशुतोष रंजन के परिवार को एक लाख रुपए का चेक और श्राद्ध कार्यक्रम के लिए 25 हजार रुपए प्रदान किया। इसके अलावा, उन्होंने परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिलाने का आश्वासन भी दिया। पूर्व मंत्री ने मेराल थाना क्षेत्र के अकलवानी गांव निवासी जितेंद्र मिश्रा के भी घर पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की। ज्ञात हो कि 3 फरवरी को गढ़वा-शाहपुर मुख्य मार्ग पर झूरा गांव के समीप सड़क हादसे में उनकी मौत हो गई थी। साथ ही सहिजना के पूर्व वार्ड पार्षद सत्यवती देवी के पुत्र के निधन पर उनके गांव कांडी थाना क्षेत्र के चंद्रपुरा पहुंचे और मृतक के परिजनों को सांत्वना दिया। मौके पर गढ़वा जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, प्रवक्ता धीरज दुबे, झामुमो अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, चंदन जायसवाल, मनीष कमलापुरी, मुखिया शरीफ अंसारी, सुरेंद्र यादव, राजा सिंह, प्रियम सिंह, मयंक दुबे, अंकित पांडेय, अजय द्विवेदी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# धुरकी में मनाई गई संत रविदास की जयंती

**धुरकी।** प्रखंड के खाला गांव में संत शिरोमणि गुरु रविदास की 649वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी राम विशुन राम ने की। सर्वप्रथम संत रविदास जी महाराज की तस्वीर पर फुल माला चढ़ाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मौके पर समाजसेवी ने कहा कि संत रविदास जी महाराज समाजिक क्रांति के अग्रदुत समाज सुधारक एवं मानवतावादी संत थे।


## कार्यालय
## असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सिमडेगा

**Very Short Re- Tender Notice**

Tender No.........................Simdega/Dated............................

1. Civil Surgeon, Simdega invites sealed Bids in two bid systems for **"Supply of Phaco Machine & BASIC OPERATION MICROSCOPE for Sadar Hospital, Simdega " is invited from Manufacturer/Authorised Dealer /reputed agency** through tender Notice detailed as in the Bidding Document.
2. **Award Methodology:** -Bidder shall be awarded considering least cost i.e., L1 (Lowest Bidder). Bidder qualifying the Technical bid and meeting the pre-Qualifying criteria shall only be considered for opening of Price Bids. For details regarding "Methodology for selection of Supplier" refer **Terms & conditions**
3. **Salient Features of Bidding Document:-**

| Sl. No. | Details | Timelines/other Particulars |
|---|---|---|
| a. | Tender Document Fee (Non-Refundable) | ₹ 2000/- (Rupees Two Thousand Only) in the form of crossed demand draft in favour of "Civil Surgeon Cum Chief Medical Officer Simdega.", payable at Simdega should be attached with hard copy of Tender. |
| b. | Earnest Money Deposit (EMD) | ₹ 20000/- (Rupees Twenty thousand Only) in the form of crossed demand draft in favour of "Civil Surgeon Cum Chief Medical Officer Simdega." payable at Simdega should be attached with hard copy of Tender. |
| c. | Bid Start Date of Submission | 12.02.25 |
| d. | Last Date and time for submission of Bids | 25.02.25 at 12 PM |
| e. | Opening of Bid | 25.02.25 at 12:30 PM |

*Note:- If any of the cut-off date identified above happens to be holiday, the next working day shall be implied.*

***Details bid document*** can be downloaded from the official website of Simdega district i.e. www.Simdega.nic.in/www.gem.gov.in

Civil Surgeon cum
Chief Medical Officer,Simdega

PR 346419 (Simdega)24-25*D



## झारखण्ड सरकार
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

71वीं औपबंधिक सूची जिला–कोडरमा

| आवेदनकर्त्ता का विवरण | केस सं0/वाद सं0 | झा0 आं0 के सेनानी पुस्तिका मे नाम | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|
| 1. आवेदन क्रमांक–01/25 2. आवेदक–मीना बिरहोरीनी (आश्रित पत्नी) 3. पति–स्व0 तिलक बिरहोर आन्दोलनकारी) 4. ग्राम–तिलैया बस्ती ,पोस्ट–झुमरी तिलैया 5. थाना–तिलैया प्रखण्ड–कोडरमा 6. लिंग–महिला आयु–35 वर्ष 7. पहचान चिह्न–पैर में कटे का निषान। | तिलैया थाना अप्राथ0 सं0 15/93 कोडरमा दण्डा0 वाद सं0 124/93 | नहीं | कारण :–दिनांक 15.03.1993 को झामुमो (सोरेन गुट) द्वारा झारखण्ड बंद के अवसर पर विधि–व्यवस्था भंग का आरोप। धारा–107, 151 दं0प्र0सं0 जेल की अवधि–02 दिन पार्टी का नामः–झामुमो(सोरेन) | 2(viii)(a) (आश्रित पत्नी) |
| 1. आवेदन क्रमांक–372 2. आवेदक–गोविन्द शरण मोदी 3. पिता–स्व0 काली मोदी 4. ग्राम–धुवाडीह , पोस्ट–जानु 5. थाना–मरकच्चो प्रखण्ड–मरकच्चो 6. लिंग–पुरुष आयु–74 वर्ष 7. पहचान चिह्न–सर पर बायें तरफ कटा का निषान। | नही | नही | कारण–नोडल पदाधिकारी, कोडरमा के द्वारा संलग्न पार्टी कागजात एवं नरेश गुप्ता एवं अशोक कुमार वर्णवाल के द्वारा पहचान के आधार पर आंदोलनकारी होने का मंतव्य दिया गया है। | 2(ix) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।

2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आशय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उरॉंव) अध्यक्ष

PR.NO.346380 Home(24-25):D



## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा
पाण्डेय गणपत राय भवन प्रथम तल्ला, समाहरणालय, लोहरदगा पिन –835302
E-mail :- ssaloh@rediffmail.com / lohardagassa@gmail.com

**आम – सूचना**

**जिले में संचालित 03 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों (CM SoE) में नामांकन से संबंधित सूचना :–**

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, रॉंची का पत्रांक ME/01/1183/2023/67 दिनांक 08.01.2025 के आलोक में जिले में संचालित 03 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों (CM SoE) में शैक्षणिक सत्र 2025–26 में विद्यालवार नामांकन के लिए सुयोग्य छात्र/छात्राओं में निम्नवत् रूप से आवेदन आमंत्रित किया जाता है :–

| SL | NAME OF SoE SCHOOL | U-DISE CODE | CLASS WISE STATUS | "AVAILABLE SEATS IN SCHOOL (NEW SESSION)" | Website Address |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | KASTURBA CM SoE GIRLS LOHARDAGA | 20150105905 | CLASS 6 | 40 | https://kasturbagirlslohardaga.com |
| | | | CLASS 7 | 17 | |
| | | | CLASS 8 | 6 | |
| | | | CLASS 9 | 86 | |
| | | | CLASS 10 | 0 | |
| | | | CLASS 11 | 124 | |
| | | | CLASS 12 | 0 | |
| 2 | KGBV CM SoE LOHARDAGA | 20150102504 | CLASS 6 | 25 | https://www.kgbvlohardaga.com |
| 3 | DISTRICT CM SoE NADIA HINDU LOHARDAGA | 20150105007 | CLASS 6 | 40 | https://govtnadiahinduschool.com |
| | | | CLASS 7 | 5 | |
| | | | CLASS 8 | 0 | |
| | | | CLASS 9 | 81 | |
| | | | CLASS 10 | 0 | |
| | | | CLASS 11 | 250 | |
| | | | CLASS 12 | 0 | |

इच्छुक छात्र/छात्राओं तथा उनके अभिभावकों से अनुरोध है कि वे दिनांक 20.02.2025 तक अपना आवेदन ऑनलाईन अथवा ऑफलाईन मोड में राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा निर्गत दिशा– निर्देश के अनुरूप किया जा सकता है। नामांकन हेतु ऑनलाईन आवेदन झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, रॉंची के अधिकारिक बेबसाईट – **https://evidyavahini.jharkhand.gov.in/studentAdmission** के पोर्टल पर वांछित अभिलेखों के साथ किया जा सकेगा। आवेदन संबंधित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों से नामांकन प्रपत्र प्राप्त कर ऑफलाईन मोड में संबंधित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में जमा किया जा सकता है। विस्तृत सूचना एवं आवेदन पत्र प्रारूप जिले के अधिकारिक बेबसाईट **lohardaga.nic.in** पर भी उपलब्ध है। नामांकन हेतु अभिभावकों के जानकारी के लिए सभी विद्यालयों में तथा झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय में हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी –सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा

PR 346342 Lohardaga(24-25)#D



## झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, रॉंची।
## अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –38/2024–25
**Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, रॉंची।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, रॉंची।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :– 20.02.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 21.02.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 21.02.2025 को अपराह्न 3.30 बजे ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,रॉंची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, रॉंची।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थानः– :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, रॉंची।
8. कार्यो की विवरणी :–

| क्र | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Special repair and improvement of water supply, sanitary work and sewerage work with necessary allied works at C-45, Ratu Road quarter near Durge Mandir Ranchi under D.W.& S. Division, Gonda, Ranchi. | 222842.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 2. | Improvement of Water supply by old & rusted G.I. Pipe & damaged W/S Tank at Qtr. No. B/4 & New Flat, A to D Block (24 Nos) New Police Line and Qrt. No. C-1, Old Police Line, Kanke Road, Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 299282.00 | 6000.00 | 750.00 | 15 Days |
| 3. | Replacement of damaged of water supply pipe & it's fittings and Water Storage Tank in Residence Quarter No D-01 (New) & D-03 Dindayal Nagar Morabadi, Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 358464.00 | 8000.00 | 750.00 | 15 Days |
| 4. | Renovation of toilet cum bathroom with improvement of W/S, S/I, sewerage work at Store Room, 1st Floor & replacement of Sanitary fittings, CP fittings in PM Suit bathroom and Installation of 80/40 Liter Cooling cum purifier RO in Pantry (Ground Floor) in Rajbhawan Campus, Ranchi under D.W.& S. Division, Gonda, Ranchi. | 695554.00 | 14000.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 5. | Replacement of Chocked filter media of iron removal plant, improvement of W/S and other misc. works at the Residence of Sri Shibu Soren Hon'ble M.P. (Rajya Sabha) Morabadi Ranchi under D.W.& S.Division, Gonda, Ranchi. | 747429.00 | 13000.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 6. | Seepage repair & Renovation of toilet Cum room, Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Works at Old CM Guest House Kanke Road Ranchi. under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1672875.00 | 34000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 7. | Improvement of Water Supply & sewerage line and replacement of damaged 25mm, 65mm UPVC sch-80 pipe & 110mm PVC SWR Pipes from ground floor up to 5th floor at 40 court Building of Jharkhand Ranchi under D.W.& S. Division, Gonda, Ranchi. | 2053778.00 | 42000.00 | 5000.00 | 15 Days |

नियम एवं शर्तें सूचनापट् पर देखा जा सकता है।


PR 346365 Drinking Water and Sanitation (24-25)D | कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, रॉंची।

खबर मन्त्र
अभिव्यक्ति
epaper.khabarmantra.net
रांची. शुक्रवार. 14 फरवरी 2025

# सड़क हादसों की चिंता

देश की इन कातिल सड़कों की हकीकत बताता केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय का एक डराने वाला आंकड़ा पिछले दिनों सामने आया। मंत्रालय के अनुसार पिछले दस सालों में हुए सड़क हादसों में 15 लाख लोग मारे गए। यह आंकड़ा भयावह है और इस गंभीरता को संबोधित करने की जरूरत बताता है। दरअसल, वर्ष 2014 से 2023 के बीच सड़क हादसों में 15.3 लाख लोग मारे गए। सड़क हादसों में मरने वाले लोगों में भारत दुनिया में शीर्ष पर है। यह हमारी व्यवस्था की नाकामी को भी उजागर कर रहा है कि क्यों हर साल डेढ़ लाख लोग मारे जा रहे हैं। आखिर दस साल में केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ जैसे शहर की आबादी से ज्यादा लोग क्यों अकारण मौत के मुंह में चले जाते हैं? आखिर उन लोगों का क्या कसूर था कि उनके हिस्से में ऐसी दर्दनाक मौत आई? आखिर क्यों हम पूरी दुनिया में सड़क हादसों में सबसे ज्यादा मरने वाले देश के रूप में जाने जाते हैं? ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि देश में हर दस हजार किलोमीटर पर मरने वालों की दर 250 है जबकि अमेरिका, चीन और आस्ट्रेलिया में यह संख्या 57, 119 व 11 है। निश्चित रूप से भारत में सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों का यह आंकड़ा एक संवेदनशील व्यक्ति को हिलाकर रख देता है। हालांकि, देश में समय के साथ वाहनों की संख्या और सड़क निर्माण में भी वृद्धि हुई है, लेकिन दुर्घटनाओं का आंकड़ा कम नहीं हो रहा है। वर्ष 2012 में करीब 16 करोड़ गाड़ियां रजिस्टर्ड थी जो पिछले एक दशक में दुगनी हो गई हैं। लेकिन उस अनुपात में सड़कें नहीं बढ़ीं। जहां वर्ष 2012 में देश में भारतीय सड़कों की लंबाई 48.6 लाख किलोमीटर थी, तो वर्ष 2019 में यह 63.3 लाख किलोमीटर तक जा पहुंची थी। देश में सड़क सुरक्षा को लेकर मानवीय लापरवाही सबसे बड़ा कारण है जिसका निदान निकालने की आवश्यकता है।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

मेष : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-3-8-9

वृष : स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-5-6-7

मिथुन : संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-6-7-9

कर्क : व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। समय आपके पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-3-7-9

सिंह : कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-6-9

कन्या : मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-3-7-9

तुला : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-4-8-9

वृश्चिक : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-5-7

धनु : व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। शुभांक-4-6-7

मकर : शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक-3-6-8

कुंभ : किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। शुभांक-4-6-8

मीन : संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है अतरूधैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। मनोबल ऊंचा रखें काम में लगे रहें लाभ होगा। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-5-7-8

# योग -भक्ति के पुरोधा स्वामी निरंजनानंद

बगैर शोर-शराबे के योग-संस्कृति को फैलानेवाले स्वामी निरंजनानंद आत्मप्रचार से हमेशा दूर रहे। आज 14 फरवरी को उनका जन्म दिवस है। स्वामीजी ने अपने गुरु स्वामी सत्यानंद द्वारा स्थापित मुंगेर स्थित बिहार योग विद्यालय को श्रेष्ठ संस्थान बना दिया है। साथ ही रिखिया पीठ को उच्च स्थान पर बनाये रखा है। योग के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य के लिए पद्मविभूषण अलंकरण से भी सम्मानित किया जा चुका है।


बात 1956 की है। जब स्वामी निरंजनानंद के गुरु स्वामी सत्यानंद ऋषिकेश स्थित स्वामी शिवानंद के आश्रम मे रह रहे थे। उन्होंने स्वामी सत्यानंद को अपने पास बुलाया और कहा कि तुम्हारा जाने का समय आ गया है. जाओ। दुनिया में परिव्राजक की तरह घूमो. दुनिया को योग सिखाओ।

स्वामी सत्यानंद संसार के लिए निकले. 1963 तक परिव्राजक की तरह भ्रमण करते रहे। स्वामी सत्यानंद को बीस साल मिले और इस अवधि में दुनिया को सत्यानंद के जरिये योग मिला।

इन्हीं बीस सालों में मुंगेर में बिहार योग विद्यालय की स्थापना हुई, जहां से निकल कर सत्यानंद पूरी दुनिया में जाते थे और पूरी दुनिया से लोग निकल कर बिहार योग विद्यालय पहुंचते थे। एक से एक प्रामाणिक, वैज्ञानिक योग ग्रंथों का प्रकाशन हुआ. बीसवीं सदी में योग का जो पुनर्जागरण होना था, बिहार योग विद्यालय उसका केंद्र बन गया और स्वामी सत्यानंद सूत्रधार।

दुनिया का शायद ही कोई ऐसा महाद्वीप होगा, जहां स्वामी सत्यानंद ने योग का बीज न बोया हो। अरब से लेकर अमेरिका तक. अफ्रीका से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक. स्वामी शिवानंद का परिव्राजक संन्यासी पूरी दुनिया में घूम घूमकर योग बीज बो रहा था, जो आगे चल कर पुष्पित और पल्लवित होनेवाला था। चार साल के स्वामी निरंजन इसी दैवीय योजना का हिस्सा होकर बिहार स्कूल ऑफ योगा पहुंचे थे।

1964 बिहार स्कूल ऑफ योगा और स्वामी निरंजन दोनों के लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण साल है। इसी साल मुंगेर में बिहार योग विद्यालय की स्थापना हुई और इसी साल चार साल के निरंजन योग विद्यालय में प्रविष्ट हुए। छतीसगढ़ के राजनांदगांव में 14 फरवरी, 1960 को जन्मे स्वामी निरंजनानंद की जीवनदिशा उनके गुरु स्वामी सत्यांनद द्वारा निर्देशित रही। यहां उन्हें गुरु ने योगनिद्रा के माध्यम से योग और अध्यात्म का प्रशिक्षण दिया। कम उम्र में ही वे इतने योग्य हो चुके थे कि स्वामी सत्यानंद ने उन्हें दशनामी संन्यास परंपरा में दीक्षित करने के बाद काम पर लगा दिया। उन्हें विदेशों में योग केंद्रों की स्थापना करनी थी। जहां योग केंद्र स्थापित हो चुके थे, उनके संचालन को भी सुनिश्चित करना था। उन्हें न सिर्फ योग समझाना था, बल्कि दुनिया की विविध संस्कृतियों को समझना भी था। सांस्कृतिक एकता के यौगिक सूत्रों की खोज करनी थी. अमेरिका से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक। वहां उन्होंने विशेष तौर पर घ्यान और प्राणायाम के क्षेत्र में अनुसंधान का काम अल्फा रिसर्च के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित डॉ जो कामिया के साथ काम किया।



सैन फ्रांसिस्को, कैलिफोर्निया के ग्लैडमैन मेमोरियल सेंटर के जापानी डॉ टॉड मिकुरिया ने उन पर ध्यान संबंधी शोध किये। जिस समय स्वामी निरंजनानंद विदेश के लिए निकले, तो उस समय स्वामी सत्यानंद के योग आंदोलन के परिणामस्वरूप केवल फ्रांस में 77 हजार पंजीकृत योग शिक्षक थे। उस समय के लिए यह बहुत बड़ी संख्या थी। उन दिनों वे सिर्फ इन योग शिक्षकों को प्रशिक्षित करते थे, ताकि वे अपने स्कूलों मे लौट कर विद्यार्थियों को प्रशिक्षित कर सकें। बाद में यह आंदोलन 'रिसर्च ऑन योगा इन एड्यूकेशन के नाम से पूरी दुनिया में फैल गया। यूरोप में इस आंदोलन का सूत्रपात पेरिस की स्वामी योगभक्ति, कनाडा में स्वामी अरुंधती ने आरंभ किया गया. इस आंदोलन का नाम योगा एजुकेशन इन स्कूल रखा गया। परिणामस्वरूप यह उत्तर तथा दक्षिण अमेरिका में काफी लोकप्रिय हुआ। इसके परिणामस्वरूप अनेक देशों की शिक्षा पद्धति में योग को शामिल किया गया। निरंजनानंद सरस्वती ने 1983 तक वह सब किया। 23 साल की उम्र तक जब तक कोई नौजवान काम करने के लिए घर से बाहर कदम रखता है, तब तक स्वामी निरंजन अपने हिस्से का एक बड़ा काम पूरा करके वापस लौट आये थे। अब उनके हिस्से आगे की जिम्मेदारियां आनेवाली थीं.

> सैन फ्रांसिस्को, कैलिफोर्निया के ग्लैडमैन मेमोरियल सेंटर के जापानी डॉ टॉड मिकुरिया ने उन पर ध्यान संबंधी शोध किये। जिस समय स्वामी निरंजनानंद विदेश के लिए निकले, तो उस समय स्वामी सत्यानंद के योग आंदोलन के परिणामस्वरूप केवल फ्रांस में 77 हजार पंजीकृत योग शिक्षक थे। उस समय के लिए यह बहुत बड़ी संख्या थी।



**- स्वामी मुक्तरक्ष**

भारत लौटने के बाद उन्होंने बिहार योग विद्यालय को विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा तक ले गये, लेकिन साथ ही साथ वे समूचे विश्व में स्वामी सत्यानंद के बीजारोपण की माली की तरह रखवाली भी करते रहे। वर्ष 1993 के विश्वयोग सम्मेलन के बाद गंगा दर्शन में बाल योग मित्र मंडल की स्थापना की गयी. इसका आरंभ मुंगेर के सात छोटे बच्चों से किया गया और आज मुंगेर शहर में ही बाल योग मित्र मंडल 5000 से अधिक प्रशिक्षित बच्चे योग शिक्षक हैं। मुंगेर में यह संख्या 35 हजार और पूरे भारत में 1,50000 हैं। इन बच्चों ने तीन आसनों, दो प्रणायामों,शिथिलीकरण एंव धारणा के एक-एक अभ्यास का चयन किया।

दरअसल स्वामी सत्यानंद सरस्वती का स्पष्ट दृष्टिकोण था कि यदि हम बच्चों तक पहुंच पाते हैं और उनके जीवन की गुणवत्ता और प्रतिभा में सुधार ला पाते हैं, तो वे अपनी रचनात्मकता का अधिकतम उपयोग कर अपने भावी जीवन के तनावों और संघर्षों का सामना बेहतर ढंग से कर पायेंगे। तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम दो बार मुंगेर बच्चों के कार्यक्रम में आये. उन्होंने मुंगेर को योगनगरी की संज्ञा दी।

स्वामी निरंजनानंद ने वर्ष 1994 में विश्व के प्रथम योग विश्वविद्यालय, बिहार योग भारती की तथा वर्ष 2000 में योग पब्लिकेशन ट्रस्ट की स्थापना की. मुंगेर में विभिन्न गतिविधियों के संचालन के साथ उन्होंने दुनिया भर के साधकों का मार्गदर्शन करने हेतु व्यापक रूप से यात्राएं की.

वर्ष 2009 में गुरु के आदेशानुसार संन्यास जीवन का एक नया अध्याय आरंभ किया. योग दर्शन, अभ्यास एवं जीवनशैली की गहन जानकारी रखनेवाले स्वामी निरंजनानंद सरस्वती ने योग, तंत्र, उपनिषद पर अनेक प्रामाणिक पुस्तकें लिखी हैं. योग का मानव प्रतिभा के रूप में किस प्रकार इस्तेमाल हो, इसके लिए निरंतर प्रत्यनशील हैं. उनकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि प्रचार में विश्वास न कर काम में यकीन करते हैं। वर्ष 2013 के विश्वयोग सम्मेलन के बाद उन्होंने भारत यात्रा का एलान किया और वर्ष 2014 के लिए चार जगहें चुनी गयीं- काठमांडू, मुंबई, कोलकाता और दिल्ली. इन चारों जगहों पर योगोत्सव का आयोजन किया गया। अपनी तरह की यह पहल कुछ ऐसी ही अनूठी है, जैसे साठ या सत्तर के दशक में स्वामी सत्यानंद ने विदेशों में की थी. वहां लोगों को योग से परिचय की जरूरत थी, लेकिन भारत में स्वयं की विस्मृति बहुत भयावह हो चली है। खासकर महानगरों में. सभ्य हो जाने के बाजारू अंधानुकरण में

## लेटर टू एडिटर

### साइबर अपराध

**देश** में साइबर अपराधों पर नियंत्रण के लिए एक सक्षम और प्रशिक्षित साइबर विशेषज्ञ कार्यबल की कमी है। साइबर अपराधी शिक्षित हैं और विभिन्न तरीकों से अधिकारियों को शिकार बना रहे हैं। हाल में वीआईपी और विमान सेवाओं को धमकी देने के घटनाक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सुरक्षा को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। इस स्थिति में, अत्याधुनिक तकनीक से लैस युवा साइबर टीमों का गठन आवश्यक है, जिसमें पर्याप्त संख्या में अधिकारी भी शामिल हों।

**-बीएल शर्मा, हजारीबाग**

### प्रदूषण की समस्या

अफसोस है कि कारगर समाधान की तलाश नहीं होती। एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते, हमें कुछ कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। सामूहिक प्रयास प्रदूषण को कम कर सकते हैं। इस दिशा में हम सभी को जागरुक होना होगा।

**-सत्यप्रकाश गुप्ता, खूंटी**

## X ट्वीट

**जम्मू** के अखनूर में सर्च ऑपरेशन के दौरान झारखण्ड से कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी और सेना के एक और जवान के शहीद होने की दुःखद खबर मिली। मरांग बुरु शहीद जवानों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

**- हेमंत सोरेन सीएम**

**आध्यात्मिक** पथिक का प्रथम पाथेय वैचारिक शुभता और अंतस् की पवित्रता है, जिसकी निर्मिती शुभ-संकल्प, आत्म-संयम, सत्संग और स्वाध्याय से ही सम्भव है। इन्द्रिय संयम और सन्त सद्गुरुजनों के आशीष-अनुग्रह से जीवन में अंतर्निहित दिव्य सम्भावनाओं का उदय होता है।

# क्या आपका पहला वेलेंटाइन डे है? क्या करें, क्या न करें

## वेलैंटाइन डे

**सुधांशु कुमार**

पहला वेलेंटाइन डे हमेशा याद रहता है और जीवन की दिशा भी तय करता है। इस दिन लड़का और लड़की दोनों की धड़कनें तेज हो जाती हैं, लड़का जहां कैसे कहूं की उलझन से जूझता रहता है लड़की रिश्ते की नईदुनिया में प्रवेश करने से पहले हिचक भी रही है साथ ही कदम भी पीछे नहीं हटाना चाहती। कमिट करने से पहले ठंडे दिमाग से जरूर सोचें फिर आगे बढ़ें। यहां पढ़िए कि इस दिन आपको क्या नहीं करना है।

**आई लव यू कहे लेकिन देर से**

इसमें शक नहीं कि जो बात आपने अपने स्वीटहार्ट को वेलेंटाइटाइन डे पर कहने के लिए सुरक्षित रखी थी, उसे कहने के लिए आप उतावली हो रही हैं लेकिन पहली बार में ही आई लव यू कह कर कमिट करना समझदारी नहीं है। यह दिन आपको एक दूसरे की भावनाओं को स्वीकार करने और उसे सेलिब्रेट करने का अवसर देता है। सच यह है कि इतनी बड़ी बात तब कहें जब यह दिल की गहराईयों से अपने आप निकल कर आए। आपका पार्टनर भी आपको प्यार करता है या नहीं यह सुनिश्चित करने के बाद ही कहें। यकीन जानिए कि आप प्यार में कितनी ही अंधी क्यों न हो जाएं लेकिन आपके अंदर जो छठी इंद्रीय है वह आपको सावधान करती रहेगी कि प्यार सच्चा है या झूठा।

प्यार की अभिव्यक्ति के लिए सुरक्षित इस दिन किया गया कमिटमेंट ज्यादा ड्रामाई होकर मुंह के बल औंधा गिर भी सकता है। इसलिए इस अभिव्यक्ति को सही लम्हे के सामने आने तक इंतजार करें।

**मुझे तुमसे बात करना है**

हमने ऐसे हजारों किस्से सुनें है जब दो प्रेमी आपस में भविष्य की 'बात' करने बैठते हैं तो बात बहस में तब्दील हो जाती है और कई बार हमेशा के लिए ब्रेकअप भी हो जाता है। किसी गलत समय पर उठाई गई महत्वपूर्ण बात खोखली नजर आती है। इसलिए अपनी रिलेशनशिप का भविष्य तय करने जितनी गंभीर बात किसी और दिन पर टाल दें। वेलेंटाइन डे इसके लिए उचित दिन नहीं है।

मैं वैलेंटाइन डे की परवाह नहीं करता या करती हम सभी यह जानते हैं कि वेलेंटाइन डे का सबसे बड़ा फायदा गिफ्ट आइटम या कार्ड बेचने वालों को होता है, हम यह भी जानते हैं कि प्यार जैसी पवित्र भावना की अभिव्यक्ति साल भर में किसी खास दिन की मोहताज नहीं है। इसका सेलिब्रेशन सारे साल किसी भी दिन मनाया जा सकता है।

इसके बावजूद वेलेंटाइन डे का अपना महत्व है इसलिए कभी पार्टनर को इस खास दिन पर यह नहीं कहें कि मैं वैलेंटाइन डे की परवाह नहीं करता। यह दिन अपनी रिलेशनशिप की परीक्षा लेने का नहीं है।

**मेरा तो मूड ऑफ हो गया**

इस दिन आपकी आपेक्षाएं बहुत अधिक होती हैं, पहले से प्लान भी बनाए होते हैं। इनमें जरा सी भी गड़बड़ हो तो मूड ऑफ होना स्वाभाविक है लेकिन यहीं आपके धीरज की परीक्षा होती है। जिस रेस्तराँ में आपने वेलेंटाइन डे मनाने का रिजर्वेशन कराया है वह किसी कारण रद्द भी हो सकता है। आपके मन माफिक डिश नहीं हुई या सर्विस लेट हुई तो आप अपने आपको पार्टनर के साथ में अपमानित महसूस करने लगते हैं।

याद रखिए कि यह दिन भी दूसरे दिनों की तरह एक सामान्य दिन है। वेटर या रेस्तराँ मैनेजर से झगड़ा करते समय आपका रौद्ररूप देखकर पार्टनर आपसे हमेशा के लिए विमुख भी हो सकती है। यह एक खास दिन है लेकिन किसी की गलती को बहुत दिल पर न लें।

पूरी शाम कुढ़ते हुए या गालियां बकते हुए खराब न करें। याद रखिए कि प्लान ' ए' फेल हो जाते दो प्लान 'बी' पर जाने के लिए हमेशा गुंजाइश रहती है।

क्या आज आप डेट पर चलने के लिए फ्री हैं? यह दिन डेट पर जाने के लिए नहीं होता। खासतौर पर पहले वेलेंटाइन डे पर पार्टनर से डेट पर चलने का आग्रह न करें। वेलेंटाइन डे की पार्टी में अक्सर ऐसे कपल अधिक होते हैं जो पहले से एक दूसरे को जानते हैं और कुछ समय एक दूसरे के साथ बिता चुके हैं। उनसे घिरे आप भी सोचते हैं कि क्या मुझे भी अपने पार्टनर को कुछ लिबर्टी देना चाहिए।

दूसरों के देखकर आप भी प्रेरित होते हैं लेकिन यही समय दिमाग ठिकाने पर रखने का होता है। दूसरों को देखकर होश न खो दें, रिलेशनशिप को पकने के लिए थोड़ा समय दें। यकीन जानिए आप वेलेंटाइन डे का बुखार उतरने के बाद दूसरे दिन ज्यादा खुश उठेंगी क्योंकि आपने संयम रखा और भावना के बहाव पर लगाम कसे रखी।

# परीक्षा पर चर्चा विशेष: हमेशा जीवन बोलना चाहिए, मार्क्स नहीं

## एग्जाम अलर्ट

**-प्रियंका सौरभ**

**परीक्षा** पर चर्चा 2018 से एक वार्षिक कार्यक्रम रहा है। इस कार्यक्रम में भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरे देश के अभिभावकों, शिक्षकों और छात्रों से बातचीत करते हैं। वे प्रवेश और बोर्ड परीक्षाओं को सहज और आसान तरीके से कैसे हल किया जाए, इस पर सलाह देते हैं। इस कार्यक्रम के प्रतिभागियों को एक प्रतियोगिता के माध्यम से चुना जाता है। इस कार्यक्रम में भाग लेने का मौका मिलने के अलावा प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रधानमंत्री से आमने-सामने बात करने का भी अवसर मिलता है। परीक्षा पर चर्चा का उद्घाटन संस्करण 16 फरवरी, 2018 को हुआ था। 29 जनवरी, 2024 को होने वाले 7वें संस्करण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, ₹पर्याप्त नींद लें और रील देखने में समय बर्बाद न करें।₹ 2025 में आयोजित होने वाले आठवें पीपीसी में इस साल परीक्षा से सम्बंधित तनाव कम करने पर विशेष जोर दिया गया था। परीक्षा पर चर्चा 2025 कार्यक्रम में सद्गुरु (आध्यात्मिक नेता), दीपिका पादुकोण (अभिनेत्री), विक्रांत मैसी (अभिनेता), मैरी कॉम (ओलंपिक चैंपियन, बॉक्सर) और अवनी लेखरा (पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता) जैसे प्रसिद्ध व्यक्ति शामिल हुए। इन प्रतिष्ठित अतिथियों ने तनाव प्रबंधन, उद्देश्यों को पूरा करने और प्रेरणा बनाए रखने पर अपने अनुभव और व्यावहारिक विचार साझा किए।

नरेन्द्र मोदी ने परीक्षा पर चर्चा 2025 के आठवें संस्करण के दौरान छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ बातचीत की। यह वार्षिक आयोजन छात्रों को परीक्षा की चिंता, करियर प्लानिंग और व्यक्तिगत विकास जैसे मुद्दों पर बात करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इस वर्ष के आयोजन के लिए 330 करोड़ से अधिक छात्रों, 2071 लाख शिक्षकों और 551 लाख अभिभावकों ने पंजीकरण कराया है, जो देश के युवाओं पर इस पहल के निरंतर प्रभाव को दशार्ता है। पीएम मोदी के अनुसार, कक्षा 10 और 12 में 40-50% छात्र असफल होते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि यह उनका अंतिम उद्देश्य है। शैक्षणिक और व्यक्तिगत सफलता और असफलता के बीच अंतर को पहचानना महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने क्रिकेट खिलाड़ियों का उदाहरण दिया, जो दिन के अंत में अपनी गलतियों पर विचार करते हैं और उनमें सुधार करते हैं; छात्रों को भी ऐसा ही करना चाहिए। उनके अनुसार, आपका जीवन वही है जो आपके अंक बताते हैं, न कि आप। पीएम ने छात्रों को दबाव को नजरअंदाज करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि एक बल्लेबाज की तरह जो स्टेडियम के शोर और नारों को नजरअंदाज कर गेंद पर ध्यान केंद्रित करता है, छात्रों को भी तनाव के बजाय अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

उन बच्चों का क्या होता है जो स्कूल में फेल हो जाते हैं? देखिए, असफलता जीवन के अंत का संकेत नहीं है। आप जीवन में सफल होना चाहते हैं या किताबों के माध्यम से, यह आप पर निर्भर करता है। अपनी सभी असफलताओं को शिक्षण के अवसर में बदलना जीवन में सफलता प्राप्त करने की एक रणनीति है। अपनी गलतियों को अपने शिक्षण के क्षण बनाएँ। जीवन केवल परीक्षा नहीं है। इसे समग्र रूप से देखा जाना चाहिए। हमें कुछ खासियतें देने के अलावा भगवान ने हमारी कुछ खामियाँ भी रखी हैं। खूबियों पर ध्यान दें। आपसे यह नहीं पूछा जाएगा कि आपको 10वीं और 12वीं कक्षा में कितने ग्रेड मिले। यह जीवन होना चाहिए, न कि अंक। रटने की शिक्षा के विपरीत, प्रधानमंत्री मोदी ने समग्र शिक्षा और रचनात्मक शिक्षा के महत्त्व पर जोर दिया। छात्रों से सॉफ्ट स्किल सीखने और पाठ्येतर गतिविधियों में भाग लेने का आग्रह किया गया। प्रधानमंत्री ने छात्रों को सलाह दी कि परीक्षाओं को सीखने के अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए, न कि बोझ के रूप में। उन्होंने सलाह दी कि छात्रों को ग्रेड से ज्यादा ज्ञान को प्राथमिकता देनी चाहिए। अच्छा व्यवहार, अनुशासन और अभ्यास-अधिकारों के लिए शोर मचाना नहीं-नेतृत्व की पहचान हैं। सफल शिक्षा के लिए स्वस्थ भोजन और पर्याप्त नींद के महत्त्व पर बल दिया। छात्रों से मानसिक स्वास्थ्य के लिए बाहर समय बिताने और शारीरिक गतिविधि के स्तर को बढ़ाने का आग्रह किया।

पीएम मोदी ने छात्रों को सलाह दी कि वे परीक्षाओं से डरने के बजाय इसे एक व्यक्ति के रूप में विकसित होने के अवसर के रूप में देखें। उन्होंने दावा किया कि परिवार और सामाजिक वातावरण कभी-कभी छात्रों पर दबाव डाल सकते हैं, जो अवांछनीय है। परिवार के सदस्यों या रिश्तेदारों का यह दबाव कि बोर्ड परीक्षाएँ बहुत जरूरी हैं, छात्रों को अत्यधिक चिंतित और तनावग्रस्त बना देता है। आपका जीवन एक परीक्षा के साथ समाप्त नहीं होता है। यह सिर्फ एक मील का पत्थर है जिसे आपको हासिल करना है। अगर आप बाहरी दबाव को नजरअंदाज करेंगे तो आप ज्यादा आत्मविश्वास महसूस करेंगे।

पीएम मोदी के अनुसार, माता-पिता को अपने बच्चों की बोर्ड परीक्षा की तैयारी में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए और उनकी ताकत और कमजोरियों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि माता-पिता अपने व्यस्त शेड्यूल के कारण बच्चों की परीक्षा तैयारी में भाग नहीं ले पाते हैं। परीक्षा देते समय पीएम मोदी ने छात्रों को चुनौतीपूर्ण प्रश्नों को समझने से शुरूआत करने की सलाह दी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आपको हर विषय पर समान ध्यान देना चाहिए।₹ यह सुझाव दिया गया है कि छात्र सरल विषयों या प्रश्नों से शुरूआत करें। हालाँकि, मेरी सलाह है कि चुनौतीपूर्ण प्रश्नों से शुरूआत करें क्योंकि इससे आपका दिमाग साफ रहेगा और

# शहीद कैप्टन की अंतिम यात्रा में उमड़ा हजारीबाग

## नम आंखों से करमजीत सिंह बक्शी को दी गयी अंतिम विदाई



थम नहीं रहे थे करमजीत सिंह बक्शी के माँ की आंसू



सेना के जवानों ने शहीद को दी विदाई।

**अभय कुमार सिंह**

**हजारीबाग।** वीरता और बलिदान की मिसाल कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी ने देश की रक्षा में अपना जीवन न्योछावर कर दिया। 28 वर्षीय करमजीत, जिनकी शादी अगले महीने तय थी, जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में पेट्रोलिंग के दौरान आईईडी ब्लास्ट में शहीद हो गए। बुधवार को उनके पार्थिव शरीर के हजारीबाग पहुंचते ही पूरे शहर में शोक की लहर दौड़ गई। जहां से भी उनका अंतिम सफर गुजरा, वहां लोगों ने फूलों की बारिश कर अपने बेटे को श्रद्धांजलि दी। जब तक सूरज चांद रहेगा, करमजीत सिंह बक्शी का नाम रहेगा जैसे नारों से हर गली और चौक गूंज उठा।

**शहर ने रोते हुए बेटे को विदाई दी :** उनका पार्थिव शरीर जुलु पार्क स्थित उनके पैतृक आवास पर पहुंचा, जहां हजारों लोग उनके अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े। भारत माता के जयकारों और नम आंखों के साथ उनकी अंतिम यात्रा खिरगांव स्थित मुक्तिधाम तक पहुंची। सेना और पुलिस के जवानों ने उन्हें अंतिम सलामी दी, और उनके पिता अजिनदर सिंह बक्शी ने मुखाग्नि दी।

**पूरे शहर ने जताया शोक :** अंतिम संस्कार के दौरान शहर के बाजार और प्रतिष्ठान बंद रहे। उपायुक्त नैंसी सहाय, एसपी अरविंद कुमार सिंह, विधायक प्रदीप प्रसाद समेत सिख समाज और हजारों स्थानीय लोग शहीद को अंतिम विदाई देने पहुंचे। जब तक उनका शरीर पंचतत्व में विलीन नहीं हुआ, लोग वहीं डटे रहे।

**बलिदान की भावुक कहानी :** गुरु सिंह सभा के सचिव देवेंद्र सिंह बग्गा ने बताया कि करमजीत सिंह बक्शी की शादी 5 अप्रैल को तय थी। वे कुछ दिनों पहले शादी की तैयारियों के लिए घर आए थे और 29 मार्च से रस्में शुरू होनी थीं। लेकिन देश के प्रति अपने कर्तव्य को प्राथमिकता देते हुए वे ड्यूटी पर लौट गए और शहीद हो गए।

**हजारीबाग के लिए अपूरणीय क्षति:** कैप्टन करमजीत माता-पिता के इकलौते पुत्र थे। उनके जाने से केवल परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे हजारीबाग में शोक की लहर है। उनके बलिदान ने साबित कर दिया कि वे सच्चे सपूत थे, जिन्होंने देश के लिए अपनी जिंदगी कुर्बान कर दी। बक्शी की वीरता और त्याग को देश हमेशा याद रखेगा। उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों को देशप्रेम का सबक देता रहेगा।

## रामगढ़ के सुभाष चौक पर डीसी और एसपी ने शहीद कैप्टन को दी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** जम्मू कश्मीर के अखनूर सेक्टर में 11 फरवरी को शहीद हुए कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी का पार्थिव शरीर गुरूवार को रांची हवाई अड्डे से रामगढ़ लाया गया। इस दौरान सुभाष चौक पर मौजूद लोगों ने कैप्टन को श्रद्धांजलि दी। साथ ही लोगों ने कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी अमर रहें और भारत माता की जय के नारे लगाए। इसके बाद कैप्टन के पार्थिव शरीर को छावनी परिषद ले जाया गया। इस मौके पर छावनी परिषद के उपाध्यक्ष अनमोल सिंह ने कहा कि करमजीत सिंह बक्शी ने रामगढ़ छावनी में ही ज्वाइनिंग की थी। इसलिए देश के लिए उनका शहीद होना पूरे रामगढ़ के लिए गर्व की बात है। कहा कि आज सभी लोग देश के लिए शहीद हुए कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी को नमन कर रहे हैं। कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी को सैन्य अस्पताल में सैन्य अधिकारियों ने श्रद्धांजली दी। रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने भी पुष्प चक्र अर्पित कर कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी को श्रद्धांजली दी। इसके बाद उनके पार्थिव शरीर को पुलिस और सैन्य अधिकारियों की निगरानी में हजारीबाग ले जाया गया।





## इचाक में कृषक मित्रों की बैठक

इचाक। प्रखंड परिसर के सूचना तकनीकी केंद्र में कृषक मित्रों की बैठक कृषि पदाधिकारी विनोद कुमार रवि की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई। संचालन बिटीएम पुष्पा कुमारी ने किया। बैठक में 15 फरवरी को गोरिया करमा कृषि फार्म में लगने वाला प्रमंडल स्तरीय कृषि मेला में किसानों के उत्पाद को प्रदर्शन हेतु ले जाने को लेकर क्षेत्र में प्रचार प्रसार करने पर जोर दिया गया। बैठक में सलाहकार समिति अध्यक्ष दिगम्बर कुमार मेहता एटीएस शैलेंद्र कुमार, किसान मित्र रामजय मेहता, रंजीत कुमार मेहता, संजीत कुमार सोनी, महेंद्र प्रसाद मेहता आदि मौजूद थे।

## चौकीदार के मौत मामले में यूडी का मामला दर्ज

**कटकमसांडी ।** चौकीदार नेपाली की मौत के मामले में कटकमसांडी थाना में बीते बुधवार को यूडी का मामला दर्ज किया गया।

## प्रेमिका के साथ पकड़ा गया पति, थाने पहुंची पत्नी

**रामगढ़ बस स्टैंड के पीछे दोनों जीने मरने की खा रहे थे कसम**

रामगढ़ । गुरुवार को एक महिला ने अपने पति को उसकी प्रेमिका के साथ उसके घर में ही पकड़ लिया। इसके बाद यह पूरा मामला थाने पहुंचा। पति और उसकी प्रेमिका दोनों पुलिस की हिरासत में पहुंच गए। यह पूरी घटना रामगढ़ थाना क्षेत्र के बस स्टैंड के पीछे एक घर में घटी है। पुलिस की हिरासत में मौजूद प्रेमी भीम सिंह कुशवाहा और उसकी प्रेमिका कांति देवी एक दूसरे के साथ जीने मरने की कसम खा रहे थे। इसी दौरान भीम की पत्नी संध्या कुमारी वहां पहुंची और उन दोनों को रंगे हाथों पकड़ा। उसने भीम और कांति को कमरे के बाहर बंद कर दिया और पूरे मोहल्ले को जुटाया। संध्या ने पुलिस को बताया कि उसके पति भीम सिंह कुशवाहा पर पिछले पांच महीना से शक हो रहा था। वेलेंटाइन वीक के दौरान उसने अपने पति का पीछा किया। गुरुवार को जब उसका पति भीम प्रेमिका कांति देवी से मिलने के लिए उसके घर पहुंचा, तो उसने उसे वहां देख लिया।आसपास के लोग वहां इकट्ठा हुए, तभी संध्या कुमारी ने कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया।

## बरही डीएवी स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता

बरही। डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं के बीच चित्रकला प्रतियोगिता हुआ। प्रतियोगिता में कक्षा एक से कक्षा 10 तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कक्षा एक और कक्षा दो की प्रतियोगिता में मो अलीजैद को प्रथम, फातिमा को द्वितीय और चंदन कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कक्षा तीन से कक्षा पांच तक में पीहू कुमारी को प्रथम, निशु को द्वितीय और समृद्धि तृतीय स्थान मिला।

## सरकार का नारी सशक्तिकरण छलावा : साजिदा

### आंगनबाड़ी सेविका- सहायिका के लंबित मानदेय का हो भुगतान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



लपंगा में झारखंड आंगनबाड़ी सेविका- सहायिका कर्मचारी संघ की बैठक में उपस्थित महिलाएं।

भुरकुंडा (रामगढ़)। लंपगा पंचायत भवन में गुरुवार को झारखंड प्रदेश ऑगनबाड़ी सेविका-सहायिका कर्मचारी संघ की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सुनैना देवी व संचालन प्रभा देवी ने की । बैठक में प्रदेश प्रभारी इम्तियाज अहमद, प्रदेश अध्यक्ष संजीदा खातुन और प्रदेश संयोजक मंडल उपाध्यक्ष सहजनाथ बेदिया मुख्य रुप से उपस्थित थे। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष संजीदा खातून ने झारखंड सरकार पर निशाना साधते हुए कहा की झारखंड सरकार एक तरफ मईयां सम्मान योजना के नाम पर महिला सशक्तिकरण की बात करती है तो दूसरी ओर सेविका सहायिकाओं का पिछले एक वर्ष से उनका मानदेय का भुगतान रोके हुई है । जिससे सभी सेविका साहिकाओं को आर्थिक संकट से गुजारना पड़ रहा है।

सजीदा खातुन ने कहा कि मैं सरकार से पूछना चाहती हूं क्या सेविका सहायिका नारी नहीं है । सरकार दोहरी मापदंड के तहत नारी सशिक्तीकरण पर छलवा करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा की इस बैठक के माध्यम से संघ सरकार से मानदेय का भुगतान यथाशीघ्र करने की मांग करती है। इसके बाद भी सरकार अगर मानदेय का भुगतान नहीं करती है तो आंगनबाड़ी संघ आन्दोलन करने को बाध्य होगी। जिसकी सारी जवाबदेही राज्य सरकार व जिला प्रशासन की होगी। बैठक में सात मांगो को लेकर चर्चाए की गई। जिसमें सेविक- साहिकाओ का स्थाईकरण करना, प्रत्येक माह मानदेय का भुगतान, ठिकेदार के द्वारा प्रत्येक माह अंडा की अपूर्ति करना, परियोजना के द्वारा एलपीजी गैस सेलेण्डर की आपूर्ति, यथाशिघ्र पुरे मानदेय का भुगतान, गर्मी में केन्द्र का संचालन 01अफ्रैल से मोर्निंग करने के साथ ही गर्मी छुट्टी की अवधि 25 दिनों का करना और 25 दिनों का कच्चा पोषाहार वितरण करना है। आदि शामिल है।बैठक में सुनैना देवी, राज देवी, सफीना खातून, बेबी देवी, जैनब परवीन, प्रभा देवी ,कंचन देवी, सफीदों निशा, प्रियंका कुमारी, वीणा देवी, अनीता देवी, कौशल्या देवी, पूर्णिमा देवी, तीमुल निशा, सीता देवी ,जीव देवी, रेखा देवी, सरिता देवी, पिंकी देवी, सुचिता देवी, विमला देवी, पार्वती देवी, सुलेखा देवी, रेहाना खातून,सरिता देवी, शीला उरांव, जहां आधार, कुंती देवी, सिरस खातून व सुशीला देवी उपस्थित थी।

## स्पीड न्यूज

### होली के बाद शुरू होगा सिलाई और कंप्यूटर प्रशिक्षण : जगेश्वर प्रजापति



**कुजू।** बोंगावार स्थित मोती राम कॉम्प्लेक्स में उज्जवला फाउंडेशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति व संचालन शांति देवी ने किया। बैठक में सदस्यों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि फाउंडेशन में सिलाई मशीन व कंप्यूटर आ चुका है। जल्द ही फाउंडेशन के माध्यम से महिलाओं को जोड़कर उनको आत्म निर्भन बनाने की दिशा में पहल किया जाएगा। साथ ही उन्होंने फाउंडेशन से ही ऐसे सदस्यों को चिन्हित करने की बात कही जो सिलाई मशीन व कंप्यूटर चला सके। उन्होंने महिलाओं को 28 फरवरी तक महिलाओं की सूची जमा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन में अब सक्रिय महिलाओं को आगे ले जाकर उनको आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहल किया जायेगा. वही उन्होंने बताया कि होली के बाद कॉम्प्लेक्स में सिलाई व कंप्यूटर का प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा। बैठक में मनसरी देवी, आशा कुमारी, कौशल्या देवी, शांति देवी, सुमन देवी, वीणा कुमारी, बरखा कुमारी, खुशबू कुमारी, यशोदा देवी, सुशीला देवी, संजू देवी, छोटन प्रजापति आदि शामिल थे।

### कुजू में घायल पत्नी का भी निधन



**कुजू।** सेवटा रजवार टोला में 7 फरवरी को पति द्वारा फरसा से वार कर गंङ्गीर रूप घायल पत्नी शांति देवी की मौत गुरुवार को इलाज के दौरान हो गयी। निधन की सूचना के बाद क्षेत्र में मातम पसर गया। रिम्स रांची से महिला का शव घर पहुंचने के बाद स्थानीय लोगों ने शोक व्यक्त किया। साथ ही, पुत्र राहुल रजवार ने सेवटा नदी तट पर मां शांति देवी (50 वर्ष) का अग्नि संस्कार किया। ज्ञात हो कि गत शुक्रवार को पति राजू रजवार (उम्र 60 वर्ष) ने मामूली विवाद में घर में बर्तन धो रही अपनी दूसरी पत्नी शांति देवी (50 वर्ष) को हत्या के इरादे से फरसे से वारकर बुरी तरह घायल कर दिया था और खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

### प्रदूषण से लोग परेशान : राजेश ठाकुर



रामगढ़। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने गुरूवार को बयान जारी कर बताया कि रामगढ़ शहर में लोग दिन प्रतिदिन प्रदूषण के आगोश में जा रहे हैं । शहर में ध्वनि प्रदूषण और वायु प्रदूषण कुछ फैक्ट्री द्वारा मनमानी रूप से चलाया जा रहा है । कहा कि इसपर प्रशासन ध्यान नही दे रही है। कहा कि प्रदूषण पूरे शहर मै फैलाया जा रहा है। प्रदूषण से पूरे शहर के लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। कहा कि यदि इसे जल्द से जल्द नहीं रोका गया तो जिला के उपायुक्त और झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को पत्र लिख कर मामले में कार्रवाई की मांग की जाएगी।

### कुष्ठ रोग की दी गयी जानकारी



रामगढ़। रामगढ़ जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ तुलिका रानी की अध्यक्षता में गुरुवार को कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में कुष्ठ रोग से संबंधित जानकारी दी गयी। वहीं 30 जनवरी से 14 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता कार्यक्रम एवं कुष्ठ रोग खोज अभियान के तहत एनएसआरआईएफ डॉ सानिध्य भार्गव, एनएलआर कोऑर्डिनेटर डॉ काशीनाथ चक्रवर्ती ने मार्गदर्शन दिया । डॉ तुलिका रानी जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी ने कहा कि वैसे व्यक्ति जिनके शरीर पर कोई दाग-धब्बा जो कि सुन्न हो, कुष्ठ का संभावित मरीज हो सकता हैं। इसकी सूचना तत्काल प्राथमिक स्वा केन्द्र को देनी चाहिए, जिससे पूर्ण उपचार हो सकें, साथ ही कुष्ठ रोग घर-घर खोज अभियान चलाया जाना है जो हमारे स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा, सहिय, दीदी सहिया) संदिग्ध कुष्ठ मामलों का जल्द से जल्द पता लगाने और उनकी पहचान करने के लिए घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेंगे। अत: इससे बचाव से संबंधित जागरूकता पर कहा कि कुष्ठ रोग अभिशाप नहीं हैं, यह एक विषाणु माईको बेकटेरियम लेप्रि द्वारा होता हैं। जो नियमित दवा की सेवन से पुर्णत: रोग मुक्त हो जाता हैं एवं विकलांगता से बचा जा सकता हैं। जिला कार्य चिकित्सक सावन कुमार ठाकुर ने कहा कि सभी प्रखण्डों में कुष्ठ रोग खोज अभियान चलाया जा रहा है।

### सिल्वर स्क्रीन पर मानवीय मूल्यों की गिरावट : मनीष जायसवाल

रामगढ़। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने सिल्वर स्क्रीन और सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो पर अपनी संवेदना जाहिर की है। गुरुवार को उन्होंने कहा है कि आज सिल्वर स्क्रीन पर मानवीय मूल्यों की गिरावट हो रही है। उन्होंने कहा कि समाज के इन बिंदुओं पर भी चर्चा आवश्यक है। सांसद ने कहा कि अक्सर मैं ऐसी चचाओं व फूहड़ कार्यक्रमों से दूर रहता हूं, लेकिन जब यह मामला बड़ा हुआ तो सोचा कि एक बार सुनु की इन तथाकथित कॉमेडी कलाकारों ने आखिर क्या कहा है। लेकिन जब सुना तो विश्वास नहीं हुआ की ऐसे विकृत मानसिकता वाले लोग आज समाज में कुछ युवाओं के आइडल बने हुए हैं। लेकिन मेरी समझ में ये कॉमेडी नहीं बल्की समाज में गिरते मूल्यों की निशानी है। जायसवाल ने कहा कि यूट्यूबर रणवीर इलाहबादिया, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपूर्व मखीजा, कॉमेडियन समय रैना और शो इंडियाज गॉट लेटेंट जैसे शॉ विकृत मानसिकता के परिचायक है। कॉमेडी और जस्ट फन के नाम पर समय रैना, रणवीर इलाहाबादी, अपूर्वा माखीजा ये तीनों भारतीय संस्कृति के मजबूत स्तंभ संयुक्त परिवार के लिए घातक है।

## एक नजर में

### जेइइ मेन्स में एडिशन पब्लिक स्कूल, टाटीझरिया के छात्रों का शानदार प्रदर्शन




टाटीझरिया। एडिशन पब्लिक स्कूल, टाटीझरिया के छात्रों ने जेईई मेन्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कक्षा 12वीं के छात्रों ने बेहतरीन अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। सुमित कुमार ने 98.7834 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि आर्यन राज ने 82.031 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। तीसरा स्थान पीयूष कुमार सोनी को 79.210 प्रतिशत अंकों के साथ मिला। वहीं, राजनंदनी ने 79.697 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा स्थान और उत्कर्ष ऋषि ने 66.030 प्रतिशत अंक हासिल कर पांचवां स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुधा कुमारी ने छात्रों की इस सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम न केवल छात्रों और उनके परिवारों के प्रयासों का नतीजा है, बल्कि शिक्षकों और पूरे विद्यालय परिवार की मेहनत का भी प्रमाण है। उन्होंने कहा कि एडिशन पब्लिक स्कूल हमेशा से छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत रहा है। विद्यालय द्वारा समय-समय पर छात्रों के बौद्धिक, सांस्कृतिक और मानसिक विकास के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। प्रधानाचार्या ने आशा जताई कि आने वाले समय में भी विद्यालय के छात्र इसी प्रकार अपनी सफलता का परचम लहराते रहेंगे। विद्यालय परिवार और क्षेत्रवासियों ने इन छात्रों की सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### बरकाकला पंचायत सचिवालय में दुबारा चोरी

**इचाक।** बेखौफ चोरों ने एक बार फिर बरकाकला पंचायत सचिवालय को अपना निशाना बनाते हुए 12 फरवरी की रात बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। गुरुवार सुबह, जब स्थानीय लोगों ने सचिवालय के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा देखा, तो इसकी सूचना पंचायत मुखिया सिकंदर कुमार राम को दी। मुखिया ने तुरंत मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया और इचाक थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर पंचायत सचिवालय में प्रवेश किया। इसके बाद, रोजगार सेवक कक्ष, प्रज्ञा केंद्र, और मुखिया कक्ष के चार अलग-अलग ताले तोड़कर सामान चुरा ले गए। चोरी गए सामानों में एक बैटरी, इनवर्टर, डेस्कटॉप, प्रिंटर और अन्य कई जरूरी उपकरण शामिल हैं। मुखिया ने अपनी शिकायत में यह भी जिक्र किया कि 4 जनवरी को भी इसी सचिवालय में चोरी की घटना हुई थी। हालांकि, पुलिस ने अब तक उस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। इससे चोरों का मनोबल बढ़ा हुआ है। बरकाकला पंचायत सचिवालय के अलावा, चोरों ने 8 अगस्त और 8 फरवरी को चंपानगर-नवाडीह पंचायत सचिवालय में भी इसी तरह ताले तोड़कर जरूरी उपकरण और दस्तावेज चुरा लिए थे। अब 12 फरवरी को तीसरी घटना ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मुखिया के आवेदन के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि चोरों की तलाश में सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। हालांकि, अभी तक कोई ठोस नतीजा सामने नहीं आया है। इन चोरी की घटनाओं ने न केवल पंचायत सचिवालय की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि पुलिस की निष्क्रियता ने ग्रामीणों को भी चिंता में डाल दिया है। स्थानीय लोग पुलिस से त्वरित और कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### बच्चों को शिक्षित करें : रोशन लाल चौधरी



बड़कागांव। संत शिरोमणि रैदास जयंती के अवसर पर प्रखंड के विभिन्न गांवों में श्रद्धा और उल्लास के साथ कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम में स्थानीय विधायक रोशनलाल चौधरी ने संत रैदास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। विधायक चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि संत रैदास ने समाज को समानता, एकता और परिश्रम का अमूल्य संदेश दिया। उनकी शिक्षाएं न केवल उनके समय में प्रासंगिक थीं, बल्कि आज भी हमें जीवन में सही मार्गदर्शन देती हैं। उन्होंने कहा कि संत रैदास ने जाति-पाति और भेदभाव से ऊपर उठकर एक ऐसे समाज की परिकल्पना की थी, जहां सभी को समान दृष्टि से देखा जाए। विधायक ने उपस्थित जनसमूह से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को शिक्षित करें और समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने संत रैदास की शिक्षाओं को जीवन में अपनाने और समाज में भाईचारे व सद्भावना को बढ़ावा देने पर जोर दिया। जयंती के अवसर पर प्रखंड के कई गांवों में कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां स्थानीय लोगों ने संत रैदास की शिक्षाओं को याद कर उनकी विचारधारा को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में ग्रामीणों, युवाओं और बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना रहा। संत रैदास जयंती का यह आयोजन सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत बना और उनके विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संदेश दिया।

### बड़कागांव में लगा भूमि संबंधी विशेष शिविर

बड़कागांव। सरकार के निर्देशन एवं हजारीबाग जिला प्रशासन के नेतृत्व में जिले के सभी अंचल में भूमि संबंधित निवारण हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इसी आलोक में बड़कागांव प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में अंचलाधिकारी मनोज कुमार के नेतृत्व में दाखिल नामांतरण शुद्धि पत्र वितरण सह लगान रसीद निर्गत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 30 दिन से अधिक बिना आपत्ति के लंबित 36 मामलों का निष्पादन करते हुए कुल स्वीकृत 61 वादों की स्वीकृति दी गई। साथ ही 108 रुपया 20 पैसा का लगान वसूली की गई। शिविर को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी ने कहा कि सरकार के निर्देशन एवं जिला प्रशासन के नेतृत्व में इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व में जमा किए गए मामलों को निष्पादन करते हुए शुद्धि पत्र वितरण एवं लगान रसीद निर्गत की जा रही है। साथ ही साथ कई आवेदन भी लिए जा रहे हैं जिसका निष्पादन समय अवधि के बाद की जाएगी। अंचलाधिकारी ने आगे कहा कि प्रखंड क्षेत्र में बहुत अधिक विवादित मामले आते हैं जिसकी जांच पड़ताल करने की आवश्यकता है। सबसे अधिक विवादित मामले कंपनी के पोषक क्षेत्र से आ रहे हैं।

## कोडरमा के मरकच्चो में ऑनर किलिंग का मामला आया सामने

# हत्या के आरोपी पिता और दो भाई गिरफ्तार

- युवक से फोन पर बात करने पर नाराज भाई ने की बहन की हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** जिले के मरकच्चो में ऑनर किलिंग का मामला प्रकाश में आया है, पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए, मृतका के पिता मरकच्चो थाना क्षेत्र के ब्रह्मटोली निवासी मदन पांडेय, बड़ा भाई नीतीश पांडेय और ज्योतिष कुमार पांडेय को गिरफ्तार किया है, साथ ही हत्याकांड में प्रयुक्त साइकिल, बोरा, टांगी और मृतका के सिर के बाल को बरामद किया है। गुरुवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने दी है। एसपी श्री सिंह ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि मरकच्चो थाना क्षेत्र के ब्रह्मटोली में एक नाबालिग लड़की के लापता होने की जानकारी मिली थी, जिसमें नाबालिग के परिजनों द्वारा थाना में दिए आवेदन के आलोक में बीते 5 फरवरी को कांड संख्या 7/25 में मामला दर्ज किया गया। नाबालिग लड़की की बरामदगी को लेकर एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया, गठित टीम के द्वारा लापता नाबालिग की खोजबीन की जा रही थी, इसी बीच बीते 12 फरवरी को पंचखेरो नदी के जमुनिया घाट के किनारे बालू में एक शव गड़ा हुआ बरामद किया गया, जिसकी जांच पड़ताल के दौरान लापता नाबालिग के परिजनों से शव की पहचान करायी गयी परन्तु उनके द्वारा शव को पहचानने से इंकार कर दिया गया। एसपी ने बताया कि अनुसंधान के क्रम में पुलिस द्वारा लापता लड़की के घर पर नया सेफ्टी टैंक निर्माण कार्य होने पर शक के आधार पर उसके परिजनों ने बार-बार विभिन्न विन्दुओं पर पूछताछ की जा रही थी, जिससे वे उलझते गए और अंत में परिजनों द्वारा लड़की की हत्या कर शव को छिपाने एवं शव को धड़ से अलग करने की बात को स्वीकार किया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर हत्या कर शव को छिपाने के लिए प्रयोग में लाये गए साइकिल, बोरी, टांगी को बरामद किया गया। साथ ही हत्या कर शव को छिपाने के लिए प्रयोग में लाये गए सेफ्टी टैंक की पहचान कर, उससे मृतका के सिर के बाल को भी बरामद किया गया।

गर्दन दबाकर पहले हत्या की, फिर शव को सेफ्टी टैंक में गाड़ा

पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्त मृतका के भाई ज्योतिष कुमार पांडेय ने बताया कि उसकी बहन किसी लड़के से बात करती थी, इसको लेकर मृतका को कई बार डांट फटकार लगायी गयी और बात करने से मना किया था। बीते 2 फरवरी को उसकी बहन पुनः उस लड़के से बात कर रही थी, यह देखकर उसने गुस्से में आकर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी और शव को छिपाने की नियत से सेफ्टी टैंक में गाड़ दिया। पुलिस द्वारा लगातार सक्रियता के कारण शव को बीते 10/11 फरवरी की रात्रि को सेफ्टी टैंक से निकाल कर, पंचखेरो नदी के जमुनिया घाट के किनारे ले जाकर मृतका के पिता ने सिर को शरीर से अलग कर गाड़ दिया था। एसपी ने बताया कि फिलहाल मृतका के सिर बरामद नहीं हुआ है, आशंका है कि जंगली जानवर सिर को खा गए होंगे, हालांकि सिर बरामदगी को लेकर पुलिस की जांच जारी है।

प्रेसवार्ता में एसपी के अलावे एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर विनोद कुमार, मरकच्चो थाना प्रभारी सौरभ कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक विशाल कुमार सिंह, गोविंद कु सिंह, दन मोहन शर्मा आदि मौजूद थे।

## कोडरमा होकर चलेगी विशेष ट्रेन

कोडरमा।. महाकुंभ में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने विशेष ट्रेनों के परिचालन का निर्णय लिया है। इस कड़ी में धनबाद-टुंडला कुंभ स्पेशल ट्रेन कोडरमा होकर चलायी जायेगी। गाड़ी संख्या 03697 धनबाद-टुंडला कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन 15 फरवरी को दोपहर 12:40 बजे धनबाद से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 9 बजे टुंडला पहुंचेगी। वहीं वापसी में गाड़ी संख्या 03698 टुंडला-धनबाद कुंभ स्पेशल 16 फरवरी को शाम 4 बजे टुंडला से खुलेगी और अगले दिन दोपहर 12:40 बजे धनबाद पहुंचेगी। यह ट्रेन कोडरमा, पारसनाथ, गया, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, चंदौली मझवार, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, चुनार, मिजार्पुर और प्रयागराज जंक्शन सहित कई महत्वपूर्ण स्टेशनों पर रुकेगी। इस निर्णय से कोडरमा और आसपास के श्रद्धालुओं को कुंभ मेला तक सीधी ट्रेन सेवा मिलेगी। इससे यात्रियों को अन्य ट्रेनों में अधिक भीड़ और असुविधा से बचने का अवसर मिलेगा।

**यात्रियों को समय पर टिकट बुकिंग की सलाह** : रेल प्रशासन ने बताया कि यात्रा से जुड़ी किसी भी जानकारी के लिए यात्री रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर संपर्क कर सकते हैं या नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम (एनटीइएस) वेब पोर्टल और मोबाइल ऐप से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा रेलवे की प्राथमिकता है और इसके लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं।

## बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने इंजीनियर एवं संवेदक को लगाई फटकार



**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड के गरगी पंचायत से बडानो पुल तक मरम्मत कार्य किया जा रहा था। लेकिन इसमें बड़ी अनियमितता बरती जा रही थी, जिसको लेकर ग्रामीणों के द्वारा कार्य को रोक दिया गया और इसकी सूचना बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव को दी गयी। इसके बाद विधायक अमित कुमार यादव ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की और इंजीनियर और संवेदक को फटकार लगाई। मौके पर शशिकांत चौधरी, रामचंद्र मोदी, केडी यादव, विजय यादव, विपुल सिंह, हरिओम साव, मुखिया प्रतिनिधि सरफुद्दीन अंसारी, विनोद यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## दो प्रतिष्ठानों में स्वीकृत लोड से अधिक बिजली की खपत मिली

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया शहर में बिजली चोरी और अनाधिकृत लोड के खिलाफ बिजली विभाग ने विभिन्न स्कूल, प्रतिष्ठानों व अस्पतालों में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान सुभाष चैक के पास संचालित दो प्रतिष्ठानों में स्वीकृत लोड से अधिक खपत मिली। ऐसे में टीम ने उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेजकर आवश्यक कार्रवाई की सिफारिश की है.। इस विशेष अभियान का नेतृत्व कार्यपालक अभियंता रंधीर कुमार ने किया.। टीम में एमआरटी के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर सरताज कुरैशी, सहायक विद्युत अभियंता गजेन्द्र टोप्पो, जेइ उज्ज्वल तिवारी, एमआरटी टीम के अविनाश कुमार व सीपी सिंह शामिल थे। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि शहर में बिजली चोरी और अनुचित लोड पर कड़ी निगरानी रखी जायेगी, यदि किसी प्रतिष्ठान में स्वीकृत लोड से अधिक बिजली खपत पायी गयी, तो उन पर जुमार्ना और कानूनी कार्रवाई की जायेगी.।

## जिला कल्याण पदाधिकारी ने किया विद्यालय का निरीक्षण

- विद्यालय की शिक्षिकाओं ने संचालक विष्णु कुमार के खिलाफ लगाये कई आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र के आदर्श ग्राम पंचायत चोपनाडीह में संचालित आश्रम विद्यालय में कुव्यवस्था की खबर प्रमुखता से छपने के बाद गुरुवार को जिला कल्याण पदाधिकारी अनूप कुजूर ने विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान और भी कई संगीन मामले सामने आये हैं। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शिक्षिकाओं ने जिला कल्याण पदाधिकारी को बताया कि संचालक विष्णु कुमार द्वारा महिला शिक्षिकाओं से अश्लील बातें व मैसेज करने का आरोप लगाया तथा विरोध करने पर विद्यालय से निकालने की धमकी भी दी जाती है। वहीं विद्यालय में पूर्व में रहीं रसोइया ने भी निरीक्षण में आये पदाधिकारी को बताया कि उनके भी कई माह का वेतन संचालक द्वारा रख लिया गया है। पैसे मांगने पर संचालक अश्लील बात करते हुए मिलने के लिए अन्य जगह बुलाने का दबाव बनाते हैं। महिला ने बताया कि संचालक उन्हें अश्लील मैसेज भी भेजा करता था। निरीक्षण के बाद जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि विद्यालय की छात्राओं के खान-पान असंतोषजनक होने की बात सामने आयी है। साथ ही विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं को मासिक वेतन नहीं मिल रहा है। ऑफिस भी खुला नहीं रहने के कारण शिक्षक हाजरी भी नहीं बना पाते, ऐसी कई कमियां निरीक्षण में मिली हैं।

उन्होंने बताया कि उक्त विद्यालय का संचालन एनजीओ के माध्यम से किया जा रहा है, एनजीओ के लोगों का पक्ष लेने के बाद उचित कार्रवाई करेंगे।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल के छात्रों ने जेइइ मेंस में लहराया परचम, साकेत बना जिला टॉपर

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल अपने छात्रों की हाल ही में घोषित जेइइ (संयुक्त प्रवेश परीक्षा) मेंस के परिणामों में शानदार सफलता का जश्न मना रहा है. स्कूल के कक्षा बारहवीं के पांच छात्रों ने न केवल परीक्षा उत्तीर्ण की है, बल्कि जेइइ एडवांस के लिए भी क्वालीफाइ किया है. इससे उन्हें प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आइआइटी) में प्रवेश पाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है. उच्च उपलब्धि प्राप्त करने वालों में साकेत कुमार जिला टॉपर के रूप में उभरे हैं. जिन्होंने 99.766 का प्रभावशाली पर्सेंटाइल हासिल किया है. सेक्रेड हार्ट को गौरवान्वित करने वाले अन्य छात्रों में श्रेष्ठ कुमार शामिल हैं. जिन्होंने 99.96 का सराहनीय पर्सेंटाइल प्राप्त किया है. वहीं सचिन कुमार ने 96.5 का उल्लेखनीय पर्सेंटाइल हासिल किया है. दिव्या कुमारी और सुहानी कुमारी ने भी जेइइ मेंस में सफलतापूर्वक उत्तीर्ण होकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है। प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने कहा कि हमारे छात्रों ने पिछले कई वर्षों से जेइइ परीक्षाओं में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। यह कठोर शैक्षणिक वातावरण और हमारे संकाय के समर्पित प्रयासों का प्रमाण है। हम कक्षा आठ से ही छात्रों को जेइइ जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना शुरू कर देते हैं। उनकी योग्यता का पोषण करते हैं और एक मजबूत नींव बनाते हैं। निदेशक प्रमोद कुमार और उप प्राचार्य प्रवीण कुमार ने प्राचार्य के साथ छात्रों को बधाई दी और आगामी जेइइ एडवांस परीक्षा में सफलता की कामना की।

## आरपीएफ ने अंग्रेजी शराब के साथ एक को पकड़ा

**कोडरमा।** आरपीएफ ने ऑपरेशन सतर्क के तहत कोडरमा स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या चार पर गश्ती के दौरान एक व्यक्ति के पास से अंग्रेजी शराब बरामद किया। जानकारी के मुताबिक आरपीएफ निरीक्षक दीपक कुमार के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह, आरक्षी जितेंद्र कुमार व ब्रजेंद्र प्रताप सिंह स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या चार पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान एफओबी के पास एक व्यक्ति पिट्ठू बैग के साथ संदिग्ध अवस्था में दिखा। संदेह होने पर उससे पूछताछ की गयी तो उसने अपना नाम रंजन कुमार (पिता उमेश प्रसाद) साकिन कल्याणबिगहा, थाना फतुहा जिला पटना निवासी बताया। बैग की तलाशी लेने पर उसमें 10 रॉयल स्टेग, डिलक्स व्हीस्की व 10 गोल्ड ब्रड प्रिमियर बियर मिली। बरामद शराब की कीमत 5100 रुपये बतायी जाती है। बरामद शराब और गिरफ्तार व्यक्ति को अग्रिम कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग के हवाले कर दिया गया है।

## शहरी क्षेत्र में जर्जर बिजली के तार बदले जायेंगे : रंधीर कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विद्युत विभाग में नये कार्यपालक अभियंता के रूप में रंधीर कुमार ने पदभार ग्रहण कर लिया है। रंधीर कुमार इससे पहले चास में सहायक विद्युत अभियंता के रूप में कार्यरत थे। पदोन्नति के बाद यह उनकी पहली पोस्टिंग कार्यपालक अभियंता के रूप में हुई है।

मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए रंधीर कुमार ने कहा कि वर्तमान में बिजली आपूर्ति सामान्य है, लेकिन गर्मी बढ़ने के साथ मांग भी बढ़ेगी। इसके लिए विभाग ने आरडीएसएस योजना के तहत कार्य शुरू कर दिया है। झुमरीतिलैया, कोडरमा शहरी और डोमचांच बाजार जैसे इलाकों में बिजली सुधार कार्य तेज गति से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा मुख्य लक्ष्य यह है कि गर्मी के मौसम में उपभोक्ताओं को परेशानी न हो, इसलिए शहरी क्षेत्रों में जितने भी पुराने और जर्जर तार हैं, उन्हें बदला जायेगा। यह काम जल्द शुरू होगा और विद्यापुरी से इसकी शुरूआत की जा रही है।

इस अवसर पर सहायक विद्युत अभियंता गजेंद्र टोप्पो ने कहा कि कोडरमा में बिजली आपूर्ति को और बेहतर बनाने के लिए विभाग पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

### राजस्व संग्रह में होगी बढ़ोतरी, चोरी रोकने पर रहेगा विशेष ध्यान

रंधीर कुमार ने राजस्व संग्रह बढ़ाने और बिजली चोरी रोकने को लेकर भी अपनी रणनीति साझा की। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग जल्द ही विशेष शिविर लगायेगा, ताकि उपभोक्ता अपने लोड के अनुसार पंजीकरण करवा सकें और सही तरीके से बिजली का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी से राजस्व का नुकसान होता है और इससे अधिकारियों का मनोबल भी गिरता है. जो लोग चोरी से बिजली जला रहे हैं, उन्हें सतर्क रहना चाहिए। यदि कोई चोरी की जानकारी देगा, तो विभाग तुरंत कार्रवाई करेगा, तब चोरी रुकेगी, तभी राजस्व बढ़ेगा और उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाए मिलेंगी।

## एक नजर में

### प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत नामांकित व्यक्ति को मिली 2 लाख की दावा राशि



**चतरा।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दावा राशि 2 लाख रुपये स्वीकृत की गई। मयूरहंड थाना क्षेत्र के करमा निवासी अदित कुमार के निधन के बाद उनके नामांकित व्यक्ति राजकुमार मेहता को यह राशि प्रदान की गई। भारतीय स्टेट बैंक करमा शाखा की शाखा प्रबंधक ज्योत्सना श्रिया के मार्गदर्शन में दावा प्रक्रिया पूरी की गई। यह दावा शाखा कोड 08377 के तहत स्वीकृत हुआ। इस योजना के सफल क्रियान्वयन में डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर अनुज कुमार गुप्ता, बीसी (बिजनेस कॉरस्पॉन्डेंट) कंपनी जीरो मास प्राइवेट लिमिटेड और सीएसपी कंपनी दिलीप कुमार मेहता की अहम भूमिका रही। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत सिर्फ 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख रुपये का बीमा कवर दिया जाता है। इस योजना के माध्यम से अब तक कई परिवारों को आर्थिक सुरक्षा मिल चुकी है। बैंक और बीमा अधिकारियों ने आम जनता से अपील की कि वे पीएमजेजेबीवाई का लाभ लें, ताकि किसी भी अनहोनी स्थिति में उनके परिवार को आर्थिक सुरक्षा मिल सके।

### फसल सुरक्षा योजना की जानकारी किसानों को दी गई



**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड के कबरा पंचायत भवन में गुरुवार को फसल सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता मुखिया नीलेश ज्ञसेन व संचालन प्रखंड कृषि पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह ने किया।शिविर का उद्घाटन मुखिया नीलेश ज्ञसेन उर्फ सोनू सिन्हा,पसस नितेश राणा ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर किया ।इस दौरान फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजना 2024-25 के अंतर्गत तीन दिवसीय पंचायत स्तरीय किसान प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण में कृषि विज्ञान केंद्र के सुधीर कुमार के द्वारा फसल सुरक्षा के तहत रबी फसलों में लगने वाले प्रमुख रोगों एवं उसके निदान के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इसी क्रम में उनके द्वारा बताया गया कि कृषक दानेदार यूरिया के जगह नैनो यूरिया का प्रयोग करें एवं जमीन के अंदर उगने वाले सब्जियों अर्थात प्याज,आलू,लहसुन आदि फसलों में पोटाश का प्रयोग अधिक करें। जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास हो सके। साथ ही फसल चक्र एवं खेतों में उर्वरक क्षमता बढ़ाने हेतु चुन्ना का प्रयोग पर बल दिया गया।मौके पर जनसेवक गौतम कुमार केशरी, उपमुखिया गीता देवी, समेत दर्जनों की संख्या में कृषक उपस्थित थे।

### मिडिल स्कूल में इंटर की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न



**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय के मिडिल स्कूल परीक्षा केंद्र में इंटरमीडिएट की परीक्षा गुरुवार को शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त संपन्न हुई। जहां कुल 247 परीक्षार्थी थे और सभी के सभी उपस्थित हुए। पीएमश्री मध्य विद्यालय गिद्धौर के केंद्राधीक्षक राजकुमार यादव के साथ विद्यालय प्रधानाध्यापक सिद्धेश्वर पांडेय व अन्य शिक्षक भी मौजूद थे।

### डोमचांच के रूपनडीह में दो गुटों में हुई झड़प मामले में आठ को जेल

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रुपनडीह में हुए दो गुटों में झड़प मामले में पुलिस ने कई लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं घटना स्थल पर एसडीओ रिया सिंह, एसडीपीओ अनिल सिंह, थाना प्रभारी ओम प्रकाश सहित कई पुलिस के जवान कैंप किये हुए हैं। वहीं रुपनडीह में जगह-जगह पुलिस के जवान गश्ती लगाते भी नजर आए। वहीं इस मामले में डोमचांच पुलिस ने आठ लोगों में सुनील दास पिता लाल बिहारी दास, टिपु दास पिता टीना दास, संजय स्वर्णकार पिता देव स्वर्णकार, संजय दास पिता रामकुमार दास, सोनू मेहता पिता सतीश मेहता, लोकन मेहता पिता नंदकिशोर मेहता, द्वारिका दास पिता रामकुमार दास, राजेश पंडित पिता जयनारायण पंडित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### बोल्डर लदा हाईवा पलटा, चालक-खलासी बचे



**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग पर पहाड़पुर के बटियो नदी के समीप गुरुवार सुबह बोल्डर लदा एक हाईवा पलट गया। जिससे चालक व उप चालक बाल बाल बच गए। मिली जानकारी के अनुसार बोल्डर लोड कर वाहन संख्या जेएच12के 6763 गिरिडीह के केशवारी से बोल्डर लोड कर पुरनाडीह डोमचांच की ओर जा रही थी। इसी दौरान बटीयो नदी के समीप बोल्डर लदा वाहन पलट गया। जिससे चालक व उप चालक बाल-बाल बच गया। घटना के बाद चालक व उप चालक घटना स्थल से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही नवलशाही थाना के एसआई रविप्रकाश पंडित अपने दल-बल के साथ पहुंचकर घटना की जानकारी ली। उक्त वाहन दिलचंद मेहता ग्राम फुलवरिया, डोमचांच निवासी का बताया जा रहा है। बता दें की उक्त वाहन की इंश्योरेंस फेल है। उक्त वाहन में बोल्डर लदा का चालान है या नहीं यह जांच होने के बाद ही बताया जा सकता है।

## विद्यालयों में शुद्ध पेयजल के लिए 15वें वित्त से आरओ लगाने का निर्देश

- बीडीओ ने की हुरनाली पंचायत में संचालित योजनाओं की समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिमरिया।** प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने गुरुवार को हुरनाली पंचायत में संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक की। बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। बीडीओ ने विद्यालयों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने शिक्षा विभाग और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी से ऐसे विद्यालयों की सूची उपलब्ध कराने को कहा, जहां आरओ (रिवर्स ऑस्मोसिस) सिस्टम नहीं लगा हुआ है। इन विद्यालयों में 15वें वित्त आयोग की राशि से आरओ लगाया जाएगा, जिससे बच्चों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत छूटे हुए लाभुकों का त्वरित सर्वेक्षण पूरा करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा, अबुआ आवास योजना के अंतर्गत अपूर्ण आवासों को जल्द पूरा करने के लिए जेएसएलपीएस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाने की घोषणा की गई। बैठक में मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं, जैसे खेल मैदान योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, आम बागवानी योजना आदि पर भी चर्चा हुई। बीडीओ ने पंचायत सेवक को निर्देश दिया कि डीएमएफटी मद से मिलने वाले एचपी पंप सेट के लिए जल स्रोत का जियो टैग फोटो आवेदन के साथ उपलब्ध कराएं। बैठक में प्राथमिक विद्यालय टेटुआतरी का भवन जर्जर अवस्था में होने की जानकारी दी गई। बीडीओ ने मुखिया को डीएमएफटी मद से नए भवन निर्माण के लिए ग्राम सभा कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

पंचायत सेवक और मुखिया को 15वें वित्त आयोग की अवशेष राशि नियमानुसार व्यय करने का निर्देश दिया गया। बैठक के बाद बीडीओ विद्यालय, मनरेगा से संचालित आम बागवानी, कूप निर्माण एवं अबुआ आवास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने पंचायत सचिव को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में मुखिया पुरन राम, पंचायत सेवक रोहित कुमार सहित कई पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## संदिग्ध हालत में युवक का शव बरामद

- हत्या या दुर्घटना, जांच में जुटी पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** शहर के सदर थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां पुरैनियां तालाब के पास स्थित मंदिर के समीप एक युवक का शव संदिग्ध अवस्था में मिला। मृतक की पहचान दिभा मोहल्ला बढ़ई टोला निवासी छोटू राणा के रूप में हुई है, जो हाल ही में उड़ीसा से चतरा लौटा था। सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजने की तैयारी की। मृतक के चेहरे और शरीर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या या दुर्घटना की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने घटना की हर पहलू से जांच शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि किसी संदिग्ध गतिविधि का सुराग मिल सके। साथ ही, मृतक के पास से बरामद मोबाइल फोन की भी जांच की जा रही है, जिससे इस मामले में कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। शव मिलने के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है, खासकर इसलिए क्योंकि यह स्थान थाना क्षेत्र के नजदीक है। पुलिस ने मृतक के परिजनों से पूछताछ शुरू कर दी है और अन्य संभावित पहलुओं की भी गहराई से पड़ताल कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा और दोषियों को कानून के तहत सख्त कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।




जमशेदपुर के जुबिली पार्क में यह टुबुलर कलाकृति अग्नि नाम से स्थापित की गयी है। जुबिली पार्क आने वाले पर्यटकों के लिए यह चर्चित सेल्फी प्वाइंट बन गया है। इस कलाकृति को बनाने में टाटा स्टील में उत्पादित स्टील का इस्तेमाल हुआ है।

# चाकुलिया में लगेगा रेल का पहिया और वंदे भारत कोच बनाने का कारखाना

- चैम्बर ने किया रेलवे के प्रस्ताव पर झारखंड सरकार एवं जिला प्रशासन से जल्द प्रकिया शुरू करने का आग्रह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने कहा कि झारखण्ड सरकार को पिछले दिनों कई बड़ी कंपनियों के द्वारा निवेश प्रस्ताव मिला है इनमें वोलटाक्स रेल प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा भी चाकुलिया में रेलगाड़ी के पहिये और वंदेभारत टेज्न के डिब्बे के निर्माण हेतु प्लांट लगाने का प्रस्ताव दिया गया है जो स्वागत योग्य है।

अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने इसपर हर्ष प्रकट करते हुये बताया कि सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल उनके नेतृत्व में अप्रेल, 2023 में माननीय रेलवे मंत्री श्री अश्विन वैष्णव से मिलकर जमशेदपुर या इसके आसपास रेलवे के पार्ट्स बनाने से जुड़ी कंपनी की स्थापना के साथ ही विभिन्न मांगों के साथ एक मेमोरण्डम सौंपा था। माननीय रेल मंत्री ने जमशेदपुर या इसके आसपास रेलवे के पार्ट्स बनाने से जुड़ी कंपनी की स्थापना को लेकर चैम्बर के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया था। अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने कहा कि झारखण्ड सरकार को वोल्टॉक्स रेल प्राईवेट लिमिटेड द्वारा मिले प्रस्ताव से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि चैम्बर का माननीय रेल मंत्री से मिलकर यह मांग रखने का प्रयास रंग ला रहा है और कोल्हान में रेलवे पार्टर्स निर्माण की चैम्बर की मांग जल्द पूरी होगी, इसके लिये झारखण्ड सरकार तथा प्रशासन को इस दिशा में समन्वय बनाकर त्वरित कार्यवाही करते हुये आगे बढ़ना चाहिए। झारखण्ड सरकार और प्रशासन के प्रयास से अगर यह प्रस्ताव अमल में आता है तो यह कोल्हान समेत पूरे झारखण्ड को विकसित राज्य बनाने की दिशा में एक अहम कदम साबित इससें बड़ी मात्रा में यहां रोजगार उत्पन्न होगा तथा युवाओं का पलायन रूकेगा। इससे राज्य एवं केंद्र का राजस्व भी बढ़ेगा।



वर्ष 2023 में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को जमशेदपुर में रेल कारखाना बनाने की मांग पत्र सौंपते चैम्बर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका और मानव केडिया।

मानद महासचिव मानव केडिया ने कहा कि यहां की अधिकतर एमएसएमई प्रतिष्ठान दो-तीन बड़ी कंपनियों के अच्छे प्रदर्शन और उनके द्वारा मिले ऑर्डर पर ही पर ही इनका अस्तित्व अभी तक टिका हुआ है। ऐसे बड़े सरकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के जमशेदपुर या इसके आसपास निवेश से ही जमशेदपुर के एमएसएमई प्रतिष्ठानों को एक नई राह और नया बाजार उपलब्ध होगा।

उपाध्यक्ष पुनीत कांवटिया एवं सचिव बिनोद शर्मा ने कहा कि कोल्हान के साथ झारखंड विकास की ओर अग्रसर हो सिंहभूम चैंबर इसके लिये कार्य कर रहा है और आगे भी प्रयासरत रहेगा जिससे जमशेदपुर का विकास और अधिक तेजी से हो सके।

चैम्बर पदाधिकारियों उपाध्यक्ष अनिल मोदी, अधिवक्ता राजीव अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, सचिव भरत मकानी, अंशुल रिंगसिया, बिनोद शर्मा, सुरेश शर्मा लिपु, कोषाध्यक्ष सीए अनिल अग्रवाल रिंगसिया के अलावा चैम्बर सदस्यों ने भी इस प्रस्ताव का स्वागत करते हुये हर्ष व्यक्त किया है तथा सरकार को जल्द इसकी स्थापना हेतु सुगम मार्ग प्रशस्त करने का आग्रह किया है।

स्पीड न्यूज

## नॉर्थ इस्ट यूनाइटेड ने जमशेदपुर एफसी को 0-2 से हराया

**जमशेदपुर।** आईएसएल मुकाबले में गुरुवार को जमशेदपुर एफसी फर्नेश में नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड से भिड़ी। स्थानीय मैदान पर जमशेदपुर को 0–2 से पिछड़ते देख मैच देखने 10 हजार से ज्यादा दर्शक मायूस दिखे। 5 मिनट के अतिरिक्त समय में भी जमशेदपुर कोई गोल नहीं कर सकी और जमशेदपुर को 0–2 की करारी हार मिली। नॉर्थ ईस्ट के खिलाफ पिछले वर्ष गुवाहाटी में 5–0 की करारी हार का बदला लेने के मूड में जमशेदपुर की टीम अपने स्थानीय मैदान पर उतरी थी। लेकिन खेल की शुरूआत में ही नॉर्थ ईस्ट ने गोल दाग जमर्शेदपुर पर दबाव बढ़ा दिया। यूनाइटेड एफसी के मिडफील्डर अलादीन अजारे ने 6वे मिनट में जमशेदपुर के गोलकीपर एलबिनो को चकमा देते हुए गेंद गोलपोस्ट में पहुंचा दी।

## झामुमो जिला संयोजक मंडली की बैठक संपन्न

**जमशेदपुर।** गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला संयोजक मंडली पूर्वी सिंहभूम की बैठक जमशेदपुर परिसदन (सर्किट हाउस) में 11 बजे से जिला संयोजक मंडली के प्रमुख बाघराय मार्डी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कहा कि जिला संयोजक मंडली का अगला बैठक 17 फरवरी को शहीद निर्मल महतो सामुदायिक भवन कदमा में रखा गया है।

## विधायक जगत माझी ने सोनुवा में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**सोनुवा।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को विधायक जगत माझी ने प्रखंड कार्यालय स्थित अपने कक्ष में जनता दरबार आयोजित किया। इस दौरान क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीणों ने विधायक से मुलाकात की और समस्याओं से अवगत कराया। जनता दरबार में पेयजल से संबंधित समस्याएं अधिक आये। सोनापोस पंचायत के घुनिया टोली विकास कॉलोनी की दर्जनों महिलाओं ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन सौंपकर विधायक के समक्ष गंभीर पेयजल संकट को रखा और बस्ती में डीप बोरिंग के माध्यम से संकट से निजात दिलाने की मांग की।

# जमशेदपुर : सहिया और सहायिका के रिक्त पदों पर जल्द होगी नियुक्ति

- डीसी ने की समाज कल्याण विभाग की समीक्षा
- डीडीसी समेत अन्य पदाधिकारी ऑनलाइन जुड़े


**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, जिले में कुपोषण उपचार की वस्तु स्थिति, आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्युतीकरण को लेकर उपायुक्त अनन्य मित्तल ने ऑनलाइन समीक्षा बैठक की।

डीडीसी अनिकेत सचान समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी बैठक से जुड़े। इस दौरान पोषाहार वितरण, पोषण अभियान के अंतर्गत पोषण ट्रैकर में इंट्री, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना समेत कई योजनाओं की समीक्षा की गयी। जिला कार्यालय को सेविका के 5 और सहायिका के 28 पदों पर नियुक्ति के प्रस्ताव मिले हैं जिनमें सेविका के 3 और सहायिका के 14 पदों पर अनुमोदन किया गया है। कुपोषण उपचार केन्द्रों में एक भी बेड खाली नहीं रखने का निदेश दिया गया।

उप विकास आयुक्त ने कहा कि एमटीसी में बेड रिक्त होते ही वेटिंग के बच्चों का उपचार शुरू करें। सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में बिजली व्यवस्था के लिए आवश्यक कार्रवाई हेतु निदेश दिया गया। सीडीपीओ को कार्यपालक अभियंता से समन्वय बनाते हुए आवेदन के साथ-साथ राशि जमा कराने की बात कही गई।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा में सभी सीडीपीओ और महिला सुपरवाइजर को शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। पोषण अभियान योजना अंतर्गत वृद्धि निगरानी, लाभुकों का आधार व मोबाइल नंबर सत्यापन, एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम, सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना का समीक्षा के क्रम में वित्तीय वर्ष 2024-25 में पूर्व के द्वारा निर्धारित लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त करने को कहा। बैठक में समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नेहा संजना खलखो, सीओ सह सीडीपीओ कई अधिकारी भी थे।



## आदिवासी प्लस टू हाई स्कूल में आइडीबीआई ने दिये वाटर कूलर, 54 पंखे और कंप्यूटर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** सीतारामडेरा स्थित आदिवासी प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में गुरुवार को पूर्वी जमशेदपुर की विधायक पूर्णिमा साहू ने वाटर कूलर, 54 सीलिंग फैन व कंप्यूटर सेट का उद्घाटन किया। उक्त सभी उपकरण आईडीबीआई बैंक के साकची शाखा ने सीएसआर के तहत दिया। विधायक पूर्णिमा साहू के साथ आईडीबीआई बैंक के क्षेत्रीय ऑफिस से आये अखिलेश कुमार सिंह, ब्रांच मैनेजर साकची अशोक कुमार सिंह, मैनेजर तपन मुर्मू, रोटरी क्लब के प्रेसिडेंट मनीष कुमार चौधरी ने मिलकर दीप प्रज्ज्वलित किया और कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। इस दौरान स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। संचालन शिक्षिका पद्मा झा ने किया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य उदित नारायण ने सभी का अभिनंदन किया, बच्चों ने थैंक्स क्लैप बजाकर सभी को धन्यवाद दिया, रोटेरियन मुरली मनोहर , एसएमसी के हेड दूधेश्वर मिश्रा, सोनाराम बोदरा शिक्षक पीके गिरी, विभीषण गोराई, जी एन मौर्या, अभिषेक चौधरी, सुमन भुनियां आदि थे।

## मक्का मदीना टूर्स का दूसरा जत्था उमरा के लिए रवाना हुआ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मानगो जवाहरनगर के मक्का मदीना टूर्स एंड ट्रेवल्स का दूसरा जत्था उमरा के लिए सउदी अरब रवाना हुआ। 15 दिनों की यह यात्रा है जिस मे यात्रियों को हर संभव सुविधा दी जारी है। यहां के जत्था में मो जाहिद गाईड के रूप में खाना हुए है और सऊदी अरब के रेयाज एयरपोर्ट पर जत्था में उतरते ही वहां के मुअल्लिक साथ हो जायेंगे और तमाम स्थानों जियारत करायेंगे तथा सभी अरकान भी अदा करायेंगे। ट्रेवेल्स के मो.मकबूल ने बताया कि सभी तीर्थ यात्रियों का काबा शरीफ के काफी निकट होटल में ठहरने की व्यवस्था की गई है एवं उन्हें भारतीय मूल के खाने की भी व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि 15 दिनों के बाद यह जत्था वापस अपने देश लौट जायेगा।



हज के लिए रवाना होते जायरीन।

# खेल से युवा सशक्त और समाज मजबूत बनता है : संजीव सरदार

- माको में बाबा तिलका मेमोरियल क्लब का खेल महोत्सव संपन्न, संजीव सरदार रहे मुख्य अतिथि

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**कोवाली।** बाबा तिलका मेमोरियल क्लब द्वारा कोवाली के माको गांव में आयोजित तीन दिवसीय खेल महोत्सव का सफल समापन हुआ। इस आयोजन के मुख्य अतिथि क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक संजीव सरदार रहे। खेल महोत्सव की शुरुआत 11 और 12 फरवरी को भव्य फुटबॉल महाकुंभ के साथ हुई, जिसमें कई टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले में सोरेन स्टार बुरुडीह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की, जबकि पुष्पा राज उपविजेता रही। 13 फरवरी को कार्यक्रम के अंतिम दिन फ्री स्पोर्ट्स धमाल का आयोजन किया गया, जिसमें विशेष रूप से महिलाओं के लिए खेलों की व्यवस्था की गई। इस दौरान आमड़ा दीपिल और ग्लास रेस जैसी पारंपरिक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं।



## संसद के भाषणों को मैथिली में अनुवाद की सुविधा सराहनीय है : प्रमोद मिश्रा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के एक ऐतिहासिक फैसले में मैथिली भाषा को संसद के भाषणों का मैथिली में अनुवाद शामिल करने का निर्णय को मिथिला सांस्कृतिक परिषद के आजीवन सदस्य सह मिथिला समाज के प्रमुख व्यक्ति प्रमोद मिश्रा ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा है कि भारत सरकार के द्वारा यह अभूतपूर्व निर्णय से बिहार की सांस्कृति धरोहर और भाषा मैथिली को एक नई पहचान मिलने जा रही है। इससे पूर्व भी भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार ने मैथिली भाषा को अष्टम अनुसूची में स्थान देने का कार्य किया था इससे यह प्रतित होता है कि जब-जब केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार होती है मिथिला एवं मैथिली का मान बढ़ता है। ज्ञात हो कि झारखंड में भी जब पूर्व सीएम रघुवर दास के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी तब उन्होंने मैथिली को द्वितीय राजभाषा के रुप में मान्यता दी थी।

# मानकी मुंडा के सहयोग से 400 एकड़ में पोस्ते की फसल नष्ट : कुलदीप चौधरी

- गांव-गांव में समन्वय बनाने में मानकी मुंडा की अहम भूमिका : डीसी
- चाईबासा में मानकी मुंडा की जिला स्तरीय मासिक बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**चाईबासा।** गुरुवार को कोल्हन विश्वविद्यालय सभागार में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में मानकी - मुंडा का जिला स्तरीय मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी सदर चाईबासा, चक्रधरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चाईबासा, सार्जेंट मेजर, मानकी मुंडा के अध्यक्ष सहित जिले के सभी मानकी मुंडा उपस्थित रहे।



बैठक में उपस्थित मानकी मुंडा।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी के द्वारा पूर्व में हुई बैठक की चर्चा करते हुए कहा गया कि गांव-गांव में समन्वय स्थापित करने के लिए मानकी - मुंडा की भूमिका बहुत अहम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के दिशा-निर्देश पर अफीम के विरुद्ध एक जोरदार अभियान संचालित किया जा रहा है। हम सब को मिलकर नशे के विरुद्ध अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपने क्षेत्र/ गांव/ मोहल्ला/ आंचल में अफीम सहित अन्य मादक पदार्थ के खेती को पूर्ण रूप से रोकना है।

जिला उपायुक्त ने कहा कि हम सब के अथक प्रयास से जिले में लगभग 400 एकड़ भूमि को अफीम मुक्त किया गया है। मादक पदार्थ के पैदावार से भूमि बंजर होती है। साथ ही उसके सेवन करने से कई प्रकार की बीमारियां और युवा पीढ़ी बर्बाद होती है। जिला उपायुक्त के द्वारा उपस्थित सभी लोगों से अनुरोध किया गया कि अपने आसपास के लोगों को अफीम की खेती से बचने की सलाह दें,अगर कोई उसमें संलग्न है, तो उसे समझाकर मुख्य धारा की कृषि में जोड़ने का कार्य करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि इस प्रकार की नशीली खेती में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त रूप से कानूनी कार्रवाई करने का प्रावधान सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने मानकी-मुंडा से अनुरोध किया कि गांव-गांव में जागरूकता फैलाएं, रात्रि-चौपाल रखें और नशीली पदार्थ की खेती से विमुक्त हुए कृषकों को चिन्हित करें उन्हें सम्मानित करें, जिन्हें हम जिला स्तर पर भी सम्मानित करने का कार्य करगे। कई कृषक नशीली पदार्थ की खेती छोड़ मुख्य धारा की कृषि में जुड़ना चाहते हैं।

एक नजर में

## दूरसंचार समिति की बैठक में 24 मामलों पर विचार



**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त के निर्देश पर जिला दूरसंचार समिति की बैठक आयोजित हुई। उप विकास आयुक्त श्री अनिकेत सचान की अध्यक्षता में आहूत बैठक में समन्वयक पदाधिकारी द्वारा कुल 24 मामले विचार हेतु प्रस्तुत किये गये। समिति ने सर्वसम्मति से विचार के बाद एक अनापति को स्वीकृत किया तथा बिहार / झारखंड सरकार की भूमि पर बिना पूर्व अनुमति के मोबाइल टावर अधिष्ठापन का आवेदन से कुल आठ आवेदन को रद्द करने का निर्णय लिया। साथ ही पांच मामलों में संबंधित सीओ से जांच रिपोर्ट मांगने का निर्णय लिया गया। शेष 10 आवेदनों में त्रुटि पाये जाने के कारण संबंधित सेवा प्रदायी कंपनी को त्रुटि निराकरण हेतु आवेदन को वापस करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार, सिविल सर्जन, बीएसएनल एवं अन्य सेवा प्रदायी दूरसंचार कंपनियों के प्रतिनिधि, विभिन्न अंचल कार्यालय के प्रतिनिधि तथा नगर निगम के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## चंद्रशेखर बने करणी सेना के कोल्हान उपाध्यक्ष



**जमशेदपुर।** गोविंदपुर में राधे श्याम सिंह के नेतृत्व में क्षत्रिय करणी सेना परिवार का विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जहां गोविंदपुर मंडल और जिलास्तरीय पदाधिकारियों की सर्वसहमति से घोषणा की गयी। साथ ही बड़ी संख्या में युवा टीम एवं वरिष्ठ गणमान्य जन भी संगठन में शामिल हुए। सर्वसहमति से चंद्रशेखर सिंह को कोल्हान उपाध्यक्ष, राधे श्याम सिंह, कमलेश सिंह, एस एन सिंह बघेल, यशवंत सिंह और मनोज सिंह को जिला संरक्षक, संजय सिंह को जिला सचिव, मधु सिंह को गोविंदपुर मंडल अध्यक्ष, मनोकामना सिंह, रवींद्र सिंह और अरुण समदर्शी को गोविंदपुर मंडल संरक्षक,अजय सिंह को कार्यकारी मंडल अध्यक्ष,उदय सिंह को गोविंदपुर मंडल महामंत्री, मनोज सिंह को टेल्को मंडल अध्यक्ष बनाया गया। मौके पर मौजूद झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बिनय सिंह, जिलाध्यक्ष संजय सिंह और युवा जिलाध्यक्ष मोहित सिंह ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारीगण को नियुक्ति पत्र देकर संगठन में स्वागत और शुभकामनाएं देते हुए संगठन को मजबूत और समाज को एकत्रित करने के लिए कहा। संचालन आशीष सिंह, कृष सिंह, रोहित सिंह व अन्य ने किया।

## साउथ प्वाइंट स्कूल के 6 छात्र जेईई मेंस में सफल



**जमशेदपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने जेईई (ज्वाइंट इंजीनियरिंग एग्जामिनेशन) मेंस की मेधा सूची जारी कर दी है। जेईई मेंस परीक्षा में साउथ प्वाइंट स्कूल पटमदा के कुल छह विधार्थियों ने जिसमें अरिजीत मंडल –99.65, साहिल जूनेजा 91.73, नुर फातमा –95.97, विवेक वर्णवाल, 98.29, प्रत्युष 91.4, यश 85 हासिल कर स्कूल को गौरवान्वित किया। विद्यालय के चेयरमैन शिव प्रकाश शर्मा, डायरेक्टर शिवम शर्मा, प्राचार्य अरुण कुमार सिंह ने सभी बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए ढेर सारी शुभकामनाएं दी। बच्चों की सफलता से विद्यालय के सभी शिक्षक – शिक्षिकाएं और परिवार के लोग गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

## विधायक सरयू राय ने दिया व्हील चेयर



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने गुरुवार को अपने बिष्टुपुर स्थित आवास/ कार्यालय पर डिमना बस्ती की तफासुम पटकीत को उनके सुपुत्र फारुक अंसारी के लिए व्हील चेयर भेंट किया। फारुक के दोनों पैरों की एडियों की हड्डियां घिस गई हैं। वह चल नहीं पाते। उनकी मां ने व्हील चेयर प्राप्त किया। विधायक सरयू राय ने उम्मीद जतायी कि अब फारुक को मूवमेंट करने में थोड़ी सहूलियत होगी। मौके पर आफताब सिद्दिकी, नीरज सिंह, वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## सामर्थ्य ने राममड़ैया आंगनबाड़ी में बांटे पोषाहार



**जमशेदपुर।** सामर्थ्य वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से राममड़ैया बस्ती स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में छोटे बच्चों के बीच में पोषाहार वितरित किया गया। संस्था की अध्यक्ष पल्लवी दीप ने कहा बच्चों के विकास के लिए कुपोषण की समाप्ति के दिशा में हमारा यह छोटा सा प्रयास है। इस पूरे माह को हम लोग पोषण युक्त बचपन एवं कुपोषण विरुद्ध अभियान के रूप में चलाया जाएगा, जिसमें शहर के आंगनबाड़ी केंद्र एवं प्राथमिक विद्यालय को इसमें शामिल किया जाएगा। छोटे बच्चों के साथ उनकी माता को भी शामिल करते हुए उन्हें कुपोषण से लड़ने के तरीके बताए जाएंगे। इसके साथ पोषण युक्त आहार भी वितरित किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष पल्लवी दीप, मोनी, रीना, बृजेश सिंह इत्यादि की भूमिका सराहनीय रही।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# हिंडाल्को द्वारा आंचल मातृ शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** हिंडाल्को चकला कोल माइंस के सीएसआर प्रयासों और चकला परियोजना क्षेत्रों में स्वास्थ्य और पोषण संबंधी मुद्दों को संबोधित करने के लिए , चकला पंचायत के चकला, नवाटोली, अंबाटांड, नगर गांवों के लिए नगर के स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र में गुरुवार को आंचल- मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम की नींव रखी गई। सहायता स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम की शुरूआत दीपक लेंका-यूनिट हेड, प्रकाश कुमार-हेड एच.आर, अनुनय कुमार-हेड सी.एस.आर, रंजीता एक्का-मुखिया, चकला पंचायत और स्वास्थ्य विभाग से अकबर ने की। इस दौरान मातृ शिशु स्वास्थ्य कार्ड लॉन्च किया गया और 65 लाभार्थियों को पोषण किट वितरित की गईं। साथ ही प्रोजेक्ट आंचल के प्रतीक के रूप में अधिकारियों द्वारा पौधारोपण किया गयो चकला कोल माइंस से डॉ. प्रियंका, आशा बारा और स्वास्थ्य विभाग से सीताराम और सीएसआर टीम भी मौजूद थी। कार्यक्रम के दौरान दीपक लेंका ने महिलाओं को प्रेरित किया और 1000 दिनों के महत्व को साझा किया तथा बताया कि यह हमारे जीवन को यह कैसे प्रभावित करता है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि इसे चकला पंचायत के सभी गांवों में लागू किया जाएगा तथा लाभार्थियों को सहायता प्रदान की जाएगी। श्री प्रकाश ने बताया कि महिलाओं को अपना तथा अपने बच्चे का विशेष रूप से गर्भावस्था के दौरान तथा बच्चे के दो वर्ष तक उचित मानसिक तथा शारीरिक विकास के लिए ध्यान रखना चाहिए। अनुनय कुमार ने टीकाकरण के महत्व पर भी प्रकाश डाला। रंजीता एक्का ने हिंडाल्को के प्रयास की सराहना की तथा सभी महिलाओं और परिवारों से अनुरोध किया कि वे इस परियोजना से जुड़ें तथा इसका लाभ उठाएं। डॉ. अकबर (स्वास्थ्य विभाग) तथा डॉ. प्रियंका (हिंडाल्को) ने बताया कि सभी गांवों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है तथा उन्हें अपनी जांच के लिए आगे आना चाहिए जो बहुत आवश्यक है। बता दें कि यह कार्यक्रम संबंधित आंगनवाड़ी केंद्र में पंजीकृत गर्भवती और धात्री महिलाओं को महत्वपूर्ण पहले 1000 दिनों के दौरान सहायता प्रदान करने के लिए समर्पित है। यह पहल गर्भधारण से लेकर उनके शिशुओं के दूसरे जन्मदिन तक बच्चे के जीवन के पहले 1000 दिनों के दौरान स्वास्थ्य और पोषण के महत्व को लोगों तक पहुँचाना है। इसका उद्देश्य मातृ और शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार कर समुदाय के लिए एक स्वस्थ भविष्य के निर्माण की दिशा में एक प्रयास है।

## स्वास्थ्य को लेकर किया गया जागरूक



कार्यक्रम में मौजूद हिंडाल्को के अधिकारी व अन्य।

## यह पहल के अंतर्गत निम्नलिखित प्रयास किये जायेंगे

लाभार्थियों और परिवारों को जागरूक करना और माताओं (गर्भवती और धात्री) को सहायता प्रदान करना आंगनवाड़ी केंद्र में पंजीकृत धात्री और गर्भवती महिलाओं को प्रति महीना पोषण किट प्रदान करना मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्ड के माध्यम से विकास की जांच के महत्व पर जागरूकता बढ़ाना, महिलाओं और बच्चे (0-2 वर्ष) का ट्रैक रखना है। इधर कार्यक्रम के अंत में चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परामर्श दिया गया तथा लाभार्थियों को आवश्यक दवाइयां दी गईं।

## एक नजर में

### अवैध पोस्ता की खेती को पुलिस ने किया नष्ट



अफिम की खेती को नष्ट करती पुलिस।

**बारियातू।** थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने थाना क्षेत्र के बालुभांग पंचायत अंतर्गत इंदुआ, बूढीसखुआ, डकादिरी गांवों में वन भूमि पर 26 एकड़ मे फैले अवैध पोस्ता की खेती को लाठी डंडा से पीटकर कर नष्ट किया गया। थाना प्रभारी ने बताया की लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव से मिली गुप्त सूचना के आधार पर विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। दल ने लाठी-डंडों से पीटकर 26 एकड़ में फैली अवैध पोस्ता की फसल को नष्ट किया।आगे उन्होंने कहा की अभियान जारी है, और इस अवैध खेती में संलिप्त दोषी व्यक्तियों की विरुद्ध पहचान कर प्रथामिकी दर्ज की जा रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा की अवैध पोस्ता की खेती करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर इस अभियान में थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### झामुमो के द्वारा सदस्यता अभियान के माध्यम से लगातार जोड़ने का किया जा रहा काम



**मनिका।** मनिका प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में झारखंड मुक्ति मोर्चा के निदेर्शानुसार झामुमो के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सिखेश्वर राम एवं युवा नेता सिकंदर बाड़ा के नेतृत्व में पार्टी को मजबूत बनाने के उद्देश्य से सदस्यता अभियान के माध्यम से लगातार लोगों को जोड़ने का काम किया जा रहा है। वहीं दिन गुरुवार को भी कई पंचायत में झामुमो के कार्यकताओं के द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया जहां पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के हेमंत सोरेन सरकार के कार्य से प्रभावित होकर सैकड़ो लोगों ने झामुमो का सदस्यता ग्रहण किया। साथ ही झामुमो के कार्यकताओं के द्वारा गांव-गांव जाकर सभी महिला,पुरुष एवं मजदूरों को झामुमो से जोड़ने का काम किया जा रहा है। मौके पर युवा नेता सिकंदर बाड़ा ने कहा कि सदस्यता अभियान के तहत बहुत ही तेजी से झारखंड मुक्ति मोर्चा के साथ लोग जुड़ रहे हैं जिससे कि आने वाले दिनों में झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी काफी मजबूत स्थिति पर पहुंचेगी। उन्होंने हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले महागठबंधन सरकार की योजनाओं को भी गिनाया। साथ ही योजना का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की अपील की। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के नव चयनित सदस्य एवं कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मीणा श्री परिश्रम फाउंडेशन जरूरतमंदों एवं असहाय लोगों के मदद के लिए हमेशा तैयार है: शशांक सोनी



**सरयू।** ठंड को देखते हुए मीणा श्री परिश्रम फाउंडेशन के द्वारा जरूरतमंदों एवं असहाय लोगों के बीच कंबल एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। मीणा श्री परिश्रम फाउंडेशन के सदस्यों ने गुरुवार को देर शाम सरयू प्रखंड क्षेत्र के सड़क किनारे पड़े रहने वाले गरीबों व जरूरतमंदों को कंबल एवं खाद्य सामग्री बांटा। शशांक सोनी बताया कि जरूरतमंदो के बीच कंबल एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। ठंड से बचने के लिए लोगों को अचानक कंबल मिला तो वे खुश हो गए। उन्होंने आगे कहा कि मैं निश्चित किया हूं कि जितना हो सके असहाय एवं जरूरतमंदों को बचाऊंगा किसी को भी जरूरत पड़ने पर मैं उन्हें मदद पहुंचाऊंगा। इस मौके पर निशांत राज, रविंद्र कुमार, आशीष कुमार एवं अन्य लोग मौजूद थे।

# जगदीश उराव की मौत अपूर्ण क्षति : बेलाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के लोगो ने जताया शोक**

**चंदवा।** सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) संघर्ष मोर्चा प्रखंड चंदवा के कोषाध्यक्ष शिक्षक जगदीश उराव की विगत मंगलवार को शाम छः बजे दामोदर से अपने घर जाने के क्रम मे अज्ञात वहन के चपेट मे आने से घायल होने पर उन्हें सामुदायिक स्वस्थ केंद्र चंदवा लाया गया प्राथमिक उपचार के उपरान्त गंभीर चोट के करण उन्हे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया जहाँ इलाज के दौरान सुबह 9 बजे उनकी मृत्यु हो गई। मौत की सूचना मिलने पर प्रखंड के सहायक अध्यापकों (पारा शिक्षक) में शोक की लहर दौड़ गई, जिससे लोग समझ नही पा रहे की अचानक ऐसे कैसे हो गया। सूचना मिलते प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अहमद, सचिव गोविंदा कुमार, बिगन राम रांची हॉस्पिटल पार्थिव शरीर को लाने पहुंच गये। बुधवार को करीब पांच बजे उनका शव उनके पैतृक आवास जोविया लाया गया परा शिक्षक संघ की ओर से उन्हे ससम्मान पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि दिया गया। गांव पहुँचते ही लोगों का होजूम उमड़ पड़ा जिसमे सैकड़ों पारा शिक्षक उपस्तिथ रहे। जगदीश उरांव के मौत पर पुरा गांव मातम मे बदल गया हर तरफ लोग रोते बिलखते नजर आए शाम 6 बजे उन्हें आदिवासी रीतिरीवाज से अंतिम संस्कार किया गया। जगदीश उरांव पारा शिक्षकों के लोकप्रिये थे, साथ मे समाजिक व्यक्ति भी थे हर दुःख सुख मे लोगों के साथ खड़े रहते उनके मौत से संगठन को भारी क्षति हूयी है, राज्य सदस्य सह प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अहमद ने राज्य सरकार से मांग की है उनके आश्रित को अनुकम्पा का लाभ दिया जाये और उनके आश्रित को बीस लाख का एकमुश्त मुआवाजा दिया जाये ताकि उनका घर परिवार का भरण पोषण हो सके।

# पशु चोरों ने 3 पशुधन की कर ली चोरी

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लाधुप पंचायत के सुदूरवर्ती हेसला बांझीटोला में बुधवार की रात्रि पशु चोर गिरोह के लोगो किसान संतोष गंझू पिता कुंवर गंझू के एक गाय व दो बैलों की चोरी कर रफूचक्कर हो गए। भुक्तभोगी किसान को घटना कि भनक गुरुवार की सुबह उस समय लगी जब वह जगाने के बाद पशुओं को चारा देने के लिए गया तो देखा कि पशुधन गायब है, इसके बाद किसान ने आसपास के इलाकों में काफी खोज बिन की पर कुछ पता नही चल पाया। इस चोरी की घटना में किसान संतोष गंझू को लगभग एक लाख रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। इधर खबर लिखे जाने तक भुक्तभोगी किसान द्वारा मामले को लेकर चंदवा थाना में लिखित शिकायत नही की गई थी। विदित हो कि चंदवा समेत आसपास के ग्रामीण इलाकों में लंबे समय से पशु चोर गिरोह सक्रिय है।

## मनिका थाना क्षेत्र के शराब दुकान में पिस्टल के नोंक पर दिन दहाड़े डकैती

# शराब व लाखों रुपए लूटकर फरार हुए अपराधी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



शराब दुकान पर घटना की जांच करते पुलिसकर्मी व अन्य।

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत एसबीआई रोड स्थित शराब दुकान में दिन गुरूवार को संध्या 05:30 बजे अज्ञात अपराधियों ने पिस्टल के नोंक पर शराब दुकान से लगभग एक लाख रूपया नकद लुटकर फरार हो गए। वहीं अपराधियों ने रुपए के साथ-साथ शराब दुकान से शराब की आठ-दस बोतल भी साथ ले गए। इधर घटना के सुचना मिलते ही थाना प्रभारी मनिका शशि कुमार सदलबल शराब दुकान पहुंचकर घटना की जानकारी ली। साथ ही अपराधियों के गिरफ्तारी को लेकर त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी गई। वहीं घटना के जानकारी देते हुए शराब दुकान कर्मी चेतन गुप्ता व विक्रम कुमार ने घटना के बावत बताया की प्रतिदिन की तरह शराब दुकान खुला था। संध्या साढ़े पांच बजे के लगभग लाल रंग के अपाची बाईक में सवार होकर तीन अपराधी चेहरा ढके हुए शराब दुकान में आ धमके और दुकान में कार्यरत विक्रम कुमार के कनपटी पर पिस्टल सटा कर दुकान में विक्री के एक लाख रूपया सहित शराब की आठ-दस बोतल भी लेकर चलते बने। जब तक घटना के बावत शराब दुकानदार आस-पास के लोगों को बताता तबतक अपराधी घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। बता दें की उक्त शराब दुकान में बीते वर्ष दो बार फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया था। उक्त जगह पर शराब दुकान असुरक्षित रहने के बावजूद उत्पाद विभाग के द्वारा शराब दुकान को स्थानांतरित करने के बावत कोई पहल नही किया गया है और ना ही शराब दुकान पर सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। जिस कारण से शराब दुकान में बार-बार अपराधिक घटना को अंजाम देकर अपराधी बड़े आराम से चल निकलते हैं। इधर इस घटना के वजह से आस-पास के लोगों में भी हडकंप व्याप्त है। इधर पुलिस का दावा है की अपराधी जल्द से जल्द पकड़े जायेंगे।

# आधार केंद्र में 150 रुपए की हो रही है वसूली, कार्रवाई की मांग

# ऊपर से राशि वसूलने के दिये गये निर्देश : ऑपरेटर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



आधार केंद्र में हंगामा करते ग्रामीण।

बरवाडीह । बरवाडीह प्रखण्ड क्षेत्र के बीआरसी (ब्लॉक रिसोर्स सेंटर) में लंबे समय से बंद पड़े आधार केंद्र को हाल ही में पुनः चालू किया गया था। इस आधार केंद्र का संचालन एमकेएस रांची के द्वारा चलाया जा रहा है। आधार केंद्र खुलने से एक ओर जहां क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिली, लेकिन जल्द ही यहां अवैध रूप से 150 रुपये वसूले जाने का मामला सामने आया। आधार केंद्र पर अपने बच्चों और परिजनों का आधार कार्ड बनवाने पहुंचे लोगों ने आरोप लगाया कि उनसे प्रत्येक आधार कार्ड के लिए 150 रुपए वसूले जा रहे हैं। मामले की पूछताछ में आधार ऑपरेटर ने 150 रुपए लिए जाने की बात स्वीकार किया। ऑपरेटर ने यह भी बताया कि उन्हें ऊपर से ही यह राशि वसूलने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने एक सूची भी दिखाई, जिसमें आधार कार्ड बनवाने का शुल्क 100 रुपए, प्रिंट आउट के लिए 30 रुपए, और जीएसटी के रूप में 20 रुपए दर्ज था। गौरतलब है कि सरकार नया आधार कार्ड बनवाने और आवश्यक बायोमेट्रिक अपडेट की सुविधा निशुल्क प्रदान करती है। जबकि अन्य अपडेट्स और सेवाओं के लिए भी सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क लिया जाता है। ऐसे में 150 रूपए की अवैध वसूली सीधे तौर पर सरकारी नियमों का उल्लंघन है। स्थानीय लोगों ने इस अवैध वसूली के खिलाफ नाराजगी जाहिर की और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सरकार की ओर से आधार सेवाएं निशुल्क या निर्धारित शुल्क पर उपलब्ध कराई जाती हैं, फिर भी लोगों को जबरन अधिक पैसे देने के लिए मजबूर किया जा रहा है। यह मामला सामने आने के बाद जिला प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है कि वह आधार केंद्र पर हो रही अवैध वसूली की जांच करे और दोषियों पर सख्त कार्रवाई करे। आधार जैसी महत्वपूर्ण पहचान सेवा को लेकर इस तरह की अनियमितताओं को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।

# सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का हुआ शुभारम्भ



शुभारंभ करते अतिथि।

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित श्रीराम मंदिर परिसर मे एकल ग्रामोंउत्थान फाउंडेशन लातेहार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया। इस केंद्र का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करना है। इस केंद्र में महिलाओं को सिलाई कढ़ाई और अन्य हस्तशिल्प प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि वे अपने परिवारों के आर्थिक सशक्तिकरण में योगदान कर सकें। इसके अलावे यह केंद्र महिलाओं के सामाजिक और मानसिक विकास के लिए एक मंच प्रदान करेगा। इस अवसर पर एकल ग्रामोंउत्थान फाउंडेशन के पदाधिकारी, प्रकाश महतो, राजनाथ उरांव, निलेश उरांव, शिल्पा कुमारी विष्णु सिंह स्थानीय ग्राम पंचायत सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपनी उपस्थिति रहे। वहीं लातेहार अंचल के अध्यक्ष अभिनंदन प्रसाद सचिव राजेंद्र सिन्हा उर्फ राजू लाल मनमोहन राम कोषाध्यक्ष पवन कुमार प्रसाद संच अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा संरक्षक वीरेंद्र प्रसाद,सत्येंद्र प्रसाद,राजीव कुमार,बजरंग प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### इंटर की परीक्षा मे तीन परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित



**महुआडांड़।** झारखंड जैक द्वारा गुरुवार से प्रारंभ हुई। इंटर की परीक्षा महुआडांड़ प्रखंड क्षेत्र के तीन केन्द्रो पर शांतिपूर्वक प्रथम दिन संपन्न हुआ। इंटर परीक्षा के दौरान तीन परीक्षार्थी जबकि इंटर परीक्षा के अनुपस्थित रहे इस प्रकार इंटर परीक्षा के अंग्रेजी विषय की परीक्षा में सभी केंद्रों को मिलाकर 529 परीक्षार्थियों में से 526 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जबकि इंटर की अंग्रेजी विषय कि परीक्षा में संत तेरेसा में परीक्षार्थियों 369 में से 367 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। प्रोजेक्ट ऊंच विद्यालय में 160 में से 159 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि इंटर परीक्षा को लेकर झारखंड अधिविध परिषद द्वारा महुआडांड़ प्रखंड क्षेत्र में तीन परीक्षा केंद्र संत जोसेफ, संत तेरेसा एवं प्रोजेक्ट ऊंच विद्यालय, वहीं इंटर की परीक्षा को लेकर प्रखंड की पुलिस व प्रशासनिक व्यवस्था चुस्त दुरुस्त दिखी और इस दौरान उड़न दस्ता के अधिकारी महुआडांड़ प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष बैठा समय-समय पर परीक्षा केदो का निरीक्षण करते पाए गए।

### दो हल्का कर्मचारी के भरोसे 15 पंचायत और 10 हल्का राजस्व गांव का काम



मनोज कुमार (अंचलाधिकारी)।

**बरवाडीह।** लातेहार जिले के बारीडीह अंचल कार्यालय में दो हल्का कर्मचारी के भरोसे 15 पंचायत और 10 राजस्व गांव का काम चल रहा है। इनमें से एक कर्मचारी को अंचल निरीक्षक का प्रभार दे दिया गया है। अंचल में हल्का कर्मचारियों की कमी ने प्रखंड क्षेत्र के लोगों की परेशानी बढ़ा दी गई है। समय पर लोगों का राजस्व काम नहीं होने के कारण से लोगों के बीच आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि एक हल्का कर्मचारी पर कई पंचायतों का भार रहने के कारण से लोगों का काम समय से नहीं हो पाता है। ज्यादा पंचायत और राजस्व ग्राम की जिम्मेवारी रहने के कारण से राजस्व की वसूली, जमीन का मोटेशन आदि कार्य में कमचार्री की व्यस्तता काफी बढ़ जाती है। कई बार ग्रामीणों को खोजने पर भी हल्का कर्मचारी का दर्शन नहीं हो पाता है। मामले को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता शशि भूषण तिवारी ने सरकार और जिले के उपायुक्त से बरवाडीह अंचल में हल्का कर्मचारी देने की मांग की है। उन्होंने बताया कि अंचल में हल्का कर्मचारी नहीं होने के कारण से अंचल में सही से काम नहीं हो पा रहा है। यहां 10 हल्का होने के बाद भी सिर्फ दो राजस्व कर्मचारी से काम चलाया का रहा है। प्रशासन को इस दिशा में ठोस पहल करने की जरूरत है। वहीं बरवाडीह अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि यह बात सही है कि जरूरत के मुताबिक हल्का कर्मचारी नहीं रहने के कारण से दाखिल-खारिज के साथ-साथ राजस्व वसूली समेत अन्य कई काम प्रभावित होता है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति खस्ताहाल, नहीं मिल रहा पोष्टिक आहार : सुशीला देवी



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों के बंद होने, बच्चों को पोष्टिक आहार नहीं मिलने, केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति नगण्य होने आदि कई मामले अब खुलकर सामने आ रहे है। मामले में शिकायतों के आधार पर गुरुवार को प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल तथा पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। जिसमें उन्होंने बताया कि अहिरपुरवा आंगनबाड़ी केंद्र में पिछले कई दिनों से बच्चों को पोष्टिक आहार नहीं मिल रहे हैं। हालांकि सेविका मौजूद थी। वहीं मुगीर्डीह आंगनबाड़ी केंद्र संख्या दो बंद पाया गया और मंगरा आंगनबाड़ी केंद्र संख्या तीन में एक भी बच्चे नहीं देखे गए। जहां प्रमुख सुशीला देवी ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति खस्ताहाल है। सेविकाओं द्वारा बच्चों को शिक्षा तो दूर गुणवत्तापूर्ण भोजन से भी महरूम कर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अधिकतर आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को केवल खिचड़ी परोसा जाता है। उन्होंने मामले की जांच रिपोर्ट वरीय पदाधिकारियों को पत्राचार करने और दोषी पदाधिकारियों पर सख्त कार्रवाई कराने की बात कही है।

# उपायुक्त ने की जिला नियोजलानय अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



समीक्षा बैठक में निर्देश देते उपायुक्त।

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में श्रम विभाग एवं जिला नियोजलानय अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला में चल रहे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के बारे में विचार विमर्श किया गया। इस दौरान महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लातेहार के प्रशिक्षण अधिकारी ने अपने संस्थान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए नामांकन एवं अन्य जानकारियों से उपायुक्त को अवगत कराया। जिसपर उपायुक्त ने विभिन्न ट्रेडों में खाली सिटों को भरने के लिए लोगों के बीच में प्रचार-प्रसार करने का निदेश दिया, ताकि अगले सत्र में अधिक से अधिक नामांकन हो सके। उसके उपरांकत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बरवाडीह के प्रशिक्षण अधिकारी ने बरवाडीह के बारे में जानकारी प्रस्तुत किया। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बरवाडीह में पठन-पाठन का कार्य सुचारू रूप से चलाने हेतु कई निदेश दिये गये एवं भवन सुदृढ़िकरण हेतु विभागीय स्तर से त्वरित कर्रवाई करने का निदेश दिया गया। बैठक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चंदवा के प्रभारी प्राचार्य ने अपने संस्थान के बारे में जानकारी प्रस्तुत किया एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, महुआडाड़ के प्रभारी प्राचार्य ने अपने संस्थान अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार ने जिला नियोजनालय, लातेहार के द्वारा आयोजित रोजगार मेला/भर्ती कैम्प एवं कैरियर कॉउसलिंग संबंधित जानकारी दी। उपायुक्त ने जिला में अधिक से अधिक रोजगार मेला/भर्ती कैम्प आयोजन करने को कहा। इसके पश्चात श्रम विभाग की समीक्षा के क्रम में संबंधित योजनाओं को खर्च पूरा करने का निदेश दिया गया तथा श्रम कानूनों/प्रवाधानपों के लाभ के बारे में ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार करने हेतु श्रम अधीक्षक, दिनेश कुमार को निदेश दिया गया। बैठक में जिला नियोजन पदाधिकारी, संतोष कुमार, श्रम अधीक्षक, दिनेश भगत सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रभारी प्राचार्य, प्रशिक्षण अधिकारी एवं कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

### भ्रष्टाचार का दानव लील रहा है जरूरतमंदों की योजनाओं

### भ्रष्टाचार की गहरी होती जड़ो पर कौन कसेगा शिकंजा

**(दीपक राज)** बरवाडीह। दूषित भ्रष्ट और बेइमान सिस्टम के आगे अच्छे अच्छे जनप्रतिनिधि भी नतमस्त नजर आ रहे है। यही कारण है कि बरवाडीह में भ्रष्टाचार की जड़ें काफी गहरी होती जा रही है। यह भ्रष्टाचार का दानव सरकार की ओर से जरूरतमंदों को दी वाली योजनाओं को लील रहा है। यह मामला लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखण्ड अंतर्गत चुंगरू पंचायत के हेहेगड़ा से सामने आया है। जहां एक परिवार को लगाता तीन सरकारी आवासों का लाभ सुनियोजित तरीके से दिया गया है। यहां प्रधानमंत्री आवास योजना और अबुआ आवास योजना के क्रियान्वयन में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्ष 2022- 23 में हेहेगड़ा के कमलेश यादव नामक व्यक्ति को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया। इसी वर्ष उनके बड़े पुत्र संजीत कु. यादव का भी आवास स्वीकृत हुआ। वहीं अब मौजूदा वर्ष 2024-25 में कमलेश यादव के छोटे पुत्र लालू यादव को अबुआ आवास योजना के तहत घर आवंटित कर दिया गया। यही नहीं हेहेगड़ा में ठिकेदार व ट्रेक्टर मालिक को भी आवास का लाभ दिए जाने के मामले सामने आ रहे है जो कि जांच का विषय बन गया है। एक ओर एक ही परिवार के तीन सदस्यों को सरकारी योजनाओं का लाभ लगातार मिल रहा है तो वहीं दूसरी ओर कई विधवा महिलाएं और गरीब परिवार अभी भी अपने आवास के इंतजार में हैं। यह पूरी प्रक्रिया कहीं न कहीं संबंधित पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत को उजागर करती है। गांव में ऐसे कई लोग हैं जो कच्चे मकानों में रहने को मजबूर हैं, और जिनका नाम पात्रता सूची में आने के बावजूद भी उन्हें अब तक आवास का लाभ नहीं मिल पाया है।

## विकास योजनाओं को गति देने को लेकर बीडीओ ने की विभागों के साथ समन्वय समिति की बैठक

# बीडीओ ने लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



समन्वय समिति के साथ बैठक करते बीडीओ।

**चंदवा।** स्थानीय प्रखंड कार्यालय में शनिवार बीडीओ चंदन प्रसाद ने सभी विभाग के अधिकारियों के साथ प्रखंड समन्वय समिति की बैठक की। बैठक में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं को सफल क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया साथ हीं संचालित विकास योजनाओं की विभागवार समीक्षा भी की। इस दौरान कृषि पदाधिकारी मनीष पांडेय से लक्ष्य के अनुरूप अबतक हुए धान अधिप्राप्ति की जानकारी ली। इस पर कृषि पदाधिकारी ने बताया कि चंदवा लैम्प्स में 5 हजार क्विंटल धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य था, जिसमे अबतक 1153 क्विंटल, सासंग लैम्प्स में 5 हजार क्विंटल के अनुपात में 1120 क्विंटल, लाधुप लैम्प्स में 10 हजार क्विंटल में अबतक 750.20 क्विंटल वहीं कामता लैम्प्स में 5 हजार क्विंटल लक्ष्य था जिसमें 441 क्विंटल धान की खरीददारी हुई है। कृषि पदाधिकारी ने बताया कि प्रखंड में 6 किसान मित्र का चयन करना था जिसमें पांच का चयन हो चुका है। वही पेंशन प्रभारी से पेंशन सम्बधि जानकारी ली गयी, जिसमे पेंशन प्रभारी ने बताया कि सभी 17 पंचायत में मुख्यमंत्री मंईयाँ सम्मान योजना को लेकर सत्यापन कर चल रहा है जिसमें 15 पंचायत के द्वारा सत्यापन कार्य पूर्ण कर लाभुकों की सूची जमा की गयी है। बचे दो पंचायत में भी सत्यापन का कार्य जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा। वहीं शिक्षा विभाग की ओर से उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत अब तक हुए साइकिल वितरण योजना की भी जानकारी दी व बताया कि 9 वीं से 12 वीं के सत प्रतिशत विद्यार्थियों तक पोशाक की राशि वितरित कर दी गई है। छात्रवृत्ति वितरण की भी जानकारी साझा की। इसके अलावा आपूर्ति, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, पशु पालन समेत अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट व जानकारी साझा की गई। मौके पर आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार, लव कुमार पासवान, रितेश कुमार, रोहित मेहता, कुश ध्वज, अमित कुमार, शिक्षा विभाग के सुबोध कुमार चंदेल, सीआरपी प्रतीक सिन्हा, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता सुनील कुमार समेत कई विभाग के लोग मौजूद थे।

# दुमका : बांस हस्तशिल्प चौपाल का आयोजन



हस्तशिल्प चौपाल का उद्घाटन करते अतिथि।

खबर मन्त्र संवाददाता

**हंसडीहा।** वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, हस्तशिल्प सेवा केंद्र, देवघर ने गुरुवार को बांस हस्तशिल्पियों के साथ चौपाल का आयोजन दुमका जिला के केंदुआ पंचायत में किया गया। चौपाल का उद्घाटन मुख्य अतिथि केंदुआ पंचायत की मुखिया फुलेश्वरी देवी, सहायक निदेशक हस्तशिल्प देवघर भुवन भास्कर, शाखा प्रबंधक स्टेट बैंक कुरमाहाट संजीव कुमार एवं अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। चौपाल का उद्देश्य हस्तशिल्पियों के बीच विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर परिचर्चा और जागरूकता करना है। चौपाल में शिल्पी पहचान पत्र, गांधी शिल्प बाजार, स्वयं सहायता समूह, ई-कॉमर्स पोर्टल, प्रधानमंत्री बीमा योजना, मुद्रा लोन, पीएम स्वनिधि योजना आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान मुख्य अतिथि मुखिया फुलेश्वरी देवी ने शिल्पकारों को समूह में कार्य करने की सलाह दिया। जिससे सबका विकास हो सके। वहीं सहायक निदेशक हस्तशिल्प भुवन भास्कर ने अपने संबोधन में कहा कि हस्तशिल्पियों के विकास एवं आत्मनिर्भरता के लिए भारत सरकार एवं राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रयास कर रही है। साथ ही सभी हस्तशिल्पियों को आर्टिसन कार्ड बनाने, विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न मार्केटिंग इवेंट्स में भाग लेने और स्वयं सहायता समूह बना कर काम करने को उत्साहित किया। वहीं शाखा प्रबंधक संजीव कुमार ने मुद्रा योजना, विश्वकर्मा योजना, फाइनेंशियल लिट्रेसी, सुरक्षा बीमा योजना सहित अन्य जानकारी दी। उन्होंने हस्तशिल्पियों को संस्थागत ऋण पीएम स्वनिधि योजना से जुड़कर कार्य शुरू करने का सलाह दिया। मुख्यमंत्री कुटीर बोर्ड के विसेंट, प्रखंड समन्वयक ने पीएमईजीपी, सीएमईजीपी, विभागीय प्रशिक्षण के बारे में जानकारी साझा किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ वीरेंद्र कुमार ने किया। इस मौके पर सुरेंद्र महली, शुभेंदु कुमार, रवि रौशन सहित अन्य बांस शिल्पियों ने भाग लिया।

# चास के बोदरो में युवा लायंस फोर्स का मिलन समारोह संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** युवा लायंस फोर्स का मिलन समारोह चास के बोदरो स्थित आवासीय कार्यालय में सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में फोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष सह- युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष देव शर्मा मौजूद थे। शर्मा ने कहा कि बारह साल पहले सैकड़ों युवाओं द्वारा इस संगठन का निर्माण मुख्य रूप से बेरोजगार युवाओं के अधिकार के लिए किया गया था। लगभग हजारों युवाओं को हम लोगों ने रोजगार दिलाने का काम किया है। आज युवा लायंस फोर्स बोकारो में किसी भी पहचान का मोहताज नहीं है। हर साल युवा लायंस फोर्स द्वारा कई सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम भी किये जाते हैं और अब सर्व सहमति से यह निर्णय लिया गया है कि युवा लायंस फोर्स बोकारो के साथ अब पूरे झारखंड के बेरोजगार युवाओं की लड़ाई लड़ेगा। देव ने कहा कि मुझे गर्व है कि आज तक न मुझ पर और न इस संगठन पर किसी तरह का कोई दाग लगा। हम निःस्वार्थ भाव से युवाओं के हक और अधिकार के लिए लड़ते रहे और आगे भी लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि आज लोहा कोयला गैस समेत कई खनिज संपदा से भरा है हमारा राज्य। लेकिन अफसोस की बात है कि झारखंड-बोकारो के युवा मजबूरन अपने परिवार से दूर किसी दूसरे राज्य में छोटी मोटी नौकरी के लिए पलायन कर रहे हैं। राज्य में अबुवा सरकार है। मुख्यमंत्री जी ने भी 75% रोजगार पर स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने को कहा है। लेकिन कुछ प्रबंधन के अधिकारी को यह प्रेम की भाषा समझ में नहीं आ रही। वैसे अधिकारियों और प्रबंधनों के खिलाफ जोरदार उलगुलान किया जाएगा। इस अवसर पर संगठन के लोगों ने देव शर्मा को तलवार भेंट कर सम्मानित किया।

## एक नजर में

### महिला कल्याण समिति के जिला महासचिव को मिला विधा सागर सम्मान



बेरमो/फुसरो। महिला कल्याण समिति ढोरी बोकारो के महासचिव सह कहानिका हिंदी पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ श्याम कुंवर भारती को अयोध्या धाम के विनायक गेस्ट हाउस आशापुर में आयोजित समारोह के दौरान विद्या सागर सम्मान मिला। गुरुवार को डॉ श्याम कुंवर भारती ने प्रेस वार्ता कर बताया कि अयोध्या धाम विनायक होटल में कहानिका हिंदी पत्रिका द्वारा (महिला कल्याण समिति ढोरी बोकारो द्वारा संचालित) अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन सह विद्या वाचस्पति मानद सम्मान समारोह का आयोजन काशी हिंदी विद्यापीठ वाराणसी उत्तर प्रदेश के सहयोग से किया गया था। जिसमें दुबई, आबुधाबी और देश के कई राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, बिहार एवं झारखंड से दर्जनों प्रतिष्ठित कवियों और कवयित्रियों ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिष्ठित कवियों और कवयित्रियों ने एक से बढ़कर काव्य पाठ किया। यहां अतिथियो में कुलाधिपति सुखमंगल सिंह मंगल, कुलसचिव इंद्रजीत तिवारी निर्भीक, उप कुलपति डॉ ओमप्रकाश पांडेय निर्भय, अयोध्या के डिप्टी कमिश्नर अजय कांत सैनी, सहित पदाधिकारी काशी हिंदी विद्यापीठ वाराणसी ने भाग लिया। अतिथियो ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। मौके पर दुबई के केके मिश्रा, वाराणसी के शिव प्रकाश, ज्योत्सना जोशी, ललिता मिश्रा, प्रीतम कुमार झा, शीला तिवारी, सुधीर कुमार श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद थे। अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन में जिन कवियों ने काव्य पाठ किया और विद्या वाचस्पति मानद सम्मान से सम्मानित किया गया उनमें मुख्य रूप से हिंदी साहित्य के डॉ भगत सिंह राणा हिमाद, डॉ संगीता बिष्ट कौमुदी दीपा, छगन राज राव, बेलीराम कन्सवाल, दुर्गेश कुमार, अबुल कासिम अब्बासी, नन्दन सिंह राणा नवल, जय कृष्ण मिश्रा, सार्थक इंदु, शीला तिवारी, सत्येंद्र कुमार शर्मा, रामअवतार, सत्येंद्र नाथ साह, ज्योत्सना जोशी, ललिता मिश्रा, प्रोफेसर डॉ वाई कस्तूरी, जय प्रकाश, सूर्य प्रकाश त्रिपाठी, श्याम कुंवर भारती, हरिकेश प्रजापति, दीपक कुमार सिंह, राजेंद्र प्रसाद, रीना मिश्रा, प्रीतम कुमार झा, आचार्य रमाकांत राजभर, डॉ विभा तिवारी, अंशिका श्रीवास्तव आदि शामिल है।

### झामुमो ने फुसरो मे चलाया सदस्यता अभियान

बेरमो। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा फुसरो नगर कमेटी के द्वारा बुधवार को नगर परिषद फुसरो के वार्ड संख्या 25 मे सदस्यता अभियान चलाया गया। इस अभियान नगर प्रमुख भोलू खान व पर्यवेक्षक दीपक महतो की उपस्थिति में चलाया गया। इस अभियान के दौरान सैकड़ों लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। सभी का सदस्यता रशीद काट कर पार्टी मे शामिल कराया गया। भोलू खान तथा दीपक महतो ने कहा कि यह अभियान पॉर्टी के आलाकमान के आदेशनुसार चलाया जा रहा है। इसमें फुसरो नगर समिति को 30 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें अब तक दस हजार से अधिक सदस्य बनाये जा चुके है। शेष लक्ष्य को पूरा करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। ताकि शहर के गांव-गांव में भी झामुमो का सदस्य बन सके। प्रत्येक घर से कम से कम दो व्यक्ति को झामुमो से जोड़ने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने राज्य सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हेमंत सोरेन सरकार की मइंयां सम्मान योजना से हर घर की गरीबों को लाभ मिल रहा है, जिससे सरकार की लोकप्रियता और विश्वास में लगातार वृद्धि हो रही है। पार्टी के नीति सिद्धांत व सरकार के विकास कार्यो को जन जन तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों में सरकार के प्रति गहरी निष्ठा है और यह क्षेत्र हमेशा झामुमो का मजबूत गढ़ रहेगा। कहा कि अभियान के दौरान जो लोग सरकार के योजनाओं के लाभ से अब तक वंचित रह गये हैं उसे भी लाभ दिलवाने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर टीकू महतो, समीर शाह, मधु शाह, विनोद गंझु, सोनी खातून, अनीशा खातून, बेबी खातून, जुलेखा खातून, बसिरन खातून, अनवरी बीवी, नूर आयशा खातून उपस्थित रहे।

### रूपया छीनकर भाग रहे बाइक सवार बदमाशों ने पारा शिक्षक को मारी टक्कर, गिरफ्तार

दुमका। पुराना सीएचसी केंद्र, जरमुंडी के समीप गुरुवार को पिता-पुत्र से 50 हजार रुपये छीनकर भाग रहे अपाची पर सवार दोनों लूटेरे बदमाशों को सड़क दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने पकड़ पुलिस को सौंपा। पीड़ित करमनी राय जरमुंडी स्टेट बैंक से 50 हजार रुपए थैले में रखकर अपने पुत्र मनोज राय के साथ बाइक से पेरूवापाथर गांव लौट रहे थे। यहां बताते चलें कि छीनतई की घटना को अंजाम देने के बाद अपाची बाइक से भाग रहे दोनों बदमाशों ने एक पारा शिक्षक की मोटरसाइकिल को हड़बड़ाहट में टक्कर मार दी। पारा शिक्षक घनश्याम भंडारी, शिक्षण कार्य से अपनी बाइक पर सवार होकर बीआरसी आ रहे थे। इस घटना में पारा टीचर घनश्याम भंडारी और बिहार के कटिहार जिला के रोहतारा थाना क्षेत्र निवासी दोनों पकड़े गए। बदमाश रूपेश कुमार यादव, पिता रघु यादव एवं सुजीत कुमार यादव, पिता शंकर यादव घायल हो गए हैं। इधर, रुपए का थैला छीनतई होने पर बदमाशों का पीछा करते हुए पिता-पुत्र भी घटनास्थल पर पहुंचे।

## स्पीड न्यूज

### दुमका : हाइवा की चपेट में आने से युवक की मौत



दुमका। जिले के रानेश्वर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर बारमसिया मुख्य पथ के मुगाबीनी के समीप गुरुवार की दोपहर बाइक एवं हाईवा के आमने सामने जोरदार टक्कर होने से बाइक चालक का मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक चालक होंडा साईन एसपी बाइक नम्बर जेएच 04 एबी 6910 में सवार होकर रघुनाथपुर की ओर जा रहा था। विपरीत दिशा से बिना नम्बर का एक हाईवा आ रही थी। बताया कि हाईवा काफी तेज गति में था। दोनो वहनाओ का आमने-सामने टक्कर हो गया। टक्कर इतना जोरदार था कि बाइक चालक का सिर फट कर भेजा पथ पर बिखर गया एवं खून से लथपथ हो गया। बाइक चालक का मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गया। हाईवा चालक वाहन छोड़ कर फरार हो गया। मृतक बाइक चालक का नाम ताजुद्दीन अंसारी उम्र 22 वर्ष है। वह लकड़ाघाटी गांव का रहने वाला है। परिजन ने बताया कि ताजुद्दीन राजस्थान राज्य के अजमेर के होटल में कार्य करता था। उनके पिता का इलाज कराने के लिए घर आया था। बीते 10 दिन पहले ही उनके पिता का गंभीर बीमारी से जूझने के बाद निधन हो गया था। परिजन ने बताया कि ताजुद्दीन किसी के काम के सिलसिले से आसनबनी गया था एवं घर वापस आ रहा था। दुर्घटना का खबर परिजन एवं ग्रामीण को मिलते ही ग्रामीण एवं परिजन घटनास्थल पहुंचकर आक्रोशित हो गया। शव को उठाकर बाकाकेन्द्र मोड़ लाकर पथ पर शव को रख दिया। पथ जाम कर हाईवा मालिक को घटनास्थल बुलाने के मांग पर अड़े रहे। मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर लोरयेंस केरकेटा, रानेश्वर थाना, टोंगरा थाना एवं मसानजोड़ थाना के पुलिस बल पहुंचे। प्रशिक्षु आईएएस सह पदभार सीओ अभिनव प्रकाश एवं निवर्तमान सीओ शादां नुसरत भी मौके पर पहुचे थे। लागभग साढ़े तीन घंटा तक पथ जाम रहने के बाद दोपहर ढाई बजे के करीब हाईवा मालिक एवं परिजन के बीच समझौता होने बाद पथ जाम हटा। समाचार लिखे जाने के तक पुलिस ने बताया कि प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। युवक के दर्दनाक मौत से लकड़ाघाटी गांव में गम का माहौल है। मृतक के माता यह खबर सुनकर बार बार बेहोश हो जा रही थी। परिजन का रो-रो कर बुरा हाल है।

### इनमोसा सीसीएल सह सचिव बने हेमंत कुमार



बेरमो। सीसीएल कथारा कोलियरी मे ओवरमैन पद पर कार्यरत हेमंत कुमार को इंडियन नेशन माइन ऑफिसियल एंड सुपरवाइजरी स्टाफ एसोसिएशन (इनमोसा) सीसीएल सह सचिव बनाये गए। हेमंत कुमार ने कहा कि जो भी जिम्मेवारी संगठन ने हमें दिया है उस पर मैं हर संभव खरा उतरने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मैं अपना कार्य विश्वसनीयता से करता हूं, आगे भी करता रहूंगा। चौहान को संयुक्त सचिव सीसीएल बनाये जाने पर बेरमो कोयलांचल में खुशी की लहर है। क्षेत्र में बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। बधाइयां देने वालों में अनिल सिंह, डीपी मौर्या, पवन सिंह, तुलसी महतो, जयराम सिंह, शशांक शेखर ,आनन्द विश्वकर्मा, प्रमोद सिंह, बैजनाथ सिंह, मो नौशाद खान,बालेश्वर महतो, राजेंद्र प्रसाद मण्डल,विजय कुमार महतो ,संतोष कुमार मंडल, रमेश कुमार पासवान शामिल है।

अपराधी समीक्षा की बैठक कर दुमका एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश, कहा

# महिलाओं एवं बच्चों पर हो रहे अपराधों के नियंत्रण के लिये ठोस कदम उठायें

## सड़क दुर्घटना पर रोक को लेकर जागरूकता अभियान व कार्रवाई करने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता


समीक्षात्मक बैठक करते एसपी पितांबर सिंह खेरवार व अन्य।

**दुमका।** समाहरणालय भवन स्थित एसपी कार्यालय में अपराध समीक्षात्मक बैठक गुरूवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता एसपी पितांबर सिंह खेरवार ने किया।

बैठक में नए कानून को धरातल पर लागू करने को लेकर चर्चा हुई। खास कर अपराधों में नए साक्ष्य को लेकर कार्रवाई की दिशा में पुलिस पदाधिकारियो को आवश्यक निर्देश दिया गया। लॉंच कर्मयोगी आईपोर्ट पोर्टल के संचालन करने की जानकारी दिया गया। लंबित केसों का निष्पादन के दिशा में कार्रवाई करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश एसपी ने दिए। महिलाओं एवं बच्चों के साथ हो रहे अपराधों पर नियंत्रण करने के दिशा में ठोस पहल पर चर्चा हुई।

सड़क दुर्घटना पर रोक के दिशा में पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक पहल करते हुए जागरूकता समेत अन्य कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एसपी खेरवार ने बताया कि सड़क दुर्घटना पर रोक लगाने के लिए परिवहन विभाग के साथ मिलकर ब्लैक स्पोटर्स को चिन्हित करने के लिए टीम काम कर रही है।

चिन्हित ब्लैक स्पॉटर्स के लिए जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। परिवहन विभाग के सहयोग से जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। हाल में ही परिवहन विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा सप्ताह चलाया गया है। वाहनों के स्थल बदल-बदलकर नियमित हेमलेट, सीट बेल्ट आदि की जांच की जा रही है। एसपी ने बताया कि खास कर नाबालिग बाईक चालक एवं ट्रैक्टर चालक को लेकर सख्ती से परिवहन विभाग की सहयोग से जांच एवं कार्रवाई की जा रही है। जिससे सड़क दुर्घटना पर लगाम लगाया जा सके। एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों को आमजनों से शालीनता से पेश आने और सहयोगात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर डीएसपी इकुड़ डुंगडुंग, विजय महतो आदि मौजूद थे।

### दुमका में सीएसपी संचालक से 50 हजार रुपये की छीनतई

**दुमका।** जिले के रामगढ थाना क्षेत्र के रामगढ़-गुहियाजोरी मुख्य मार्ग पर मयूरनाथ मोड़ के पास बाइक सवार युवकों ने सीएसपी संचालक से 50 हजार रुपए की छीनतई की घटना को अंजाम दिया। बताते चलें की रामगढ़ प्रखंड स्थित जोरडीहा गांव की सीएसपी संचालक लखी रूज गुरुवार को झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक से 50 हजार रुपए निकाल कर वापस घर की ओर जा रही थी। इसी बीच अपाची बाइक पर सवार दो युवक ने सीएसपी संचालक से पैसे की छीनतई करते हुए उनका मोबाइल भी छीन लिया। हालांकि घटनास्थल से कुछ दूरी पर उनका मोबाइल झाड़ियों से बरामद कर लिया गया। मामले को लेकर सीएसपी संचालक ने रामगढ़ थाना में छीनतई की घटना का लिखित आवेदन दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय प्रशासन रेस हो गई है। सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में जुटी है। जिससे अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ा जा सके।

# हेमंत सरकार अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने को कटिबद्ध : श्वेता



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने बोकारो विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चितामी ग्राम के निवासी संजय महतो को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत ट्रैक्टर ऋण प्रदान किया और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। सिंह ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का लक्ष्य रखा है जिसके तहत विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। सरकार के द्वारा यह ऋण की सहायता से लोग सबल तो ही रहे हैं साथ ही साथ रोजगार के प्रति समर्पित हैं और पूरी निष्ठा से मेहनत कर अपने जीवन को खुशहाल बना रहे हैं। इस कदम से न केवल उनके जीवन में कृषि का स्तर बढ़ रहा है अपितु आधुनिक मशीनों से कृषि के कार्यों में सुलभता भी मिल रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर प्रतिबद्ध हैं और हमेशा से यह प्रयास करते हैं कि क्षेत्र में लगातार युवा व किसान और महिलाओं के लिए नए-नए रोजगारों का सृजन होता रहे जिसके कारण जनता आत्मनिर्भर और समृद्ध बन सके। तभी जाकर हमारा राज्य और बोकारो विधानसभा का विकास सुनिश्चित हो पाएगा।

# हिजला मेला महोत्सव की तैयारियों का डीसी ने लिया जायजा

## 21 से 28 फरवरी तक आयोजित होगा मेला

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक करते डीसी ए दोड्डे व अन्य।

**दुमका।** राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव की तैयारियों को लेकर हिजला मेला परिसर में बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी ए दोड्डे ने किया। बैठक में 21 से 28 फरवरी तक आयोजित होने वाली हिजला मेला के सफल आयोजन पर चर्चा किया गया। बैठक में जानकारी दी गयी कि कृषि विभाग की तरफ से किसान मेला का आयोजन किया जा है है।

सब्जी, फसल का प्रदर्शनी लगाया जाएगा। ट्राइबल फूड स्टॉल लगाया जाएगा। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विभाग की योजनाओं से संबंधित जानकारी पूरे मेला अवधि के दौरान आने वाले लोगों को दी जायेगी। इस दौरान उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम, मेला का उदघाटन एवं मेला के समापन के दौरान की तैयारियों को लेकर संबंधित समिति को आवश्यक निदेश दिया। भवन निर्माण विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि रंग रोगन का कार्य किया जा रहा है। सभी कार्य को ससमय पूरा कर लिया जाएगा। पूरे मेला परिसर में 4 हाई मास्ट लाइट अधिष्ठापित कर दिया गया है। निर्देश दिया कि मेला परिसर के साथ साथ मेला के सभी पहुंच पथ पर पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभाग को मेला पहुंच पथ को भी दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

जिससे आने वाले लोगों को कठिनाई नहीं हो। जानकारी दी गई कि विभिन्न सरकारी विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे। जिससे मेला में आने वाले लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया जा सके एवं योजनाओं को लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जा सके। डीसी ने कहा कि मेला परिसर के साथ साथ महत्वपूर्ण स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। आवश्यकता अनुसार सीसीटीवी कैमरे को लेकर स्थल का चयन कर लिया जाय। उन्होंने सभी विभाग को अपने अपने कार्य को ससमय पूर्ण कर लें। पुलिस बल एवं दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति महत्वपूर्ण पॉइंट पर किया जाये। शौचालय पेयजल की बेहतर व्यवस्था रहे। किसी प्रकार की कोई विपरीत स्थिति उत्पन्न नहीं हो इसे सभी मिलकर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# चिन्मया विद्यालय में जेईई मेंस फेज- 1 में सफल छात्रों को किया गया सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय बोकारो में जेईई मेंस फेज 1 में सफल छात्रों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया।

ज्ञात हो कि चिन्मय विद्यालय बोकारो के 68 छात्रों ने सफलता प्राप्त की है। चिन्मय विद्यालय ने छात्रों के लिए आज विशेष रूप से आयोजित समारोह में सभी को मीठाई खिलाकर सम्मान दिया गया और फेज-2 एवं एडवांस में बेहतर प्रदर्शन के लिए मार्गदर्शन किया गया। मौके पर प्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि अभी सामने बोर्ड परीक्षा-मेंस- एडवांस परीक्षा पर ध्यान केंद्रित कर पढ़ाई करनी चाहिए। अभी हमें अपने सुनहरे पल को अपनी मेहनत और एकाग्रता से और अधिक सुसज्जित करे। तन मन को स्वस्थ रखना है। चिन्मय विद्यालय के 68 से अधिक बच्चों ने 90 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किये। सभी सफल छात्रों को सचिव महेश त्रिपाठी प्राचार्य सूरज शर्मा उप प्राचार्य नरमेंन्द्र कुमार सहित वरीय शिक्षको प्रफुल्ल कुमार सिंह अजय कुमार सिंह कुमोद रंजन सिंह देवज्योति बराल अशोक चौबे राजकुमार चंदन कुमार सिंह एवं अन्य शिक्षको ने ढेरो शुभकामनाए दीं।

# रविदास जयंती पर स्कूली बच्चों में पाठ्य सामग्रियों का वितरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** जन कल्याण सामाजिक संस्था द्वारा संचालित बिरसा मुंडा निःशुल्क विद्यालय में संत रविदास जयंती मनाई गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगेंद्र प्रसाद कुशवाहा रहे। रविदास जयंती के अवसर पर विद्यालय के बच्चों के बीच बोकारो क्लब के विक्रम की ओर से लेखन सामग्री व बच्चों व अभिभावकों के लिए खाने का पैकेट का वितरण किया गया। सभी ने संत रविदास जी को याद कर नारे लगायेऔर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया।

कार्यक्रम में संस्थापक परशुराम राम के अलावा हरि शंकर प्रसाद सोनी गुड़िया देवी विजय कुमार बबीता कुमारी शंकर रजक शशि शेखर अजय कुमार उर्मिला देवी आदि उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### वक्फ बिल पर पर ...

**जगदंबिका पाल का विपक्ष पर निशाना :** वक्फ (संशोधन) विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष और भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने कहा, विपक्ष ने बात उठायी और गृह मंत्री ने खड़े होकर कहा कि हमें कोई ऐतराज नहीं है। विपक्ष की चिंताओं को रिपोर्ट में खंड दर खंड शामिल कर लिया जाये, इसके बाद विरोध किया गया। क्या यह लोकतंत्र के खिलाफ नहीं है। सपा सांसद इकरा हसन ने कहा, बहुत सारी कमेटी होती है जो अपने हिसाब से काम करती है, उन पर कब्जा करना बहुत गलत है। जैसे वक्फ बोर्ड पर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है, वह बहुत गलत है। वहीं एआइएमआइएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, वक्फ संशोधन बिल असंवैधानिक है। ये वक्फ बचाने की नहीं, बल्कि मुस्लिमों से वक्फ को छीनने के लिये है।

### नया आयकर बिल पेश ...

क्यों जरूरी पड़ा : मौजूदा इनकम टैक्स अधिनियम कई दशकों पुराना होने के कारण तकनीकी रूप से जटिल और व्यवहारिक रूप से बोझिल हो गया था। इसमें समय-समय पर बदलाव किए गये, लेकिन यह आज की डिजिटल और आधुनिक अर्थव्यवस्था के लिए पूरी तरह से अनुकूल नहीं था। इसलिए, सरकार ने टैक्स सिस्टम को सरल बनाने, टैक्सपेयर्स को राहत देने और अनुपालन प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए नए इनकम टैक्स बिल 2025 को पेश किया है।

**स्लैब भी संशोधित :** 0 - 4 लाख कोई टैक्स नहीं। 4 - 8 लाख फीसदी। 8 - 12 लाख 10 फीसदी। 12 - 16 लाख 15 फीसदी। 16 - 20 लाख 20 फीसदी। 20 - 24 लाख 25 फीसदी। 24 लाख से अधिक 30 फीसदी। इससे पहले नो-टैक्स सीमा 7 लाख रुपये थी, जिसे बढ़ाकर 12 लाख रुपये कर दिया गया है। मध्यम वर्ग को बड़ी राहत मिलेगी।

### आज आयेंगी राष्ट्रपति ...

सीके बिड़ला गुरुवार को ही पहुंच चुके हैं। उन्होंने बीआईटी मेसरा विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। वह अपने परिजनों के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लेने रांची आये हुए हैं। संस्थान ने वैज्ञानिकों, उद्यमियों और उद्योग जगत के लीडर्स को विकसित करने में मुख्य भूमिका निभाई है। एरोस्पेस, इनफोर्मेशन टेक्नोलॉजी और हेल्थकेयर में उत्कृष्ट योगदान के साथ संस्थान ने भारत की प्रगति में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

### एनपीयू भवन निर्माण...

वहीं छात्र संगठन से जुड़े कुछ लोगों ने मुझे यह भी बताया कि निर्मित भवन की दीवार में हल्की दरारे भी आ गयी है। छात्र संगठन सवाल उठा रहे हैं कि बिना सुविधाओं तथा प्राक्कलन में उल्लेखित कार्यों का सत्यापन किए बिना कुलसचिव के द्वारा भवन का हैंडओवर क्यों लिया गया। भवनों के निर्माण में करीब 350 करोड़ रुपये से अधिक का खर्च आने वाला है।

भवन निर्माण के औचित्य पर भी सवाल : जानकारी के अनुसार विश्वविद्यालय के भवनों के निर्माण में करीब 350 करोड़ रुपये से अधिक का खर्च आने वाला है। भवनों तथा आवास इत्यादि के निर्माण के पूर्व पेयजल की उपलब्धता सुनिक्षित किये बिना इतने विशाल भवन के निर्माण का क्या औचित्य था। यह तो जांच के उपरांत ही पता चलेगा कि विश्वविद्यालय का निर्माण मानक के अनुरूप किया गया है या नहीं। जिस तरह कुलसचिव ने आनन-फानन में भवन को हैंडओवर कर लिया, इससे इस उनकी भूमिका संदेहास्पद प्रतीत होती है। मेरे दृष्टिकोण से नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के निर्मित भवनों की गुणवत्ता की जांच कराना आवश्यक है।

## स्पीड न्यूज

### शास्त्रीय गायक पंडित प्रभाकर का निधन

**मुंबई ।** जाने-माने हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायक पंडित प्रभाकर कारेकर का मुंबई में निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे। कारेकर के परिवार ने बताया कि गायक पिछले कुछ समय से बीमार थे और उन्होंने शिवाजी पार्क इलाके में स्थित अपने आवास में बुधवार रात अंतिम सांस ली। गोवा में जन्मे कारेकर ने बोलावा विट्ठल पहावा विट्ठल और वक्रतुंड महाकाय को अपनी सुरीली आवाज में गाया। वह एक उत्कृष्ट गायक और एक बहुत अच्छे शिक्षक थे। वह आकाशवाणी और दूरदर्शन के एक ग्रेडेड कलाकार थे। उन्हें तानसेन सम्मान, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार और गोमंत विभूषण पुरस्कार सहित कई पुरस्कारों से नवाजा गया। कारेकर ने ऑर्नेट कोलमैन और सुल्तान खान के साथ फ्यूजन संगीत में भी हाथ आजमाया था। उनके तीन बेटे हैं।

### पद्मश्री लोक गायिका बोम्मागौड़ा नहीं रहीं

**कारवार।** पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध लोक गायिका सुकरी बोम्मागौड़ा का गुरुवार तड़के अंकोला तालुक के बडिगेरी स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। वह 91 वर्ष की थीं। गायिका को कर्नाटक की आदिवासी संगीत परंपराओं में योगदान के लिए जाना जाता है और वह उम्र संबंधी बीमारियों से पीड़ित थीं।

### पुणे में जीबीएस से एक और की मौत

**मुंबई।** खडकवासला में गुलियन बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) पीड़ित एक और मरीज की मौत हो गई है। जीबीएस से राज्य में अब तक मरने वालों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। राज्य के विभिन्न अस्पतालों में से 54 मरीज आईसीयू में इलाज करा रहे हैं, जबकि 20 वेंटिलेटर पर हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि खडकवासला क्षेत्रवासी 59 वर्षीय व्यक्ति की जीबीएस से मौत हो गई है। इस मरीज को 10 फरवरी को इलाज के लिए नवले अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### आकांक्षी जिलों की रैंकिंग में औरंगाबाद बिहार में अव्वल

**औरंगाबाद।** नीति आयोग की ओर से जारी ताजा आकलन में औरंगाबाद जिले ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत बिहार में पहला स्थान प्राप्त किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए नीति आयोग ने औरंगाबाद जिले को दस करोड़ रुपये का अतिरिक्त आवंटन दिया है। नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बिहार के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर औरंगाबाद की इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री को सम्मानित करने और उन्हें बेहतर सेवा प्रविष्टि देने की अनुशंसा की है। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत जिलों का मूल्यांकन स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, बुनियादी ढांचे और वित्तीय समावेशन जैसे मानकों पर किया जाता है।

### आचार्य सत्येंद्र दास को दी गयी जल समाधि

**अयोध्या।** श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास के पार्थिव शरीर को गुरुवार को सरयू नदी में जल समाधि दी गई। पुजारी की अंतिम यात्रा उनके रामघाट स्थित सत्यगोपाल धाम मंदिर से गाजे-बाजे संग निकाली गई। जो रामनगरी के मार्गों से होते हुए सरयू नदी के किनारे शमशान घाट पहुंची। जहां पुजारी सत्येंद्र दास को सरयू में जल समाधि दी गई। राम मंदिर गेट से लेकर हनुमानगढ़ी, लता मंगेशकर चौक तक अंतिम यात्रा निकाली गयी, जिसमें अयोध्यावासियों के साथ साधु संत के अलावा मंत्री सतीश शर्मा, महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामदिनेशाचार्य, पूर्व सांसद रामविलास दास वेदांती, श्रीमहंत धर्मदास, महंत गौरीशंकर दास, नाका हनुमानगढ़ी महंत रामदास, अयोध्या विधायक वेदप्रकाश गुप्ता, महंत राघवेश दास वेदांती, महंत भूषण दास, महंत जयराम दास, महंत माधवदास, महंत रामकरन दास व अन्य उपस्थित थे

# ओबराय व विक्की और सिंधिया ने संगम में लगायी डुबकी

## महाकुंभ में फिल्मी सितारों का जमघट, योगी हुये मुरीद

एजेंसी

**महाकुम्भनगर।** गंगा-यमुना-सरस्वती का पवित्र त्रिवेणी संगम महाकुम्भ के दौरान न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए धरती के सबसे बड़े केंद्र के तौर पर उभरा है। महाकुम्भ में यूं तो हर दिन ही कोई न कोई प्रख्यात शख्सियत संगम पर डुबकी लगाकर खुद को धन्य मानती रही हैं, मगर गुरुवार का दिन कई मायनों में विशिष्ट रहा। इस दिन फिल्म जगत के बड़े कलाकार विवेक ओबराय व विक्की कौशल ने संगम में डुबकी लगाई। साथ ही महाराष्ट्र की फायरब्रांड नेत्री और पूर्व एक्ट्रेस नवनीत राणा ने भी संगम में स्नान किया। इससे पूर्व, प्रसिद्ध ड्रमर शिवमणि, महाभारत में दुर्योधन का कैरेक्टर प्ले करने वाले पुनीत इस्सर व फेमस मेंटलिस्ट सुहानी शाह समेत कई कलाकार महाकुम्भ के महाआयोजन का हिस्सा बनकर खुद को धन्य माना। केंद्रीय मंत्री



ज्योतिराजे सिंधिया ने भी किया स्नान। शुक्रवार को शिवाजी महाराज के पुत्र सम्भाजी महाराज की जीवनी पर आधारित फिल्म छावा की रिलीज के पहले गुरुवार को एक्टर विक्की कौशल ने तीर्थराज प्रयागराज पहुंचकर संगम में पवित्र डुबकी लगाई और फिल्म की सफलता की कामना की। विक्की कौशल गुरुवार को दोपहर अरैल घाट से क्रूज में सवार होकर संगम स्थल गए, जहां उन्होंने पवित्र डुबकी लगाई। उन्होंने मीडिया को दिए संक्षिप्त इंटरव्यू में महाकुम्भ का हिस्सा बनने के लिए खुद को सौभाग्यशाली बताते हुए कहा कि वह कई दिन से इस अवसर की प्रतीक्षा में थे और आज जाकर उनकी यह इच्छा पूरी हो सकी। उन्होंने सीएम योगी और स्थानीय प्रशासन द्वारा महाकुम्भ के आयोजन और व्यवस्थाओं को लेकर भी हर्ष जताते हुए इसे असाधारण करार दिया। गुरुवार को ही एक्टर विवेक ओबराय भी परमार्थ निकेतन के शिविर में पहुंचे और सपरिवार उन्होंने संगम में डुबकी लगाते हुए इस पूरे अनुभव को अभूतपूर्व करार दिया। उन्होंने कहा कि पूरा वातावरण आध्यात्मिक उन्नति और शांति से ओतप्रोत है। महाकुंभ को सफल बनाने के लिए सीएम योगी की उन्होंने जमकर तारीफ की।

## नवनीत राणा, शिवमणि व पुनीत समेत कई सितारों ने किया स्नान

इससे पूर्व महाराष्ट्र की फायरब्रांड नेता नवनीत राणा ने भी पवित्र संगम में स्नान कर इस अवसर को सनातन के लिए सकारात्मक क्षण बताया। स्थानीय प्रशासन और योगी सरकार की तारीफ की। साथ ही कहा कि सबसे ज्यादा महाकुम्भ में युवा पीढ़ी स्नान करने आ रही है जो सनातन की गहरी जड़ों और उज्ज्वल भविष्य का द्योतक है। इसके साथ ही, परमार्थ निकेतन के ही महाकुम्भ स्थित शिविर में फेमस ड्रमर शिवमणि ने भी मंत्रमुग्ध कर देने वाले संगीत की उपस्थिति देकर समां बांध दियाा। उनसे पूर्व बीआर चोपड़ा कृत महाभारत में दुर्योधन के कैरेक्टर के लिए फेमस हुए एक्टर पुनीत इस्सर व फेमस मेंटलिस्ट सुहानी शाह भी आस्था के महाकुम्भ का साक्षात्कार कर चुके हैं। पिछले दो दिनों में पंकज त्रिपाठी व सुनील शेट्टी जैसे दिग्गजों समेत कई कलाकार महाकुम्भ में डुबकी लगाकर खुद को धन्य बता चुके हैं।

# बिहार में गांव की 11251 सड़कें होंगी चकाचक

## मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के तहत होगा सुद्दढ़ीकरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार के सभी जिलों की ग्रामीण सड़कों की सूरत करीब 17 हजार करोड़ रुपये से संवारी जाएगी। राशि से इन सड़कों का सुद्दढ़ीकरण एवं प्रबंधन किया जाएगा। गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में ग्रामीण सड़कों के उन्नयन की योजना स्वीकृत की गई। आज की बैठक में कुल 51 प्रस्ताव पारित किए गए।

मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कैबिनेट के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने बताया कि मंत्रिमंडल ने आज की बैठक में मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के तहत 37 जिलों की ग्रामीण सड़क सूद्दढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत 19,867 किलो मीटर की लंबाई में सात वर्षों के लिए सड़कों का सृद्दढ़ीकरण एवं प्रबंधन होगा। सभी जिलों को मिलाकर योजना के दायरे में आए पथों की संख्या 11,251 है। इन सड़कों के लिए कुल 17,266 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

डॉ. सिद्धार्थ ने बताया कि खगड़िया जिले की ग्रामीण सड़कों के उन्नयन का प्रस्ताव पूर्व की मंत्रिमंडल की बैठक में स्वीकृत किया जा चुका है।

अकेले खगड़िया जिले में सड़कों की कुल संख्या 170 है। जिनके लिए 156.58 करोड़ रुपये से खर्च होंगे।

### कैबिनेट का फैसला

- इन पथों की कुल लंबाई 19867 किमी, सर्वाधिक सड़कें गया जिले की
- 17 हजार 266 करोड़ रुपये से दुरुस्त होंगी गांव की सड़कें

### इमामगंज सलैया सड़क का होगा चौड़ीकरण

**गया।** बिहार-झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्र इमामगंज सलैया सड़क मार्ग के आसपास रहने वाले 100 से अधिक गांव के लोगों को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक बड़ी सौगात देकर गए हैं। इमामगंज सलैया सड़क मार्ग की लंबाई करीब 25 किलोमीटर है, जो बिहार के गया को झारखंड के चतरा और पलामू जिले से जोड़ने का काम करती है। वहीं, लोगों की परेशानी को देखते हुए नीतीश कुमार गुरुवार को प्रगति यात्रा के दौरान इमामगंज पहुंचे और समस्या का निदान करते हुए इमामगंज सलैया सड़क मार्ग के चौड़ीकरण की घोषणा की। चौड़ीकरण होने से बिहार और झारखंड की 2 लाख आबादी को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही यह मार्ग बनने से आवागमन भी सुलभ और सरल हो जाएगा। बेफिक्र होकर लोग इमामगंज सलैया मार्ग पर चलेंगे।

**शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के पूर्व मिलेगी पोशाक की राशि:** मंत्रिमंडल ने आज की बैठक में यह प्रस्ताव स्वीकृत किया है कि सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को सत्र प्रारंभ होने के पूर्व पोशाक की राशि दे दी जाएगी। शिक्षा विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बालिका-बालक पोशाक योजना, बिहार शताब्दी मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना के तहत पात्र विद्यार्थियों को पोशाक के लिए राशि दी जाती है। अब शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अप्रैल महीने में ही पोशाक की राशि हस्तांतरित कर दी जाएगी। योजना के दायरे में प्रारंभिक विद्यालय के विद्यार्थियों के समेत अन्य विद्यार्थी आएंगे।




बिहार के गया में प्रगति यात्रा के दौरान सीएम नीतीश कुमार का स्वागत करतीं महिलाएं।

# बिहार में नीतीश के नेतृत्व में विस चुनाव लड़ेगी भाजपा

**नयी दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू नेता नीतीश कुमार की अगुवाई में भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेगी। भाजपा के उच्च अधिकारियों के मुताबिक, नीतीश कुमार ही एनडीए का चेहरा होंगे। फिलहाल, बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार चल रही है और भाजपा ने साफ कर दिया है कि चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा। पहले नीतीश कुमार ने आरजेडी के साथ मिलकर सरकार बनाई थी, लेकिन बाद में वह भाजपा के साथ आ गए। वर्तमान में, राजद विपक्ष में है।

## जिलों का दौरा कर रहे हैं मुख्यमंत्री

नीतीश कुमार ने बिहार में यात्रा शुरू की है। वह राज्य के विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं, जहां वे विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन कर रहे हैं। वह विभिन्न विभागों के विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं।

# भारतीय मूल के कपूर को ट्रंप ने सौंपी अहम जिम्मेवारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पॉल कपूर को दक्षिण एशियाई मामलों के प्रमुख राजनयिक के रूप में नामित किया है। भारतीय मूल के पॉल कपूर इस समय यूनाइटेड स्टेट्स नेवल पोस्ट ग्रेजुएट स्कूल के राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के विभाग में प्रोफेसर हैं। विल्सन सेंटर में दक्षिण एशिया संस्थान के निदेशक माइकल कुगेलमैन ने एक्स पर यह जानकारी साझा की। उन्होंने कहा है कि दक्षिण एशियाई सुरक्षा के विद्वान पॉल कपूर को राष्ट्रपति ट्रंप ने डोनाल्ड लू की जगह लेने के लिए नामित किया है। कपूर अमेरिका-भारत साझेदारी के प्रबल समर्थक और पाकिस्तान के कठोर आलोचक हैं। अगर सीनेट से मंजूरी मिल जाती है तो वह डोनाल्ड लू की जगह लेंगे। अमेरिकी विदेश विभाग ने जनवरी में पुष्टि की थी कि दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू का कार्यकाल 17 जनवरी, 2025 को समाप्त हो गया है। दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों का ब्यूरो अमेरिका की विदेश नीति के अलावा अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, कजाकिस्तान, किर्गिजस्तान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, ताजिकिस्तान, तुर्केमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान से जुड़े मामलों को देखता है। इससे पहले उन्होंने वर्ष 2020-21 के दौरान अमेरिकी विदेश विभाग के नीति नियोजन कर्मचारी के रूप में सेवाएं दी। इस विभाग में कपूर दक्षिण और मध्य एशिया, हिंद-प्रशांत रणनीति और अमेरिका-भारत संबंधों से जुड़े मामलों पर काम कर चुके हैं। वह 'इंडिया, पाकिस्तान एंड द बमः डिबेटिंग न्यूक्लियर स्टेबिलिटी इन साउथ एशिया' के सह लेखक और 'द चैलेंजेज ऑफ न्यूक्लियर सिक्योरिटीः यूएस एंड इंडियन पर्सपेक्टिव्स' के सह संपादक भी हैं।

**अमेरिका के राष्ट्रपति ने पॉल कपूर को दक्षिण एशियाई मामलों के प्रमुख राजनयिक के रूप में नामित किया**



# महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष बने हर्षवर्धन

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हर्षवर्धन सपकाल को तत्काल प्रभाव से महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी ने निवर्तमान अध्यक्ष नाना पटोले के योगदान की सराहना की है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी दी। नए प्रदेश अध्यक्ष बुलढाणा के पूर्व विधायक सपकाल (57) लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के करीबी माने जाते हैं। सपकाल कई वर्षों से पार्टी के संगठनात्मक तंत्र का हिस्सा रहे हैं। वे कांग्रेस से जुड़े राजीव गांधी पंचायत राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, जो स्थानीय स्वशासन के सशक्तीकरण के लिए काम करता है।

# संकट में ओली सरकार

**काठमांडू।** ओली सरकार के अध्यादेश का विरोध करने वाले सत्तारूढ़ गठबंधन दल के नेताओं ने अब सरकार छोड़ने तक की चेतावनी दे दी है।ओली सरकार का समर्थन कर रहे लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी (लोसपा), जनमत पार्टी और नागरिक उन्मुक्ति पार्टी ने सरकार पर भूमि संबंधी अध्यादेश को वापस लेने के लिए दबाव बना दिया है। तीन सहयोगी दलों की इस धमकी के बाद सरकार की मुश्किलें बढ़ गईं हैं। सरकार को बाहर से समर्थन कर रहे जनता समाजवादी पार्टी ने अध्यादेश के विरोध में मतदान करने का फैसला लेने के बाद अब चौबीस घंटे के भीतर सरकार छोड़ने तक की चेतावनी दे दी है। ओली सरकार का समर्थन कर रहे लोसपा ने बाकायदा बयान जारी करके इस अध्यादेश के विरोध में मतदान करने की बात कही है।

लोसपा के अध्यक्ष महंथ ठाकुर ने पार्टी से मंत्री को किसी भी समय पद से इस्तीफा देने के लिए तैयार रहने को कहा है।

## नेपाल में अध्यादेश को लेकर तीन सहयोगी दलों ने दी सरकार छोड़ने की चेतावनी

# लगातार सातवें दिन गिरा शेयर बाजार

एजेंसी

**मुंबई ।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर अडानी पोर्ट्स, इंफोसिस, टीसीएस और एसबीआई समेत चौदह दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाजार लगातार सातवें दिन गिरावट पर रहा। निवेशकों की निगाहें देर रात वॉशिंगटन डीसी में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मीटिंग पर हैं और इसमें होने वाले निर्णयों का असर शुक्रवार को बाजार में देखने को मिल सकता है।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 32.11 अंक उतरकर 76,138.97 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 13.85 अंक फिसलकर 23,031.40 अंक रह गया। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा, जिससे बीएसई का मिडकैप 0.07 प्रतिशत बढ़कर 40,788.11 अंक पर पहुंच गया जबकि स्मॉलकैप 0.43 प्रतिशत गिरकर 46,933.69 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4074 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2089 में गिरावट जबकि 1858 में तेजी रही वहीं 127 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 27 कंपनियों में बिकवाली जबकि 23 में लिवाली हुई। बीएसई के 11 समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इससे सीडी 0.06, ऊर्जा 0.30, एफएमसीजी 0.66, इंडस्ट्रियल्स 0.16, आईटी 0.93, ऑटो 0.33, बैंकिंग 0.12, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.44, तेल एवं गैस 0.34, टेक 0.64 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.98 प्रतिशत लुढ़क गए। वहीं, हेल्थकेयर 0.50, दूरसंचार 0.25, धातु 1.26 और रियल्टी समूह के शेयर 0.72 प्रतिशत चढ़ गए। वैश्विक स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान जर्मनी का डैक्स 1.22 और जापान का निक्केई 1.28 प्रतिशत मजबूत रहा वहीं ब्रिटेन का एफटीएसई 0.81, हांगकांग का हैंगसेंग 0.20 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.42 प्रतिशत गिर गया।

## सेंसेक्स 32 और निफ्टी 16 अंक फिसला



## ट्रंप-मोदी की बैठक पर निवेशकों की निगाहें

### ये हैं टॉप गेनर्स और लूजर्स

सेंसेक्स पैक में टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, सन फार्मा, बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक, जोमैटो, इंडसइंड बैंक, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी और एक्सिस बैंक टॉप गेनर्स थे। इन्फोसिस, टीसीएस, एसबीआई, टाइटन, नेस्ले, एचसीएल टेक, एलएंडटी, एचडीएफसी बैंक, एचयूएल और आईसीआईसीआई टॉप लूजर्स थे।

# अमेरिका से इस सप्ताह 180 और अवैध भारतीयी प्रवासियों की होगी वापसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका जल्द ही दूसरे चरण में 170 से 180 भारतीय प्रवासियों को देश से निर्वासित (डिपोर्ट) करने जा रहा है। यह कदम उन प्रवासियों के खिलाफ उठाया गया है, जो अवैध रूप से डंकी रूट्स या अन्य गैरकानूनी तरीकों से अमेरिका पहुंचे थे और पिछले एक से तीन वर्षों से वहां रह रहे थे। हालांकि अभी तक किसी भारतीय अधिकारी ने इसकी पुष्टि नहीं की है, लेकिन अमेरिकी प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक, इस सप्ताह के भीतर यह प्रक्रिया पूरी हो सकती है। पहले 104 भारतीय प्रवासियों को अमेरिका से वापस भेजा गया था, जो अमृतसर के श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे थे। हालांकि, दूसरे चरण में यह प्रवासी कहां उतरेंगे अभी इस बारे में जानकारी नहीं है। इन भारतीयों की वापसी उस समय हो रही है जब भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका यात्रा पर हैं। वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे।

